राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 127
लखनऊ, बुधवार 07 जनवरी 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- रू 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



पंचायतों में सशक्त महिलायें ही विकास की असली ताकत : ओमप्रकाश राजभर 03

जांच के घेरे में सकरन बीडीओ, नौ को खुलेगी सादे बाउचर घोटाले की परतें 8

# योगी कैबिनेट में 13 प्रस्तावों पर मुहर

## बड़े निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से 3,000 करोड़ या उससे अधिक के निवेश पर मिलेगा विशेष प्रोत्साहन

**यूपी के मूल निवासियों के लिए 100 प्रतिशत ईपीएफ प्रतिपूर्ति, 10 वर्षों तक प्रति यूनिट 2 रुपए बिजली बिल में छूट**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में चौदह प्रस्ताव पेश हुए जिनमें से 13 प्रस्तावों पर कैबिनेट की मुहर लग गई। कैबिनेट ने प्रदेश के औद्योगिक विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दी। राज्य सरकार द्वारा जनवरी 2024 में लाई गई सेमीकंडक्टर नीति के तहत बड़े निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से 3,000 करोड़ या उससे अधिक के निवेश पर विशेष प्रोत्साहन देने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश सरकार में वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कैबिनेट में कुल 14 प्रस्ताव रखे गए, जिसमें 13 को स्वीकृति प्रदान की गई।

सुरेश खन्ना ने बैठक के बाद बताया कि अमेरिका, यूरोप, जापान और ताइवान जैसे देशों में सेमीकंडक्टर का निर्माण बड़े पैमाने पर हो रहा है। भारत और विशेष रूप से उत्तर प्रदेश को इस उभरते उद्योग का बड़ा केंद्र बनाने के लिए योगी सरकार ने केस-टू-केस आधार पर प्रोत्साहन देने की स्वीकृति दी है। इसके तहत सेमीकंडक्टर इकाइयों को ब्याज सब्सिडी, कर्मचारी लागत प्रतिपूर्ति, 10 वर्षों तक नेट एसजीएसटी में छूट, यूपी के मूल निवासियों के लिए 100 प्रतिशत ईपीएफ प्रतिपूर्ति अधिकतम 2,000 रूप प्रतिमाह जल मूल्य में छूट और 10 वर्षों तक प्रति यूनिट 2 रूपये बिजली बिल में छूट दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस नीति का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश और रोजगार के अवसर सृजित करना है। कैबिनेट बैठक में टनकपुर रोड पर मुख्यालय के पास एक नवीनतम बस स्टेशन की स्थापना को मंजूरी दी गई है। यह बस स्टेशन राजस्व विभाग की 1.317 हेक्टेयर भूमि पर बनाया जाएगा, जिसे राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश परिवहन निगम को 30 वर्षों की लीज पर देने का निर्णय लिया है, जिसे 90 वर्ष तक के लिए बढ़ाया जा सकेगा। नए बस स्टेशन के निर्माण से उत्तराखंड और नेपाल जाने वाले यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि बस स्टेशन का निर्माण कार्य दो वर्षों के भीतर पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। योगी कैबिनेट ने बनारस के शिव प्रसाद गुप्ता एसएसपीजी मंडलीय जिला चिकित्सालय परिसर में पहले से मौजूद 11 जर्जर और निष्प्रयोज्य भवनों को ध्वस्त कर 500 शैय्या वाला मल्टी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाए जाने को मंजूरी दे दी है। यह अस्पताल 315 करोड़ 48 लाख रुपये की लागत से बनाया जाएगा और इसका निर्माण कार्य चार वर्षों में पूरा किया जाएगा। इस परियोजना में 60 प्रतिशत धनराशि केंद्र सरकार लगभग 189 करोड़ रुपये और 40 प्रतिशत राज्य सरकार लगभग 126 करोड़ रुपये द्वारा वहन की जाएगी।



### क्षेत्रीय अधिकारी के रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया में बदलाव

कैबिनेट ने खेल विभाग में क्षेत्रीय अधिकारी के रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया में संशोधन को भी मंजूरी दी। विभाग में कुल 18 पद स्वीकृत हैं। पहले व्यवस्था थी कि 50 प्रतिशत पद पदोन्नति से और 50 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों से भरे जाएंगे। मंत्रिपरिषद के निर्णय के अनुसार दो-तिहाई 12 पद पदोन्नति से और एक-तिहाई 6 पद अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स से भरे जाएंगे। इससे अनुभवी अधिकारियों और उत्कृष्ट खिलाड़ियों दोनों को अवसर मिलेगा।

### अपने को व्यावसायिक प्रॉपर्टी देने के लिए देने होंगे 5000 रुपये

उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने ग्रामीण ही नहीं, बल्कि शहरी क्षेत्रों में स्थित व्यावसायिक गतिविधियों वाली निजी संपत्तियों को भी पारिवारिक सदस्यों के नाम ''दान'' करने पर स्टांप शुल्क पांच हजार रुपये निर्धारित करने के प्रस्ताव को मंगलवार को मंजूरी दे दी। प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय शुल्क मंत्री रवींद्र जायसवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए इस निर्णय की जानकारी देते हुए संवाददाताओं को बताया कि 2022 से पहले यदि कोई व्यक्ति परिवार के रिश्तों में जैसे भाई, पत्नी, बेटा, बेटी, दामाद, पोता-पोती या नाती-नातिन को अपनी संपत्ति ''दान'' करता था, तो उसे पूरे सर्किल रेट के बराबर स्टांप शुल्क देना पड़ता था। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में सरकार ने यह व्यवस्था की थी कि इन पारिवारिक रिश्तों को संपत्ति ''दान'' करने पर केवल पांच हजार रुपये स्टांप शुल्क लिया जाएगा, लेकिन यह सुविधा केवल आवासीय और कृषि संपत्तियों तक सीमित थी। जायसवाल ने कहा, यदि किसी मकान में दुकान, आटा चक्की या कोई अन्य व्यावसायिक गतिविधि संचालित होती थी, तो उसे स्टांप अधिनियम के तहत वाणिज्यिक संपत्ति माना जाता था और उस पर यह छूट लागू नहीं होती थी। आज मंत्रिमंडल ने इस संबंध में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया है। उन्होंने बताया कि अब व्यावसायिक गतिविधियों वाली निजी संपत्तियों को भी पत्नी, बेटा, बेटी, भाई, बहन, नाती-पोते या अन्य अर्ह पारिवारिक सदस्यों के नाम ''दान'' करने पर केवल पांच हजार रुपये स्टांप शुल्क लिया जाएगा।

### पुराने और जर्जर आवासीय भवनों को ध्वस्त करने की अनुमति

कैबिनेट ने 37वीं वाहिनी पीएसी, कानपुर के पुराने और जर्जर आवासीय भवनों को ध्वस्त करने की अनुमति भी प्रदान की है। ध्वस्तीकरण के बाद वहां टाइप-वन स्पेशल के 108 नए आवास बनाए जाएंगे, जिससे पीएसी जवानों को बेहतर आवासीय सुविधाएं मिल सकेंगी। कैबिनेट ने नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी, गांधीनगर, गुजरात के वाराणसी में ऑफ-कैंपस की स्थापना के लिए 50 एकड़ भूमि नि:शुल्क उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी। यह भूमि तहसील राजा तालाब, वाराणसी क्षेत्र में स्थित है, जिसे पशुधन विभाग से 99 वर्षों की लीज पर विश्वविद्यालय को दी जाएगी। कैंपस खुलने से फॉरेंसिक साइंस, साइबर क्राइम वआपराधिक जांच के क्षेत्र में प्रदेश को बड़ी शैक्षणिक और तकनीकी मजबूती मिलेगी।

## योगी कैबिनेट ने फिरोजाबाद की जेएस यूनिवर्सिटी की मान्यता की समाप्त

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने फर्जी डिग्रियां बांटे जाने तथा अन्य आरोपों को लेकर विभिन्न जांच रिपोर्टो के मद्देनजर फिरोजाबाद स्थित जे. एस. विश्वविद्यालय के खिलाफ लाए गए 'परिसमापन' सम्बन्धी प्रस्ताव को मंगलवार को मंजूरी दे दी। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिये गये इस महत्वपूर्ण निर्णय की जानकारी दी।

उपाध्याय ने संवाददाताओं को बताया कि बैठक में फिरोजाबाद जिले के शिकोहाबाद स्थित जे. एस. विश्वविद्यालय के परिसमापन सम्बन्धी प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी गयी। इस निजी विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले लगभग चार हजार छात्र-छात्राओं के भविष्य के लिए आगरा स्थित भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता में एक त्रिस्तरीय अंतरिम समिति गठित की गई है। यह समिति परिसमापन की अवधि में विश्वविद्यालय की गतिविधियों का संचालन करेगी। उन्होंने बताया कि जे. एस. विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 2015 में हुई थी। पिछले साल नौ मार्च को एक समाचार पत्र में छपा था कि राजस्थान की शारीरिक शिक्षा अध्यापक परीक्षा 2022 में इस विश्वविद्यालय से पढ़े जो अभ्यर्थी चयनित हुए थे उनकी डिग्री और अंकपत्र जांच में फर्जी पाये गये हैं। इस मामले में जे. एस. विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर सुकेश यादव और कुलसचिव वंदन मिश्र को गिरफ्तार किया गया था। उपाध्याय ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मामले का संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अधिनियम 2019 की धारा 55 (1) के अंतर्गत उच्च शिक्षा परिषद के अवर सचिव से जांच कराने के निर्देश दिए थे। मगर उन्हें जांच में अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। इस पर शासन स्तर पर दिये गये आदेश के तहत फिरोजाबाद के जिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह एक समिति गठित कर इसकी जांच करें।

इसी बीच राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड,जयपुर की ओर से उत्तर प्रदेश के गृह विभाग से जांच कराए जाने का अनुरोध किया गया जिस पर आर्थिक अपराध शाखा द्वारा जांच कराई गई। इन सभी जांचों तथा जयपुर पुलिस की जांच रिपोर्ट के आधार पर मंत्रिमंडल ने जे. एस. विश्वविद्यालय के परिसमापन का प्रस्ताव मंत्रिमंडल ने पारित कर दिया। उन्होंने बताया कि अब आगरा के डॉक्टर भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के संरक्षण में जे. एस. विश्वविद्यालय के सभी अभिलेख रखे जाएंगे और उन दस्तावेजों के आधार पर इस निजी विश्वविद्यालय द्वारा जारी अंकपत्र और डिग्री को आगरा विश्वविद्यालय प्रमाणित करके देगा।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,38,8200/ |
| 22 कैरेट | = | 1,27,250/ |
| 18 कैरेट | = | 1,04,120/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 2,53,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

**केंद्र ने राजस्थान, पंजाब को वायु प्रदूषण कम करने के निर्देश**

**नई दिल्ली।** वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए राजस्थान और पंजाब की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में दोनों राज्यों को प्रदूषण कम करने के लिए उपायों को तेज करने के निर्देश दिए। यादव ने कहा कि दिल्ली एनसीआर के सभी राज्य परिवहन, कचरा, उद्योग, खेती जैसे हर क्षेत्र के लिए स्पष्ट लक्ष्य और जिम्मेदारी तय करें। केंद्रीय मंत्री ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि जनवरी 2026 से हर महीने राज्यों की कार्ययोजनाओं की समीक्षा मंत्री स्तर पर होगी। अभी से योजना बनाने पर अगले प्रदूषण सीजन में अच्छे नतीजे दिखेंगे।

**दिल्ली में घने कोहरे के कारण 280 से अधिक उड़ानों में देरी**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी और देश के दूसरे हिस्सों में मंगलवार सुबह घने कोहरे के कारण दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगभग 280 से अधिक उड़ानों में देरी की सूचना है और कुछ उड़ानें रद्द हैं। दिल्ली हवाई अड्डे पर सुबह चार बजे के बाद दृश्यता घटने लगी और 150 मीटर तक गिर गयी। चार बजे के बाद से ही कैट-3 प्रक्रिया के तहत उपकरण की मदद से परिचालन शुरू कर दिया गया। अमृतसर, भोपाल, चंडीगढ़, गुवाहाटी, वाराणसी, रांची, हिंडन और धर्मशाला में भी दृश्यता कम होने के कारण उड़ानों के परिचालन में देरी हो रही है। दिल्ली हवाई अड्डे की वेवसाइट के अनुसार, आज दिल्ली से जाने वाली कम से कम 20 और दिल्ली आने वाली कम से कम 260 उड़ानों में देरी की सूचना है।

**सरकार ने शहरों में 96.53 लाख लोगों को दिए मकान**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत अब तक 96.53 लाख आवास बेघरों को घर दिए गए हैं। यह जानकारी केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने दी। 122.20 लाख आवासों की स्वीकृति दी गई है और 96.53 लाख आवास बन कर तैयार हो चुके हैं और लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं। मनोहर लाल ने एक्स पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ने भारत के लाखों परिवारों को उनके सपनों का घर प्रदान कर उनके जीवन में नई उम्मीद जगाई है।

## बिष्णुपुर में हुए दोहरे धमाकों की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी को सौंपी गई

एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस के अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि 5 जनवरी को मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में हुए दोहरे धमाकों की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी गई है। फौगाकचाओ पुलिस स्टेशन इलाके के नगाउकोन गांव में हुए लगातार धमाकों में दो लोग घायल हो गए थे।

पहला धमाका, जिसके बारे में माना जा रहा है कि यह एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से हुआ था, सोमवार की सुबह करीब 5.45 बजे एक खाली घर में हुआ। दूसरा धमाका करीब 200 मीटर दूर सुबह करीब 8.45 बजे हुआ, जब पहले धमाके के बारे में पता चलने के बाद स्थानीय लोग मौके पर जमा हुए थे।मामले के हस्तांतरण की पुष्टि करते हुए मणिपुर पुलिस ने एक बयान में कहा कि मामले को आगे की जांच के लिए एनआईए को भेज दिया गया है। इसमें यह भी कहा गया है कि आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है और हिंसा को और बढ़ने से रोकने के लिए सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

## लापरवाही व उदासीनता में सुल्तानपुर के खनन निरीक्षक निलंबित

**लखनऊ।** खनिज विभाग की सचिव एवं निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग माला श्रीवास्तव ने जनपद सुल्तानपुर में तैनात खनन निरीक्षक पंकज कुमार को अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही व उदासीनता बरते जाने तथा अवैध खनन व अवैध परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण रखे जाने में विफल होने के दृष्टिगत सरकार की मंशा अनुरूप जीरो टोलरेन्स के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए मुख्यालय लखनऊ सम्बद्ध कर दिया गया।

## यूपी में गलन, शीतलहर व कोहरे की तिहरी मार से जनजीवन प्रभावित

**ठंड और शीतलहर से राहत की फिलहाल कोई उम्मीद नहीं**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ समेत समूचे उत्तर प्रदेश में गलन, शीतलहर और कोहरे की तिहरी मार से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। वहीं, अधिसंख्य क्षेत्रों में हवा की सेहत भी खतरनाक स्थिति में पहुंच गई है।

मौसम विभाग के अनुसार, गलन भरी ठंड और शीतलहर से राहत की फिलहाल कोई उम्मीद नहीं है। इस दौरान कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने के आसार है। लखनऊ और कानपुर में मंगलवार दोपहर तक कोहरे और धुंध के चलते सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए। सुबह 11 बजे तक दोनों ही महानगरों में अधिकतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना रहा। कमोवेश यही हालात प्रयागराज, आगरा, इटावा, अलीगढ़, उन्नाव और बाराबंकी समेत तमाम शहरों में रहे। यहां अधिकतम तापमान 14-15 डिग्री के करीब दर्ज किया गया। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक 146 से 164 के बीच रहा। बीती रात राज्य के अधिसंख्य क्षेत्रों में पारा 7-8 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया। इस बीच कोहरे के कारण सड़क,रेल और हवाई यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग पर लंबी दूरी की दर्जनों ट्रेन अपने निर्धारित समय से 12 घंटे तक की देरी से चल रही है।



**मौसम के तल्ख तेवरों को देखते हुए राज्य सरकार के निर्देश पर कक्षा आठ तक के विद्यालयों को आठ जनवरी तक बंद रखने के निर्देश दिये गये हैं जबकि नौवीं से 12वीं तक की कक्षाओं के खुलने और बंद करने का समय बदला गया है। चिकित्सकों ने मार्निंग वॉकर्स को सुबह की सैर से परहेज करने की सलाह दी है। विशेषकर बच्चे, बुजुर्ग और सीने व हृदय के रोगियों को सूर्य निकलने के बाद ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी गई है।**

## पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश कलमाड़ी का निधन

**पुणे ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश कलमाड़ी का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार तड़के पुणे में निधन हो गया। वह 81 वर्ष के थे। कलमाड़ी के पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि उन्होंने करीब तीन बजकर 30 मिनट पर अंतिम सांस ली। वह रेल मंत्रालय में केंद्रीय राज्यमंत्री रहे थे और उन्होंने भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष के रूप में भी सेवाएं दी थीं। पुणे की प्रमुख राजनीतिक हस्ती कलमाड़ी ने लोकसभा में कई बार इस शहर का प्रतिनिधित्व किया। अपने राजनीतिक करियर के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण पद संभाले और वह कई वर्षों तक राष्ट्रीय स्तर पर खेल प्रशासन से जुड़े रहे।

## यूपी की ड्राफ्ट मतदाता सूची में 12 करोड़ 55 लाख मतदाता जिनके नाम नहीं, वे छह फरवरी तक करें दावा : रिणवा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज विशेष पुनरीक्षण अभियान के बाद तैयार की गई ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी कर दी। इस सूची के अनुसार प्रदेश में 12.55 करोड़ मतदाता हैं जबकि पहले 15.44 करोड़ मतदाता दर्ज थे।

उन्होंने बताया आज जारी ड्राफ्ट सूची में 2.89 करोड़ यानी 18 फीसदी मतदाताओं के नाम नाम कट गए हैं। लोग चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर इस ड्राफ्ट मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं और छह फरवरी तक दावा आपत्ति भी दर्ज करा सकते हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में 15.44 करोड़ मतदाता दर्ज थे, इस पुरानी मतदाता सूची में से लगभग 81 प्रतिशत लोगों ने अपने गणना प्रपत्र हस्ताक्षर कर वापस किए हैं जबकि लगभग 18 प्रतिशत लोगों ने नहीं लौटाए हैं। इनमें मृतक वोटरों की संख्या 46.23 लाख थी और स्थानांतरित, यानि शिफ्ट करके जो मतदाता चले गए हैं, उनकी संख्या 2.17 करोड़ है। इसी प्रकार एक से ज्यादा स्थान पर नाम दर्ज पाए गए 25.47 लाख थे। इस प्रकार ड्राफ्ट मतदाता सूची में कुल 2.89 करोड़ नाम नहीं शामिल हैं।



### आयोग ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर-1950

दावा और आपत्तियां दर्ज कराने के लिए आसान व्यवस्था की गई है। इसके लिए आयोग ने हेल्पलाइन नंबर-1950 जारी किया है, मतदाता इससे सहायता ले सकते हैं। शहरी क्षेत्रों में आयोग विशेष कैंप लगाने की तैयारी में है। युवा मतदाता भी अगर पात्रता रखते हैं तो वे भी मतदाता बन सकते हैं।

## भारत सरकार के 'डी-रेगुलेशन 1.0 कार्यक्रम में यूपी को प्रथम स्थान

**लखनऊ।** भारत सरकार के 'डी-रेगुलेशन 1.0 कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश को प्रथम स्थान हासिल हुआ है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

बयान में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकार के प्रयास धरातल पर उतरकर राज्य की छवि सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इसके मुताबिक, व्यापार सुधारों से गुजर रहे उत्तर प्रदेश ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए केंद्र सरकार के डी-रेगुलेशन 1.0 कार्यक्रम के अंतर्गत देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

### जयशंकर ने लक्जमबर्ग के प्रधानमंत्री से की मुलाकात



**लक्जमबर्ग सिटी।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने मंगलवार को लक्जमबर्ग के प्रधानमंत्री ल्यूक फीडेन से मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। विदेश मंत्री वर्तमान में लक्जमबर्ग की यात्रा पर हैं। एक एक्स पोस्ट में उन्होंने बताया कि इस मुलाकात के दौरान उन्होंने वित्तीय सेवाओं, निवेश, प्रोद्योगिकी और नवाचार के क्षेत्र में बढ़ते सहयोग पर बात की। उन्होंने प्रधानमंत्री फीडेन का भारत यूरोपीय संघ के मजबूत संबंधों के लिए उनके समर्थन का धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर 4 से 10 जनवरी तक फ्रांस और लक्ज़मबर्ग की आधिकारिक यात्रा पर हैं।

**रिकॉर्ड** — सीनियर भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत के पिछले भारतीय रिकॉर्ड को सूर्यवंशी ने छोड़ा पीछे

## वैभव सूर्यवंशी ने सबसे तेज भारतीय यूथ वनडे अर्धशतक बनाया

**14 साल के सूर्यवंशी ने पावर-हिटिंग का शानदार प्रदर्शन करते हुए सिर्फ 15 गेंदों में पूरी की हाफ संेचुरी**

एजेंसी

**बेनोनी।** क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी ने सोमवार को विलोमूर पार्क में दक्षिण अफ्रीका अंडर 19 के खिलाफ दूसरे यूथ वनडे के दौरान यूथ वनडे इंटरनेशनल में किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

रेगुलर कप्तान आयुष म्हात्रे की गैरमौजूदगी में टीम की कप्तानी करते हुए, 14 साल के सूर्यवंशी ने पावर-हिटिंग का शानदार प्रदर्शन करते हुए सिर्फ 15 गेंदों में अपना हाफ सेंचुरी पूरा किया, जिससे उन्होंने सीनियर भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत के पिछले भारतीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 18 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी। युवा ओपनर आखिरकार 24 गेंदों पर शानदार 68 रन बनाकर आउट हो गए, इस पारी में क्लीन स्ट्राइकिंग का बोलबाला था।

उन्होंने 10 छक्के और सिर्फ एक चौका लगाया, जिसमें से 64 रन बाउंड्री से आए, जिससे साउथ अफ्रीकी गेंदबाज़ों को उन्हें रोकने में मुश्किल हुई। इससे पहले, साउथ अफ्रीका अंडर19 ने पहले बैटिंग करने का फैसला किया और 49.3 ओवर में 245 रन पर आउट हो गई। बाद में बारिश की रुकावट के कारण बदले हुए हालात में भारत का टारगेट 27 ओवर में 174 रन कर दिया गया। भारत ने लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक शुरुआत की, जिसमें ओपनर एरॉन जॉर्ज और सूर्यवंशी ने मेजबान टीम पर अटैक किया। दोनों ने सिर्फ 4.1 ओवर में टीम का पचास रन पूरा किया। जॉर्ज सबसे पहले आउट हुए, उन्होंने 19 गेंदों पर 20 रन बनाए, और भारत का स्कोर 6.1 ओवर में एक विकेट पर 67 रन था। सूर्यवंशी ने अपना अटैक जारी रखा, लेकिन 8.1 ओवर में माइकल क्रुइसकैंप ने उन्हें आउट कर दिया, और तब भारत का स्कोर 10 ओवर में दो विकेट पर 103 रन था। इसके बाद, वेदांत त्रिवेदी और अभिज्ञान कुंडू ने लक्ष्य का पीछा आसानी से खत्म किया। त्रिवेदी 31 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि कुंडू ने नाबाद 48 रन बनाकर पारी को संभाला और भारत ने बिना किसी और नुकसान के जीत हासिल कर ली। साउथ अफ्रीका अंडर19 के लिए, क्रुइसकैंप सबसे असरदार बॉलर रहे, उन्होंने दोनों भारतीय विकेट लिए और छह ओवर में 23 रन देकर 2 विकेट लिए।



## देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन बनकर तैयार आरडीएसओ ने शुरु किए अंतिम परीक्षण

एजेंसी

**जींद।** देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन बनकर तैयार हो गयी है और इसे पटरी पर उतारने से पहले रेलवे की तकनीकी टीम ने मानकों के आधार पर अंतिम परीक्षण शुरू कर दिये हैं।

लखनऊ स्थित रेलवे के अभिकल्प, विकास एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) के तकनीकी अधिकारी फिलहाल ट्रेन संचालन को लेकर हर बारीक पहलू पर काम कर रहे हैं। इस विशेषज्ञ टीम ने ट्रेन की टेस्टिंग की। टीम का मुख्य फोकस पावर कार और उससे जुड़े सुरक्षा एवं नियंत्रण उपकरणों पर रहा। स्पीड सेंसर, कंट्रोल सिस्टम को अलग-अलग गति पर परखा गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ट्रेन निर्धारित मानकों के अनुसार सुरक्षित रूप से संचालित हो सके।



टेस्टिंग के दौरान ट्रेन को धीमी और मध्यम गति पर चला कर उपकरणों की कार्यक्षमता को रिकार्ड किया गया। इसके अलावा ट्रेन के पायदानों की मजबूती और ऊंचाई की भी जांच की गई। उत्तर रेलवे के अधिकारियों के अनुसार हरियाणा में जींद और सोनीपत के बीच चलाई जाने वाली इस ट्रेन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

# डीएम व एसपी ने किया ओपेन जिम व शहीद स्मारक का निरीक्षण

## मिनी स्टेडियम के लिए ग्राम बनकटा में चिन्हित भूमि का भी किया निरीक्षण

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उपायुक्त मनरेगा सतीश पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी पयागपुर अजय प्रताप सिंह व अन्य के साथ ग्राम खुटेहना का भ्रमण कर राज्य वित्त मद अन्तर्गत रू. 15.00 लाख की लागत से निर्मित पार्क का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। बीडीओ श्री सिंह ने बताया कि 50 गुणा 50 मीटर क्षेत्रफल में विकसित किये गये पार्क में ओपेन जिम, योगामंच तथा बैडमिण्टन व वालीबाल कोर्ट का निर्माण कराया गया है। डीएम ने बीडीओ को निर्देश दिया कि पार्क की स्वच्छता बनाये रखें तथा स्थानीय लोगों को प्रेरित करें कि इस सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठायें। पार्क के निरीक्षण के उपरान्त डीएम ने ग्राम खुटेहना में निर्मित शहीद स्मारक का भी निरीक्षण किया तथा वहां स्थापित की गई बेंचों पर बैठ कर कुछ समय गुज़ारा। ग्राम खुटेहना से मुख्यालय की ओर आते हुए डीएम ने ग्राम बनकटा में मिनी स्टेडियम के लिए चिन्हित की गई भूमि का भी अवलोकन कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

पीसीयू के धान क्रय केन्द्र खुटेहना का डीएम ने किया निरीक्षण

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मूल्य समर्थन योजना अन्तर्गत संचालित धान क्रय का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने खुटेहना स्थित पीसीयू के धान क्रय केन्द्र का औचक निरीक्षण कर क्रय केन्द्र पर खरीद के लिए ज़रूरी संसाधनों, बोरों की उपलब्धता, धान की आवक, भुगतान तथा कृषकों की सुविधा हेतु की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा क्रय केन्द्र मौजूद कृषकों से धान खरीद के सम्बन्ध में फीड बैक भी प्राप्त किया। धान क्रय केन्द्र के निरीक्षण के दौरान क्रय केन्द्र प्रभारी सचिव रवीन्द्र कुमार तिवारी ने जिलाधिकारी को बताया कि 81 कृषकों से लक्ष्य 20000 कु. के सापेक्ष 10621.25 कुण्टल धान की खरीद की गई है। श्री तिवारी ने बताया कि अब तक राईस मिलों को 10140.10 कुण्टल धान प्रेषित किया गया है। क्रय केन्द्र के निरीक्षण के दौरान परसौली नि. कृषक गंगाराम के धान की खरीद की जा रही थी। डीएम ने कृषकों से संवाद कर धान क्रय के सम्बन्ध में फीड बैक प्राप्त किया।



कृषकों द्वारा क्रय केन्द्र की व्यवस्थाओं पर संतोष जताया गया। डीएम ने केन्द्र प्रभारी को निर्देश दिया कि शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार कृषकों से धान की खरीद की जाय तथा क्रय किया गया धान मिलों को प्रेषित भी करते रहें। डीएम ने क्रय केन्द्र प्रभारी को यह भी निर्देश दिया कि क्षेत्रीय कृषकों के साथ निरन्तर सम्पर्क बनाये रखें ताकि अधिक से अधिक धान की खरीद की जा सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सुधाकर यादव व एमएल नेत्री जीरादेवी को रिहा करो की उठी मांग

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

वामपंथी मोर्चा जनपद गोण्डा द्वारा महामहिम राष्ट्रपति महोदया को संबोधित ज्ञापन जिलाअधिकारी महोदया द्वारा सीपीआई एमएल के राज्य सचिव कामरेड सुधाकर यादव व सीपीआई एमएल नेत्री कामरेड जीरादेवी को रिहा करो के नारे के साथ कलेक्ट्रेट गोण्डा में ज्ञापन श्रीमान जिलाधिकारी को सौंपा गया,दूसरा ज्ञापन राष्ट्रपति को संबोधित करते हुए वेनेजुएला पर हमला बोल कर अमेरिकी राष्ट्रपति ने वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो व उनकी पत्नी को अगवा कर,हथकड़ी डालकर अमेरिका के जेल में डाल दिया गया है साम्राज्यवादी अमेरिका यह कृत्य दूसरे देश की संप्रभुता की सार्वभौमिकता पर हमला है,इसका हम वामपंथी मोर्चा जनपद गोण्डा के नेता गण घोर विरोध करते हैं, कार्यक्रम में कामरेड ईशवर शरण जिला सचिव सीपीआई गोण्डा, कामरेड अमित शुक्ला नेता सीपीआई एम, कामरेड जमाल ख़ान प्रभारी सीपीआई एमएल, कामरेड सुखसेन सिंह, अयुब खान सूरज लाल यादव, दिनेश कुमार सदानंद गिरी, मुस्ताक़ इरफान मंशाराम बाबा रामदेव, रामगोपाल वर्मा राजेश कुमार मुन्ना राम गौतम सिंह सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया तथा ज्ञापन श्रीमान जिलाअधिकारी को सौंपा गया।

# बहराइच थंडर्स ने 76 रनों से जीता मुकाबला



**बहराइच हन्टर्स व बहराइच थंडर्स के मध्य खेला गया दूसरा मैच**

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

इंदिरा गांधी स्टेडियम में मंगलवार को ग्लैमरस टाइप प्रीमियर लीग में दूसरा मुकाबला बहराइच हन्टर्स व बहराइच थंडर्स के मध्य खेला गया । जिसमे अतिथि के रूप में कुशल गोयल व नित्यम श्रीवास्तव मौजूद रहे। अतिथियों ने दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। बहराइच थंडर के कप्तान वत्सल सिंह ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। निर्धारित 22 ओवरों के मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट के नुकसान पर 153 रनों का स्कोर खड़ा किया। हन्टर्स की तरफ से कृष्णा सिंह ने 3 विकेट अपने नाम किए। 153 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए हन्टर्स की टीम 15.3 ओवरों में सभी विकेट के नुकसान पर मात्र 77 रनो पर ही सिमट गई। बहराइच थंडर्स की तरफ से अक्षत सिंह ने 4 विकेट अपने नाम किए। बहराइच थंडर्स ने 76 रनों से यह मुकाबला जीत लिया। शानदार प्रदर्शन करने पर अक्षत सिंह को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया एवं वत्सल सिंह को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। आज के मैच में अम्पायरिंग की भूमिका में अकील अहमद एवं आतिफ खान रहे। स्कोरर की भूमिका यश चौरसिया ने निभाई। आंखों देखा हाल आदिल जमीर के द्वारा सुनाया गया। इस अवसर पर,सुनील राय, रामानंद सिंह, भूपेंद्र पांडे, आयुश चित्रांश, देवाशीष राय, प्रदीप गुप्ता,आशुतोष कैराती, कार्तिकेय सिंह, सारिक,एवं अन्य खेलप्रेमी मौजूद रहे। तीसरा मुकाबला बहराइच ग्लैडिएटर्स एवं बहराइच डेयरडेवील्स के बीच खेला जाएगा।

## विश्व हिंदू परिषद् गोंडा के जिलाध्यक्ष बने दिवाकर सोमानी



**गोन्डा समृद्धि न्यूज़।** विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत की प्रांत योजना बैठक 3 व 4 जनवरी को हरदोई के जे के ग्रैंड रिजॉर्ट में आयोजित की गई जिसमें केंद्रीय संगठन महामंत्री माननीय मिलिंद परांडे , क्षेत्रीय संगठन मंत्री गजेंद्र ,प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप सिंह का मार्गदर्शन प्रांत के 25 जिले से आए हुए प्रमुख पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ बैठक में धर्मांतरण, लवज़िहाद ,सामाजिक समरसता, गौ रक्षा आदि विषयों पर व्यापक विचार विमर्श व योजना बनाई गई,इस मौके पर संगठन की सक्रियता बढ़ाने हेतु दायित्व परिवर्तन व नवीन दायित्व की घोषणा की जाती है जिसमें गोंडा जनपद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिवाकर सोमानी को उनकी कार्य कुशलता, ईमानदारी व सज्जनता एवं संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए नवीन दायित्व जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद गोंडा की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई है, इससे पूर्व आपने संगठन में जिला कोषाध्यक्ष,जिला मंत्री जैसे प्रमुख दायित्वों का सफलता पूर्वक निर्वहन किया है नवीन दायित्व मिलने पर श्री सोमानी ने कहा कि हिंदुत्व के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया है, आजीवन संगठन,हिंदुत्व एवं राष्ट्र सेवा में लगा रहूंगा । जिलाध्यक्ष बनने पर विहिप के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख गोविंद संगठन मंत्री दीपेंद्र,महेश तिवारी ,राम प्रकाश गुप्ता,ओम प्रकाश सोनी ,राकेश वर्मा, राजकुमार शुक्ला, गुदगुद मिश्रा, शारदा कांत पांडे ,दुर्गा प्रसाद चौबे, पंकज अग्रवाल, विशाल अग्रवाल,शिवकुमार सोनी,भूपेंद्र आर्य,भरत गिरी, बलराम बाबू शुक्ला, दीपक अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल,नीरज मौर्य, विद्याभूषण द्विवेदी, शशांक श्रीवास्तव, संगम लाल गुप्ता, सर्वजीत सिंह,राजू गोस्वामी,योषित सक्सेना,सीताराम कुशवाहा आदि कार्यकर्ताऑ व शुभचिंतकों ने हार्दिक बधाई प्रेषित की।

# पुलिस ने दहेज हत्याभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

बीते सोमवार को वादी मोहित तिवारी पुत्र उमंग तिवारी नि0 ग्राम लखनीपुर पोस्ट बनकटवा थाना ललिया जनपद बलरामपुर द्वारा थाना को0 मनकापुर में लिखित तहरीर दी गयी कि उनकी बहन का विवाह लगभग 05 वर्ष पूर्व विपक्षी शिवम पाण्डेय पुत्र वीरेन्द्र पाण्डेय नि0 ग्राम चौहानपुरवा थाना को0 मनकापुर से हुआ था।

शादी के बाद से ही उसकी बहन को उसके पति व ससुरालीजनों द्वारा दहेज की मांग को लेकर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था।

दिनांक 02.01.2026 को रात में विपक्षी शिवम पाण्डेय से फोन के जरिए सूचना मिली कि उसकी बहन गोण्डा अस्पताल में भर्ती है, वादी



अपने परिजनो के साथ अस्पताल पहुँचा तभी बहन को इलाज हेतु लखनऊ रेफर दिया गया जहाँ इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। वादी द्वारा आशंका जाहिर की गई कि उसकी बहन को दहेज की मांग को लेकर शारीरिक रूप से प्रताड़ित करके उसे मार दिया गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मनकापुर में नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक 06.01.2026 को थाना मनकापुर पुलिस द्वारा प्राप्त साक्ष्य संकलन के आधार पर आरोपी अभियुक्तगण- 01. वीरेन्द्र पाण्डेय, 02. शिवम पाण्डेय को उनके घर ग्राम चौहान पुरवा से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरूद्ध थाना मनकापुर पुलिस द्वारा अग्रिम वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

# मतदेय स्थलों पर मतदाता सूची में नाम करें चेक

## हर योग्य नागरिक का मतदाता सूची में नाम दर्ज होना लोकतंत्र को मजबूत बनाता है: डीएम

**बलरामपुर,समृद्धि न्यूज़।**

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद की आलेख्य मतदाता सूची का विधिवत प्रकाशन किया गया है। यह मतदाता सूची जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर आम नागरिकों के अवलोकन हेतु उपलब्ध कराई गई है। इस दौरान एमएलके पीजी कॉलेज में मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी विपिन कुमार जैन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य योग्य नागरिकों, विशेषकर युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ना है। युवा मतदाताओं के लिए सुनहरा अवसर जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया किअर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की



आयु पूर्ण करने वाले सभी युवा नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे आगे आकर मतदाता पंजीकरण कराएं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करें। सशक्त लोकतंत्र की नींव - जागरूक और सक्रिय मतदाता डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हर योग्य नागरिक का मतदाता सूची में नाम दर्ज होना लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। युवा मतदाता देश के भविष्य हैं, उनकी सहभागिता से ही सशक्त लोकतंत्र का निर्माण संभव है। डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर आलेख्य मतदाता सूची आमजन के अवलोकन हेतु उपलब्ध है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के समस्त नागरिकों से अपील की कि वे अपने-अपने मतदेय स्थल पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम, विवरण एवं प्रविष्टियों का अवश्य अवलोकन करें तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर समय से सुधार कराएं।

# मान्यता प्राप्त-पंजीकृत राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों संग हुई बैठक

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

कलेक्ट्रेट सभागार में निर्वाचन से संबंधित आलेख्य सूची के प्रकाशन के संबंध में जनपद के मान्यता प्राप्त एवं पंजीकृत राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखते हुए सभी राजनैतिक दलों को आलेख्य सूची की जानकारी उपलब्ध कराना तथा उससे संबंधित दिशा-निर्देश साझा करना था। बैठक के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्वाचन से जुड़ी आलेख्य सूची के प्रकाशन की प्रक्रिया, उसकी उपयोगिता तथा निर्वाचन कार्य में इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। अधिकारियों ने बताया कि आलेख्य सूची के माध्यम से निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े, मतदान



केंद्रों की स्थिति, मतदाता संबंधी विवरण एवं अन्य आवश्यक सूचनाएं सुव्यवस्थित रूप में उपलब्ध कराई जाती हैं, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुचारू बनाया जा सके।

बैठक में उपस्थित सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित प्रकाशित आलेख्य सूची की प्रतियां उपलब्ध कराई गईं। साथ ही उन्हें यह भी अवगत कराया गया कि यदि आलेख्य सूची में किसी प्रकार की त्रुटि या संशोधन की आवश्यकता प्रतीत होती है, तो निर्धारित समयावधि के भीतर सक्षम प्राधिकारी के समक्ष आपत्ति अथवा सुझाव प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में आलेख्य सूची का प्रकाशन किया गया है और इसका उद्देश्य सभी हितधारकों को समान जानकारी प्रदान करना है। इससे निर्वाचन प्रक्रिया में विश्वास और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। उन्होंने राजनैतिक दलों से अपील की कि वे निर्वाचन से संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करें। बैठक के दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा कुछ सुझाव एवं प्रश्न भी प्रस्तुत किए गए, जिनका संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर ही समाधान किया गया। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि निर्वाचन कार्य से जुड़ी किसी भी समस्या या शंका के समाधान हेतु प्रशासन सदैव तत्पर है। बैठक में सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने आलेख्य सूची उपलब्ध कराए जाने एवं विस्तृत जानकारी दिए जाने पर संतोष व्यक्त किया तथा निष्पक्ष निर्वाचन प्रक्रिया में सहयोग करने की प्रतिबद्धता जताई। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारीगण एवं अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## महिला उत्पीड़न मामलों की सुनवाई आज

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़। प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय तथा उनकी समस्याओं के शीघ्र समाधान के उद्देश्य से 07 जनवरी को जनपद में महिला जनसुनवाई एवं निरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जनसुनवाई कार्यक्रम पूर्वान्ह 11 बजे से सर्किट हाउस में आयोजित होगा। जनसुनवाई के उपरांत जिला कारागार व जिला अस्पताल का निरीक्षण भी किया जाएगा। गोंडा में महिला आयोग की सदस्या ऋतु शाही की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। सभी पीड़ित महिलाएं जनसुनवाई में अपनी बात रख सकती है। इस दौरान महिला थानाध्यक्ष सहित संबंधित पुलिस अधिकारी जनसुनवाई में उपस्थित रहेंगे। आयोग का यह प्रयास महिला शिकायतों के त्वरित निस्तारण, प्रशासनिक समन्वय और जमीनी स्तर पर निगरानी को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशित



**बलरामपुर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर जनपद की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत सभी 4 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की आलेख्य मतदाता सूची का प्रकाशन 06.01.2026 को किया गया है। यह सूची जनपद के सभी 1805 मतदेय स्थलों पर आमजन के अवलोकन हेतु उपलब्ध है।

# 14.42 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए 14.42 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 59वीं वाहिनी एसएसबी के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के निर्देशन में की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सीमा चौकी बलाईगांव से उप निरीक्षक (सामान्य) बिप्लोब रॉय के नेतृत्व में छह अन्य एसएसबी जवानों तथा थाना मोतीपुर के उप निरीक्षक अनिल कुमार यादव व एक अन्य पुलिसकर्मी के साथ भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में संयुक्त गश्त की जा रही थी। गश्ती दल सीमा स्तंभ संख्या 663/1 की ओर बढ़ रहा था, तभी एक व्यक्ति कच्चे रास्ते से भारत



से नेपाल की ओर जाते हुए दिखाई दिया। गश्ती दल को देखकर वह व्यक्ति घबरा गया और भागने की कोशिश करने लगा। संदेह होने पर टीम ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रोशन के.सी., पुत्र हेम बहादुर, निवासी बन्सगढ़ी, जिला बर्दिया (नेपाल) बताया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने अपने पास नशीला पदार्थ स्मैक होने की बात स्वीकार की। इसकी सूचना तत्काल सहायक कमांडेंट असम सुशील सिंह को दी गई, जो मौके पर पहुंचे। उनकी उपस्थिति में आरोपी की तलाशी ली गई, जिसमें प्लास्टिक की एक छोटी पोटली से 14.42 ग्राम स्मैक बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए जब्त मादक पदार्थ को थाना मोतीपुर, जनपद बहराइच को सुपुर्द कर दिया गया है। पुलिस और एसएसबी की इस संयुक्त कार्रवाई से सीमा क्षेत्र में नशा तस्करी पर एक और बड़ा प्रहार माना जा रहा है।

# अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचाना हमारी प्राथमिकता : मोनालिसा जौहरी

**एसडीएम नानपारा ने पूर्व सांसद की उपस्थिति में किया कंबल वितरण**

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शासन के निर्देश पर अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुँचाये जाने के उद्देश्य से नानपारा तहसील प्रशासन द्वारा सराहनीय एवं मानवीय पहल करते हुए ग्राम ककरहा बोधवा में जरूरतमंद एवं पात्र लोगों को ठंड से बचाने के लिए पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड व उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा



जौहरी द्वारा कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व उपजिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद बहराइच ने कंबल वितरण कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि एसडीएम नानपारा द्वारा पूरी संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं मानवीय दृष्टिकोण के साथ किए जा रहे राहत कार्य वास्तव में अनुकरणीय हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारी प्रशासन की सकारात्मक छवि को मजबूत करते हैं और आमजन में विश्वास पैदा करते हैं। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर राहत और संतोष स्पष्ट रूप से देखा गया। लाभार्थियों ने एसडीएम मोनालिसा जौहरी एवं तहसील प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ठंड के इस कठिन समय में प्रशासन उनके लिए एक मजबूत सहारा बनकर खड़ा है। उन्होंने बुजुर्गों, महिलाओं एवं सभी व्यक्तियों से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं और प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने कहा कि शासन की स्पष्ट मंशा है कि शीतलहर के दौरान कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण पीड़ित न हो।

प्रशासन की जिम्मेदारी केवल कानून-व्यवस्था तक सीमित नहीं, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक राहत पहुंचाना भी हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर सी.ओ. नानपारा पहुप सिंह, नायब तहसीलदार नबाबगंज, शिवपुर व अन्य तहसील कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# डी-फार्मा छात्र का किराए के कमरे में मिला शव

**दरवाजा तोड़कर निकाला शव पिता बोले, नकल के आरोप में परीक्षा नहीं दे पाने से था परेशान**

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र में स्थित स्पार्क कॉलेज के एक डीफार्मा छात्र का शव उसके किराए के कमरे में फंदे से लटका मिला। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक छात्र की पहचान श्रावस्ती जनपद के अग्गापुर गांव निवासी 20



वर्षीय राजन के रूप में हुई है। राजन स्पार्क कॉलेज में डीफार्मा प्रथम वर्ष का छात्र था और कॉलेज के पास चेतरा गांव में किराए के कमरे में रहता था। मंगलवार सुबह जब काफी देर तक उसका कमरा नहीं खुला, तो मकान मालिक बृजेश पुष्कर ने उसे आवाज दी।कोई जवाब न मिलने पर बृजेश पुष्कर ने रोशनदान से झांका, तो राजन का शव फंदे से लटका देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने तत्काल देहात कोतवाली और मृतक के परिजनों को सूचना दी। बेड़नापुर चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के पिता मक्खन लाल ने बताया कि राजन हाल ही में एक परीक्षा छूट जाने के कारण परेशान था। उनके अनुसार, राजन को नकल के आरोप में परीक्षा नहीं देने दी गई थी। पिता ने यह भी बताया कि मंगलवार सुबह मकान मालिक ने उन्हें बेटे की आत्महत्या की सूचना दी। हालांकि, इस मामले में कॉलेज प्रबंधन ने नकल के आरोपों को गलत बताया है। देहात कोतवाल ने जानकारी दी कि अभी तक इस संबंध में कोई लिखित शिकायत (तहरीर) प्राप्त नहीं हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**निजी अस्पताल कर्मचारी की हादसे में गई जान, काम पर जाते समय हुआ हादसा**

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** बहराइच-लखनऊ राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार बस ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान फखरपुर इलाके के मारौचा ग्राम निवासी 42 वर्षीय प्रमोद के रूप में हुई है। प्रमोद एक निजी अस्पताल में कर्मचारी थे और अपनी बाइक से अस्पताल जा रहे थे। यह दुर्घटना देहात कोतवाली इलाके में स्थित बुद्धा स्कूल के पास हुई, जब एक तेज रफ्तार बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायल प्रमोद को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने प्रमोद को मृत घोषित कर दिया। देहात कोतवाल ने बताया कि सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# बकरियों का शिकार करने वाला तेंदुआ पिंजरे में कैद

**कतर्नियाघाट में पिंजरा लगाते ही फंसा तेंदुआ**

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के सुजौली रेंज में बकरियों का शिकार करने वाला एक तेंदुआ पिंजरे में कैद हो गया है। वन विभाग ने सोमवार शाम को पिंजरा लगाया था और तेंदुआ पांच मिनट के भीतर ही उसमें फंस गया। इस घटना से ग्रामीणों और वन विभाग ने राहत की सांस ली है। यह तेंदुआ रविवार रात सुजौली गांव में सोतिया नाला के पास मनीष मौर्य के बकरी पालन बाड़े में घुस गया था। उसने एक दर्जन से अधिक बकरियों को मार डाला और आधा दर्जन से



ज्यादा बकरियों को घायल कर दिया था। बकरियों पर हमले की सूचना मिलने के बाद, सोमवार शाम 7 बजे सुजौली वनक्षेत्राधिकारी रोहित कुमार के नेतृत्व में वन दारोगा अनिल कुमार और उनकी टीम ने घटनास्थल पर पिंजरा लगाया। पिंजरा लगाते ही कुछ ही मिनटों में तेंदुआ उसमें कैद हो गया। पिंजरे में कैद होने के बाद तेंदुए को सुजौली रेंज कार्यालय ले जाया गया है। सुजौली वनक्षेत्राधिकारी रोहित कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या यह तेंदुआ मादा लग रही है और उसकी उम्र लगभग 3 वर्ष है। उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद उसे जंगल में छोड़ा जाएगा।

# गोरखनाथ मंदिर का खिचड़ी मेला श्रद्धा, मनोरंजन व रोजगार का संगम

## त्रेतायुगीन है महायोगी गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने की परंपरा, सामाजिक समरसता का केंद्र है गोरखनाथ मंदिर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मकर संक्रांति पर गोरखनाथ मंदिर में लगने और इससे पखवारा पूर्व शुरू होकर माह भर से अधिक समय तक चलने वाला खिचड़ी मेला श्रद्धा, मनोरंजन और रोजगार का संगम है।

प्रकृति को ऊर्जस्वित करने वाले सूर्यदेव के उत्तरायण होने पर महायोगी गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने की अनूठी परंपरा पूरी तरह लोक को समर्पित है। गोरखनाथ मंदिर में खिचड़ी के रूप में चढ़ने वाला अन्न वर्षभर जरूरतमंदों में वितरित किया जाता है। मंदिर के अन्न क्षेत्र में कभी भी कोई जरूरतमंद पहुंचा, खाली हाथ नहीं लौटा। ठीक वैसे ही जैसे बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाकर मन्नत मांगने वाला निराश नहीं होता। मंदिर में खिचड़ी का पर्व15 जनवरी को मनेगा।गोरखनाथ मंदिर में खिचड़ी चढ़ाने की परंपरा त्रेतायुगीन मानी जाती है। मान्यता है कि तत्समय आदियोगी गुरु गोरखनाथहिमाचल प्रदेश के कांगड़ा स्थित मां ज्वाला देवी के दरबार मे पहुंचे। मां ने उनके भोजन का प्रबंध किया। कई प्रकार के व्यंजन देख बाबा ने कहा कि वह तो योगी हैं और भिक्षा में प्राप्त चीजों को ही भोजन रूप में ग्रहण करते हैं। उन्होंने मां ज्वाला देवी से पानी गर्म करने का अनुरोध किया और स्वयं भिक्षाटन को निकल गए। भिक्षा मांगते हुए गोरखपुर आ पहुंचे और राप्ती और रोहिन के तट पर जंगलों में बसे इस स्थान पर धूनी रमाकर साधनालीन हो गए। उनका तेज देख लोग उनके खप्पर में अन्न चावल, दाल दान करते रहे। मकर संक्रांति का पर्व आने पर यह परंपरा खिचड़ी पर्व के रूप में परिवर्तित हो गई। तब से बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने का क्रम हर मकर संक्रांति पर अहर्निश जारी है। कहा जाता है कि ज्वाला देवी के दरबार मे बाबा की खिचड़ी पकाने के लिए आज भी पानी उबल रहा है।मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर नाथ पंथ की विशिष्ट परंपरानुसार गुरु गोरखनाथ को लोक आस्था की खिचड़ी चढ़ाकर समूचे जनमानस की सुख समृद्धि की मंगलकामना करते हैं। उत्तर प्रदेश, बिहार तथा देश के विभिन्न भागों के साथ पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से भी लाखों की तादाद में श्रद्धालु शिवावतारी बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाते हैं। मकर संक्रांति के दिन भोर में सबसे पहले गोरक्षपीठ की तरफसे पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ खिचड़ी चढ़ाकर बाबा को भोग अर्पित करते हैं। नेपाल राज परिवार की ओर से आई खिचड़ी बाबा को चढ़ाई जाती है। इसके बाद मंदिर के कपाट खोल दिए जाते हैं और जनसामान्य की आस्था खिचड़ी के रूप में निवेदित होनी शुरू हो जाती है। खिचड़ी महापर्व को लेकर मंदिर व मेला परिसर सज धजकर तैयार है। मंदिर प्रबंधन की तरफ से श्रद्धालुओं के ठहरने और अन्य सुविधाओं का इंतजाम है।

# स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की दरों को लेकर राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने जताई आपत्ति

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में नए बिजली कनेक्शनों पर लगाए जा रहे स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की दरों को लेकर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने गंभीर आपत्ति दर्ज कराई है।

परिषद का कहना है कि वर्तमान में कॉस्ट डाटा बुक के अनुसार सिंगल फेज स्मार्ट प्रीपेड मीटर की दर 2800 तथा थ्री फेज स्मार्ट प्रीपेड मीटर की दर 4100 निर्धारित की गई है, जबकि नए कनेक्शनों पर जो स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं वे आरडीएसएस योजना के अंतर्गत खरीदे गए मीटर हैं। भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार आरडीएसएस योजना के तहत लगाए जाने वाले स्मार्ट मीटर मौजूदा उपभोक्ताओं को निःशुल्क लगाए जाने थे। इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार प्रति स्मार्ट मीटर 900 की सब्सिडी भी प्रदान कर रही है। यह योजना पहले 31 मार्च 2026 तक थी, जिसे अब बढ़ाकर 31 मार्च 2028 कर दिया गया है। जिस पर केंद्रीय ऊर्जा विभाग में वित्त की सहमति भी ली है कि अनुदान की स्थिति यथावत रहेगी। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा के मुताबिक ऐसे में पावर कॉरपोरेशन एवं विद्युत वितरण कंपनियों को चाहिए कि नए बिजली कनेक्शनों पर लगाए जा रहे आरडीएसएस के स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की लागत में 900 की कटौती तत्काल की जाए।

## खबरें एक नजर में

### घर में लगी आग, पूरी गृहस्थी जलकर राख

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज के हुलासखेड़ा मजरा पचौरी गांव में मंगलवार सुबह 5.30 बजे एक घर में अचानक आग लग गई। एक परिवार की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। आग लगते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत पानी और अन्य उपलब्ध संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया। आग पर काबू पाने से पहले ही घर का सारा सामान जल चुका था। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग बेचा लाल के घर में लगी। वह फेरी लगाकर कपड़े बेचते हैं। उनके बेटे सूरज ने बताया कि आग सुबह करीब 5 बजे लगी। आग लगने से उनके करीब ढाई हजार रुपए, तीन बोरी धान व उड़द सहित काफी अनाज जल गया है। कपड़ों की गठरी भी जल गई है।सूरज ने आरोप लगाया कि उनके घर में किसी ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी है। वह इसकी पुलिस से लिखित शिकायत करेंगे। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। घटना की सूचना संबंधित विभाग और प्रशासन को दे दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पीड़ित परिवार अब खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाए। आग लगने के कारणों की जांच कर उचित सहायता प्रदान की जाए।

### भीषण जाम के बाद सड़क पर उतरे अफसर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के यातायात दबाव वाले क्षेत्र कामता चौराहे पर लगातार लग रहे भीषण जाम के बाद आखिरकार पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए डीसीपी पूर्वी ने सहायक पुलिस आयुक्त विभूति खंड के साथ मौके पर पहुंचकर अयोध्या-लखनऊ हाईवे स्थित कामता चौराहे का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीसीपी ने जाम की प्रमुख वजहों को जाना। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता को जाम की समस्या से राहत दिलाना प्राथमिकता है। डीसीपी ने वाहनों के दबाव, कट्स की स्थिति, अतिक्रमण और ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्था का निरीक्षण किया। ट्रैफिक को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। पीक आवर्स में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने और ट्रैफिक डायवर्जन को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश भी दिए गए। गौरतलब है कि कामता चौराहा अयोध्या-लखनऊ हाईवे का प्रमुख प्रवेश स्थान है, जहां रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। हाल के दिनों में यहां लग रहे भीषण जाम से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा, जिसके बाद पुलिस प्रशासन को सड़क पर उतरना पड़ा।

### जहरीला पदार्थ पीने से युवक की मौत, अस्पताल में तोड़ा दम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के अमीनाबाद थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा चालक ने जहरीला पदार्थ पीकर जान दे दी। घटना के समय वह घर में अकेला था। बेटी घर पहुंची तो वह अचेत अवस्था में पड़ा मिला। घबराई बेटी ने परिजनों को सूचना दी। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हाथा हाजी रहीम बक्श हैदर मिर्जा, चिकमंडी अमीनाबाद निवासी अल्ताफ(32) ई-रिक्शा चलाता था। अल्ताफ सोमवार को घर में अकेले था। दोपहर में करीब 1.30 बजे जहरीला पदार्थ पी लिया। कुछ देर बाद बड़ी बेटी घर पहुंची तो अचेत अवस्था में मिले। घबराई बेटी ने पास में ही रहने वाले मामा आफताब को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन-फानन बलरामपुर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान अल्ताफकी मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मामा आफताब ने बताया घटना की स्पष्ट वजह का पता नहीं चल पाया है। न ही मौके से कोई सुसाइड नोट मिला है। परिवार में पत्नी शाहीन बानो और दो बेटियां अलीना और अल्फिशा है। घटना के बाद से परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है।

### स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ ने रोष जताया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ ने गत दिनो प्रधान मंत्री,वित्त मंत्री भारत सरकार सहित मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश आदि को आंठवे वेतन आयोग को लागू करने व उसके अन्य लाभ हेतु जारी नोटीफिकेशन में सेवानिवृत्त कर्मचारियो को मिलने वाले लाभो को उच्चीकरण न करने का विवरण न होने पर गहरा रोष व्यक्त किया है। अध्यक्ष शशि कुमार मिश्रा ने कहा कि महासंघ ने अनुरोध किया था कि आंठवे वेतन आयोग समय से जनवरी 2026 से लागू किया जाय व उसके समस्त मिलने वाले लाभ सेवारत व सेवानिवृत्त कर्मचारियो को एक साथ समय से लागू किये जाए। उक्त संदर्भ में महासंघ द्वारा प्रेषित पत्र प्रधान मंत्री कार्यालय से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को आवश्यक कार्यवाही हेतु भेजा गया है। महासंघ ने प्रदेश के मुख्य मंत्री से प्रदेश के निकाय कर्मचारियो की लम्बित समस्याओ व प्रधान मंत्री के कार्यालय से आए पत्र पर समय रहते समाधान कराने का अनुरोध किया है।

### चिड़ियाघर में दर्शकों को कलाई पर रिस्ट बैंड बांधना अनिवार्य

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ स्थित नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान देखने जाने वाले दर्शकों को कलाई पर रिस्ट बैंड बांधना अनिवार्य होगा। चिड़ियाघर में दर्शकों को प्रवेश टिकट के साथ ही यह रिस्ट बैंड दिया जायेगा। कलाई पर रिस्ट बैंड न होने पर दर्शक को बिना टिकट माना जायेगा। यह जानकारी प्राणि उद्यान की निदेशक अदिति शर्मा ने मंगलवार को दी। निदेशक ने बताया कि दर्शकों की सुविधा के लिए यह रिस्ट बैंड दिया जाता है। दर्शकों की कलाई पर रिस्ट बैंड बंधा होने से चिड़ियाघर के अंदर कोई उनका टिकट चेक नहीं करेगा।

### अजय कुमार शुक्ला बने प्रमुख सचिव सहकारिता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश शासन ने आज सचिव नगर विकास आईएएस अजय कुमार शुक्ला का तबादला कर दिया है। श्री शुक्ला का प्रमोशन हो गया है, अब वे प्रमुख सचिव सहकारिता बनाये गए हैं।

### डेटा सेंटर्स और एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए स्वच्छ ऊर्जा होगी अनिवार्यता

# पूरी तरह ग्रीन एनर्जी आधारित मॉडल पर विकसित होगी एआई सिटी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लखनऊ में प्रस्तावित एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) सिटी को पूरी तरह ग्रीन एनर्जी आधारित मॉडल पर विकसित किया जाएगा। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार की इस महत्वाकांक्षी परियोजना में ऊर्जा की आपूर्ति सोलर और ग्रीन हाइड्रोजन जैसे स्वच्छ स्रोतों से की जाएगी। सरकार का उद्देश्य एआई व डेटा आधारित तकनीकों के विस्तार के साथ पर्यावरण संरक्षण को समान रूप से प्राथमिकता देना है।

प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि एआई सिटी में स्थापित होने वाले डेटा सेंटर्स और हाई परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर की ऊर्जा जरूरतें केवल पारंपरिक ईंधनों पर निर्भर नहीं होंगी। इसके लिए सौर ऊर्जा आधारित सिस्टम विकसित किए जाएंगे, जिससे कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी और ऊर्जा लागत भी नियंत्रित रहेगी। यह मॉडल भविष्य की तकनीकी परियोजनाओं के लिए एक मानक के रूप में काम करेगा। एआई परियोजना में ग्रीन हाइड्रोजन को भी अहम स्थान दिया जाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार की योजना एआई सिटी के ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम, औद्योगिक संचालन और स्मार्ट सुविधाओं में ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग की है। उत्तर प्रदेश देश के उन अग्रणी राज्यों में शामिल होगा जो हाइड्रोजन आधारित स्वच्छ ऊर्जा को व्यवहारिक स्तर पर अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता का कहना है कि योगी सरकार का प्रयास है कि एआई सिटी परियोजना के लाभ को केवल प्रोद्योगिकी क्षेत्र तक सीमित नहीं रहने दिया जाए। स्वच्छ ऊर्जा आधारित विकास से स्थानीय स्तर पर बेहतर पर्यावरण, स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभकारी और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। एआई सिटी को इस प्रकार से डिजाइन किया जा रहा है कि वह तकनीक, उद्योग और समाज तीनों के लिए टिकाऊ समाधान प्रस्तुत कर सके।

### वैश्विक तकनीकी कंपनियों को मिलेगा भरोसा

ग्रीन हाइड्रोजन में उत्तर प्रदेश लीडर स्टेट के रूप में नजर आता है। उन्होंने बताया कि एआई सिटी में डेटा सेंटर्स को वैश्विक पर्यावरण और ऊर्जा दक्षता मानकों के अनुरूप विकसित किया जाएगा। ग्रीन एनर्जी आधारित डेटा सेंटर्स से प्रदेश को वैश्विक तकनीकी कंपनियों का भरोसा मिलेगा। प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों के अनुसार निवेशक अब उन स्थानों को वरीयता दे रहे हैं, जहां पर्यावरणीय उत्तरदायित्व का स्पष्ट रोडमैप हो। उत्तर प्रदेश इसी दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। एआई सिटी के विकास में ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट को अनिवार्य किया जाएगा। भवन निर्माण में ऊर्जा कुशल सामग्री, प्राकृतिक रोशनी का अधिकतम उपयोग और जल संरक्षण से संबंधित प्रणालियों को शामिल किया जाएगा। इसके साथ ही स्मार्ट मोबिलिटी को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे कि निजी वाहनों पर निर्भरता को घटाया जाए और प्रदूषण को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया जा सके।

# एनटीईपी संविदा टीबी कर्मचारियों के हित में शासन से शीघ्र निर्णय की उम्मीद

**लखनऊ।** नव वर्ष की शुरुआत के साथ ही राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यरत संविदा टीबी कर्मचारियों के सेवा हितों, भविष्य सुरक्षा एवं कार्यक्रम की निरंतरता को लेकर एक अहम पहल सामने आई है। उत्तर प्रदेश क्षय रोग वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष करुणा शंकर मिश्रा के नेतृत्व में संविदा टीबी कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से औपचारिक मुलाकात कर कर्मचारी कल्याण से संबंधित एक समग्र पत्र सौंपा। पत्र के माध्यम से संविदा टीबी कर्मचारियों के नियमितीकरण, समायोजन, सेवा सुरक्षा, भविष्य स्थायित्व तथा वर्षों से लंबित व्यावहारिक समस्याओं की ओर शासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया।

# कई मांगों को लेकर संविदा कर्मचारियों का एकदिवसीय सत्याग्रह, सौंपा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** विद्युत संविदा कर्मचारियों के वेतन बढ़ोतरी, श्रम कानूनों के उल्लंघन एवं लगातार की जा रही छंटनी के विरोध में विद्युत संविदा मजदूर संगठन, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर मंगलवार, 6 जनवरी 2025 को प्रदेश के सभी जनपदों में एकदिवसीय सत्याग्रह किया गया।

मीडिया प्रभारी विमल चंद्र पांडे ने बताया कि लखनऊ के लेसा क्षेत्र में भी संविदा कर्मचारियों द्वारा शांतिपूर्ण सत्याग्रह आयोजित किया गया, जहां लेसा प्रभारी माता प्रसाद पांडे द्वारा अधीक्षण अभियंता के माध्यम से उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपा गया। सत्याग्रह के दौरान सौंपे गए ज्ञापन में संविदा कर्मचारियों की 11 सूत्री प्रमुख मांगों को प्रमुखता से उठाया गया जिसमें संविदा श्रमिकों का न्यूनतम वेतन 22,000 तथा लाइनमैन, एसएसओ व कंप्यूटर ऑपरेटर का वेतन 25,000 दिये जाने, पूर्वांचल एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की प्रक्रिया को रोकने, संविदा कर्मचारियों की छंटनी तत्काल बंद कर निकाले गए कर्मचारियों को पुनः कार्य पर लिया जाए। वर्ष 2023 की हड़ताल में कार्य करने के बावजूद हटाए गए संविदा कर्मियों को वापस रखा जाए।संविदा कर्मचारियों के लिए सेवा नियमावली बनाई जाए एवं विभाग द्वारा सीधा भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

# 500 में बस से लखनऊ के दर्शन करिए, मंत्री ने दिखाई हरी झंडी

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ ।** राजधानी में लखनऊ दर्शन बस सेवा लॉन्च हो गई है। यह राजभवन से चलकर जीपीओ होते हुए पुराने लखनऊ पहुंचेगी। नवाबों के ऐतिहासिक स्थलों को घुमाते हुए वापस हजरतगंज लौटेगी। यहां विधानसभा के पास रुकेगी। पर्यटकों को 500 रुपए में करीब 12 स्थल देखने को मिलेंगे और 3 जगहों पर 30-40 मिनट रुकेगी, जिससे लोग वहां आराम से घूम भी सकें। 6 दिसंबर को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर ने इस डबल डेकर बस का 1090 चौराहे से उद्घाटन किया।

बस करीब 3 घंटे में पूरे लखनऊ का भ्रमण कराएगी। इसी बीच यात्रियों को एक बार लाइट स्नैक्स (हल्का नाश्ता) दिया जाएगा। 5 से 12 साल तक बच्चों के लिए टिकट में 100 रुपए की छूट है। यानी उनको 400 रुपए में ही लखनऊ घूमने को मिल जाएगा। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड (यूपीएसटीडीसी) के अनुसार, दर्शन बस के टिकट में रेजीडेंसी और उत्तर प्रदेश दर्शन पार्क का प्रवेश टिकट का दाम जुड़ा हुआ है। साथ ही विधान सभा भवन में विशेष प्रवेश की व्यवस्था भी की गई है। यानी 500 रुपए का बस का टिकट लेने के बाद किसी भी स्थल का पहले से लगने वाला टिकट नहीं लेना होगा। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यह डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड की है। यह दो शिफ्ट में चलेगी। बस के टिकट ऑनलाइन भी बुक किए जा सकते हैं। बस में फर्स्ट एड बॉक्स रखा गया है। अगर कोई आपात स्थिति आती है तो उसके लिए नजदीकी अस्पताल की मदद ली जाएगी। लखनऊ दर्शन बस राजभवन, जीपीओ और हजरतगंज के प्रमुख आकर्षणों से गुजरते हुए बेगम हजरत महल पार्क, ग्लोब पार्क और छतर मंजिल होते हुए रेजीडेंसी परिसर पहुंचेगी। रेजीडेंसी में 40 मिनट रुकेगी ताकि पर्यटक वहां घूम सकें। इसके बाद बस सिब्तैनाबाद इमामबाड़ा से होकर फिर हजरतगंज लौटेगी। हजरतगंज में विधानसभा भवन का 40 मिनट का विशेष भ्रमण कराया जाएगा। आगे कैथेड्रल चर्च मार्ग से बस उत्तर प्रदेश दर्शन पार्क पहुंचेगी, जहां 30 मिनट रुकने का समय रहेगा।

# पंचायतों में सशक्त महिलाएं ही विकास की असली ताकत : ओमप्रकाश राजभर

**▸ पंचायती राज विभाग ने महिला सशक्तीकरण पर आधारित विशेष कैलेंडर किया जारी**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** महिलाओं के सशक्तीकरण और ग्राम पंचायतों में उनकी वास्तविक एवं सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा महिलाओं के सशक्तीकरण पर आधारित विशेष कैलेंडर जारी किया गया है। यह कैलेंडर केवल तिथियों का संकलन नहीं, बल्कि पंचायतों में महिलाओं की भूमिका को मजबूत करने का एक प्रभावी माध्यम है।

पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने विभागीय अधिकारियों की बैठक में कहा कि पर्दे के पीछे नही, सामने प्रधान केवल एक पहल नहीं, बल्कि मजबूत लोकतंत्र की नींव है। जब पंचायतों में महिलाएं सशक्त होंगी और निर्णय प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाएंगी, तभी गांवों का समग्र विकास संभव होगा। यह कैलेंडर महिला हितैषी सोच को जन-जन तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। निदेशक पंचायती राज विभाग अमित कुमार सिंह ने कहा कि यह कैलेंडर ग्राम पंचायतों के लिए एक प्रेरक एवं मार्गदर्शक दस्तावेज है, जो महिला हितैषी सोच को व्यवहार में उतारने में सहायक होगा।

इसके माध्यम से पंचायतों को महिलाओं के सम्मान, सहभागिता और सशक्त भूमिका सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रेरणा मिलेगी। कैलेंडर के माध्यम से यह संदेश दिया गया है कि ग्राम पंचायतों में महिलाएं केवल नाम की प्रधान या प्रतिनिधि न रहें, बल्कि विकास कार्यों और निर्णय प्रक्रिया में उनकी सार्थक भागीदारी सुनिश्चित हो। यह पहल महिलाओं को नेतृत्व की भूमिका निभाने, अपनी बात मजबूती से रखने और पंचायत संचालन में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित करती है।

# दैनिक जीवन में मानक बहुत महत्वपूर्ण : मनीष शुक्ला

**▸ भारतीय मानक ब्यूरो के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए बीजेपी के राज्य प्रवक्ता मनीष शुक्ला**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारतीय मानक ब्यूरो ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर, लखनऊ के होटल कंफर्ट इन, विभूति खंड, गोमती नगर में मानक महोत्सव का सफल आयोजन किया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में, भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के राज्य प्रवक्ता मनीष शुक्ला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। उन्होंने मानकों के महत्व और राष्ट्र के विकास में मानकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। बताया कि हमारे दैनिक जीवन में मानक बहुत महत्वपूर्ण है।

सुधीर बिश्नोई प्रमुख/वरिष्ठ निदेशक, भारतीय मानक ब्यूरो, लखनऊ शाखा कार्यालय ने सतत विकास के तहत मानकों का हमारे अर्थव्यवस्था में महत्व को बताया एवं मानकीकरण पर जोर देते हुए बताया कि कैसे मानक दिन प्रति दिन गुणवत्ता उत्थान में और नई ऊंचाइयों को छू रहा है और इसी के साथ बताया कि बीआईएस की गतिविधियां जैसे मानक संवर्धन, प्रचार प्रसार के द्वारा जागरूकता को बढ़ाया गया है, जिससे गुणवत्तापूर्ण उत्पादों और सेवाओं के माध्यम से देश की प्रगति सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर बीआईएस के गतिविधियों एवं योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी सुयश पांडे उपनिदेशक भारतीय मानक ब्यूरो लखनऊ द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम में डॉ राजेश पांडा एकेडमिक इंचार्ज सीपेट लखनऊ और रविन्द्र किशोर क्वालिटी कंट्रोल हेड रिलायंस इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड ने सतत विकास पर अपना तकनीकी प्रस्तुति दिया। कार्यक्रम में शरद कुमार- संयुक्त निदेशक ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यक्रम में मेसर्स सुरेका इंटरनेशनल को 9685 (टेक्सटाइल- सैंड बैग) के लिए आल इंडिया फर्स्ट लाइसेंस प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में आशुतोष राय- उप निदेशक, जितेश कुमार- उप निदेशक भारतीय मानक ब्यूरो, लखनऊ शाखा कार्यालय, और विभिन्न सरकारी विभाग के अधिकारियों, उपभोक्ता ग्रुप, एनजीओ, और उद्योग जगत के लोग उपस्थित रहे।

**पहल** | मुख्यमंत्री योगी के विजन के अनुसार प्रदेश की राजस्व परिषद की तहसीलों को मॉडल प्रशासनिक केंद्रों के रूप में किया जा रहा विकसित

# उप्र में बनेंगी फ्यूचर रेडी तहसीलें, डिजिटल इंडिया व ई-गवर्नेंस की दिशा में कदम

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार, प्रदेश के राजस्व प्रशासन को अत्याधुनिक, डिजिटल और भविष्य की जरूरत के लिए उपयोगी बनाने के उद्देश्य से फ्यूचर रेडी तहसीलों का निर्माण करा रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार प्रदेश की राजस्व परिषद की तहसीलों को मॉडल प्रशासनिक केंद्रों के रूप में विकसित किया जा रहा है। जहां अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त उच्च-स्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर, अत्याधुनिक डिजिटल सेवाएं, एआई जैसी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। इस संबंध में प्रदेश की राजस्व तहसीलों के सर्वे और फ्रेमवर्क निर्माण का कार्य चल रहा है, जिसे जून 2026 में पूरा करने की समय सीमा निर्धारित की गई है। फ्यूचर रेडी तहसीलों का निर्माण प्रदेश में राजस्व सेवाओं को डिजिटल, पारदर्शी और कुशल बनाने के साथ ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देगा। उत्तर प्रदेश की फ्यूचर रेडी तहसीलों का निर्माण सीएम योगी आदित्यनाथ के डिजिटल अभियान का विस्तार है, जिसके तहत प्रदेश में राजस्व प्रशासन की सभी सेवाओं का डिजिटलाइजेशन किया जा रहा है। ताकि प्रदेश की राजस्व सेवाओं को भविष्य की जरूरतों के मुताबिक अत्याधुनिक, सरल, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाया जा सके।

इसी क्रम में राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में प्रदेश में सभी राजस्व तहसीलों को फ्यूचर रेडी बनाने को स्वीकृति मिल गई है। जिसके तहत राजस्व तहसीलों में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स, ऑनलाइन रिकॉर्ड मैनेजमेंट, ई-फाइलिंग सिस्टम और स्मार्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर स्थापित किए जाएंगे। इससे भूमि रजिस्ट्री, प्रमाण-पत्र जारी करना और विवाद निपटारा जैसी सेवाएं पूरी तरह डिजिटल हो जाएंगीं। नागरिकों को राजस्व सेवाएं घर बैठे उपलब्ध हो सकेंगी, जो समय और संसाधनों की बचत करेंगी।

### मॉडल प्रशासनिक केंद्रों के रूप में कार्य करेंगी फ्यूचर रेडी तहसीलें

राजस्व विभाग के अधिकारियों ने समीक्षा बैठक में बताया कि इस संबंध में प्रदेश की राजस्व तहसीलों के सर्वे कर, फ्रेमवर्क तैयार किया जा रहा है। सर्वे में तहसीलों की मौजूदा स्थिति, आवश्यक अपग्रेडेशन और भविष्य की जरूरतों का आकलन किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि कार्य के पूरा होने की समय सीमा जून 2026 निर्धारित की गई है। प्रदेश की राजस्व तहसीलों को आधुनिक डिजिटल तकनीकी से युक्त फ्यूचर रेडी, मॉडल प्रशासनिक केंद्रों के रूप में विकसित किया जाएगा। ये सीएम योगी आदित्यनाथ के डिजिटल इंडिया अभियान को तहसील स्तर तक पहुंचाने की मुहिम का हिस्सा है। इस मुहिम से नागरिक-केंद्रित ई-गवर्नेंस के साथ राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। ई-गवर्नेंस के तहत ब्लॉकचेन तकनीक और एआई-आधारित सिस्टम को भी शामिल किया जाएगा, जो डेटा सुरक्षा और फ्रॉड कार्रवाइयों की रोकथाम सुनिश्चित करेगा। साथ ही राजस्व प्रशासन के डिजिटलाइजेशन से प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में निवेश और विकास की गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। फ्यूचर रेडी तहसीलें उत्तर प्रदेश में डिजिटल इंडिया और ई-गवर्नेंस के माध्यम से प्रशासनिक क्रांति लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है, जो नागरिक-केंद्रित शासन को मजबूती प्रदान करेगा।

# प्रदेश में बिजली के निजीकरण का निर्णय वापस लेने की मांग तेज

**▸ पुडुचेरी में टेंडर निरस्त, आंध्र सरकार की घोषणा से आन्दोलित कर्मी उत्साहित**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** पुडुचेरी में बिजली निजीकरण टेण्डर निरस्त किए जाने तथा आन्ध्र प्रदेश सरकार द्वारा बिजली निजीकरण का निर्णय वापस लिये जाने से प्रदेश के बिजली अभियंता और कार्मिक उत्साहित है। लम्बे अरसे से निजीकरण का विरोध कर रहे अभियंताओं और कर्मचारियों ने निजीकरण का निर्णय वापस लिये जाने की मांग को तेज कर दिया है।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कहा है कि पुडुचेरी में केंद्र सरकार द्वारा निजीकरण का टेंडर रद्द कर देने और आंध्र प्रदेश की सरकार द्वारा बिजली का निजीकरण न करने की घोषणा के बाद उत्तर प्रदेश सरकार को भी पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की प्रक्रिया निरस्त कर देनी चाहिए। संघर्ष समिति ने बताया कि केंद्र शासित प्रदेशों के बिजली विभाग के निजीकरण की केंद्र सरकार की घोषणा के बाद पुडुचेरी के बिजली विभाग के निजीकरण हेतु साढे तीन साल पहले टेंडर नोटिस प्रकाशित की गई थी।

निजीकरण की घोषणा होते ही पुडुचेरी के बिजली कर्मियों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया था। इस बीच हुए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में अदानी पावर कंपनी ने अगस्त, 2025 में पुडुचेरी अदानी पावर कंपनी लिमिटेड का रजिस्ट्रेशन कर दिया था।

## खबरें एक नजर में

### मारपीट के बाद युवक का चालान

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम भुड़खेड़ा में आपसी कहासुनी के बाद हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने एक युवक का शांति भंग की आशंका में चालान किया है। यह कार्रवाई गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से की गई। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी जितेंद्र पुत्रवेदप्रकाश का किसी बात को लेकर गांव के ही एक अन्य व्यक्ति से विवाद हो गया था। यह विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई, जिससे गांव में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मामले की जांच-पड़ताल शुरू की। जांच के बाद, पुलिस ने जितेंद्र पुत्र वेदप्रकाश निवासी ग्राम भुड़खेड़ा के विरुद्ध शांति भंग की आशंका को देखते हुए कार्रवाई की। संबंधित धाराओं के तहत उसका चालान किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई गांव में शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए की गई है। साथ ही, दोनों पक्षों को भविष्य में किसी भी प्रकार का विवाद न करने की सख्त हिदायत दी गई है। मामले में आगे की जांच जारी है।

### पुवायां में खेत से केबिल चोरी, दो नामजद युवकों पर लगा आरोप

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम जेवा में किसान ओमेंद्र कुमार सहित सात अन्य किसानों के खेतों से केबिल चोरी होने का मामला सामने आया है। किसानों ने पड़ोस के गांव कटका निवासी दो युवकों पर केबिल काटकर ले जाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पुवायां थाने में तहरीर दी गई है। यह घटना 5 तारीख की रात की बताई जा रही है। पीड़ित किसान ओमेंद्र मिश्र और अन्य लोगों के अनुसार, अज्ञात समय में उनके खेतों में सिंचाई के लिए लगी केबिल काट ली गई। अगले दिन जब किसान खेत पर पहुंचे तो केबिल गायब मिली। आसपास जानकारी करने पर किसानों को पता चला कि ग्राम कटका निवासी दो युवकों ने यह केबिल काटी है। इसके बाद उन्होंने दोनों पर चोरी का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। किसानों का कहना है कि केबिल चोरी हो जाने से उनके खेतों की सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है, जिससे फसल को नुकसान होने की आशंका है। पीड़ित ओमेंद्र मिश्र ने यह भी बताया कि आरोपी युवकों से उनका पूर्व में भी विवाद रहा है। पीड़ित किसानों ने पुवायां थाने में तहरीर देकर दोनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी रवि करन सिंह ने बताया कि उन्हें तहरीर मिल गई है और मामले की जांच कर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सिपाही पर अवैध लकड़ी छोड़ने का आरोप

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाने के एक सिपाही पर अवैध रूप से काटी गई आम की लकड़ी छोड़ने का आरोप लगा है। इस संबंध में सिंधौली निवासी भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष राजू गुप्ता ने आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से जिलाधिकारी से शिकायत दर्ज कराई हैं। शिकायत में कहा गया है कि बिना किसी वैध परमिट के आम के पेड़ काटकर लाई जा रही लकड़ी को एक कांस्टेबल ने पकड़ा था, लेकिन कथित तौर पर रुपए लेकर उसे छोड़ दिया गया। राजू गुप्ता ने आरोप लगाया कि पर्यावरण संरक्षण के नियमों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है और अवैध रूप से पेड़ काटे जा रहे हैं, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि बिना किसी कार्रवाई के थाने से आम की लकड़ी ई-रिक्शा पर लदी हुई बाहर निकलती दिखाई दी। इस पूरे मामले के प्रमाण के तौर पर उन्होंने फोटो भी खींचे हैं, जिन्हें शिकायत के साथ संलग्न किया गया है। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कांस्टेबल सुनील कदम से बात की गई तो उन्होंने बताया हां लकड़ी कोतवाली पकड़ कर लाये थे सूखी लकड़ी थी जिसे छोड़ दिया गया पता किया उसने स्वयं अपने काम के लिए काटी थी।

### शिकायत पर विधायक ने घटिया नाला निर्माण जेसीबी से तुड़वाया

**कांट, शाहजहांपुर।** नगर पंचायत क्षेत्र में नाला निर्माण में भ्रष्टाचार और मानकों की अनदेखी की शिकायत पर ददरौल विधायक अरविंद कुमार सिंह ने कड़ा रुख अपनाया। मौके पर जांच के बाद घटिया निर्माण को जेसीबी मशीन से उखड़वा दिया गया और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। बताया गया कि पत्रकार ललित तिवारी की पत्नी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त कर लौट रहे विधायक से मोहल्लेवासियों ने कांट-मदनापुर रोड से सामुदायिक शौचालय तक बनाए जा रहे नाले में घटिया सामग्री के उपयोग की शिकायत की। शिकायत मिलते ही विधायक ने तत्काल अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कांट नूर जहां और अवर अभियंता को मौके पर बुलाकर निर्माण कार्य रुकवाया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि करीब 450 मीटर लंबे और लगभग नौ लाख रुपये की लागत से बन रहे नाले में पीली ईंटों का प्रयोग किया जा रहा था, जो निर्धारित मानकों के विपरीत था। आरोप सही पाए जाने पर विधायक के निर्देश पर नगर पंचायत की जेसीबी मशीन से नाला निर्माण को उखड़वा दिया गया। इस मौके पर विधायक अरविंद सिंह ने कहा कि जनहित के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा सरकार भ्रष्टाचार मुक्त शासन के लिए प्रतिबद्ध है और ऐसी लापरवाही से सरकार की छवि खराब नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि आगे सभी कार्य गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ कराए जाएं। विधायक की त्वरित कार्रवाई से स्थानीय लोगों में संतोष देखा गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि हरजीत चौहान सहित कई सभ्रांत लोग मौजूद रहे।

### सड़क पर मरे पड़े गोवंश को बचाने के चक्कर में दो बसें आपस में भिड़ी, 6 सवारियां घायल



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जलालाबाद क्षेत्र में बरेली फर्रुखाबाद जाने वाली स्टेट हाईवे पर मंगलवार सुबह करीब 8:30 बजे थाना अल्लाहगंज क्षेत्र के गांव ढिंगरी के पास रोडवेज की दो बसें सड़क पर मरे पड़े गोवंश को बचाने के चक्कर में आपस में टकरा गए। कोहरा होने के कारण उन्हें दिखाई नहीं दिया और एक ही साइड से गोवंश को बचाने के चक्कर में दोनों की भिड़ंत हो गई। इस घटना से 6 लोग घायल हो गए जिन्हें आनन फान्न में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद में भर्ती कराया गया। जहां से दो की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार घायलों में सुधीर पुत्र लव कुश प्रसाद इसलामगंज अल्लाहगंज के परिचालक है.रोहित पुत्र प्रेम सागर निवासी मल्ल पुर थाना कांट चालक है जबकि मनोज सिंह पुत्र समर पाल सिंह मिर्जापुर के रहने वाले दूसरी बस के चालक हैं वही तीन सवारियां एक ही परिवार की है जो कि गांव बघापुर थाना जलालाबाद की रहने वाली है जिसमें रामसेवक पुत्र अरविंद, राजवती पत्नी राम सेवक एवं रोहित वर्मा शामिल है जो की जलालाबाद से रोहिलखंड डिपो की बस पर बैठकर दिल्ली के लिए जा रहे थे। जिसका नंबर UP78/KT9347 है जबकि शाहजहांपुर डिपो की बस जिसका नंबर UP78/JT8636 है जो दिल्ली से शाहजहांपुर आ रही थी। घटना की सूचना मिलने पर अल्लाहगंज थाने की पुलिस के सब इंस्पेक्टर मुलायम मिश्रा राजेश सिंह व कांस्टेबल दीपक मिश्रा मौके पर पहुंचे और उन्होंने मौके की जानकारी ली और उच्च अधिकारियों को जानकारी दी। गंभीर रूप से घायल होने के कारण दोनों बसों के कर्मचारी रोहित एवं सुधीर को मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर रेफर कर दिया गया है बाकी लोगों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद में चल रहा है।

# डीएम की अध्यक्षता में स्वच्छ पेयजल के संबंध में बैठक संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल के संबंध में बैठक कैंप कार्यालय के सभागार में आयोजित की गई। डीएम ने नगर निगम एवं नगर निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 3 दिनों में प्रत्येक वार्ड से अलग-अलग जगह के पानी का सैंपल लेकर लैब में टेस्ट कराया जाए। पानी की टंकियां को 15 दिनों में साफ कराया जाए। मलिन बस्तियों में साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि गत 6 माह में पेयजल के संबंध में प्राप्त शिकायतों का भी अवलोकन कर कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि नगरीय क्षेत्रों में सीवर लाइन एवं पेयजल पाइप लाइन के आपसी कास-कनेक्शन की नियमित जाँच सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी स्थान पर सीवर लाइन एवं पेयजल पाइप लाइन टूटी हुई, क्षतिग्रस्त या लीकेज की स्थिति में न हो।

नगरीय क्षेत्रों में सीवर लाइन एवं पेयजल पाइप लाइन टूट-फूट अथवा रिसाव की सूचना प्राप्त होते हुए तत्काल मरम्मत व पुनर्स्थापन की कार्यवाही की जाए।उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाये कि सीवर लीकेज की स्थिति में भी संबंधित क्षेत्र में में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति निर्बाध रूप से की जाए। जलापूर्ति से संबंधित पानी की टंकियों की नियमित रूप से साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। सभी कार्यो के लिए नगर निकाय, जलकल विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के मध्य प्रभावी समन्वय स्थापित किया जाए।उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में नलकूप, हैण्डपम्प, ओवर हेड टैंक, पाइप लाइन एवं अन्य उपकरणों का संचालन सही ढंग से सुनिश्चित हो जिससे स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति निर्बाध रूप से मिले। उपभोक्ता द्वारा उपयोग प्वाइंट पर जल के नमूने एकत्र कर उनका नियमित रूप से ओटी परीक्षण किया जाए। डीएम ने कहा कि लीकेज, टूटी फूटी पुरानी पाइप लाइनों को बदलने की कार्यवाही प्राथमिकता पर करायी जाए। इस अवसर पर नगर आयुक्त डा. विपिन कुमार मिश्र, एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण सनी सिंह, शहरी मोहम्मद अय्याज एवं नगर निकायों के ईओ मौजूद रहे।

## गन्ना किस्म को.शा. 17231 बिस्मिल को यूपी के अलावा अन्य राज्यों के लिए मंजूरी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद द्वारा निरन्तर प्रदेश के गन्ना किसानों के लिए नवीनतम गन्ना किस्मों का विकास किया जाता है। इसी क्रम में संस्थान द्वारा गन्ना किस्म को.शा. 17231 को वर्ष 2022 में विकसित किया गया। जिसे अब केन्द्रीय कृषि मंत्रालय के अधीन कार्यरत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा संचालित अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना के अंतर्गत केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चैहान ने 25 फसलों की 184 नवीन किस्मों को स्वीकृति प्रदान की है, जिसमें गन्ना फसल में उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर की किस्म को.शा. 17231 को उत्तर प्रदेश के अलावा अब हरियाणा, पंजाब, उत्तराखण्ड एवं राजस्थान के किसानों के लिए भी स्वीकृति दी गयी है। बता दें इस किस्म का उपनाम बिस्मिल काकोरी काण्ड के नायक अमर शहीद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल के सम्मान में रखा गया है। परिषद के निदेशक वीके शुक्ल ने बताया कि अभी तक यह किस्म केवल उत्तर प्रदेश में ही खेती हेतु स्वीकृति थी, लेकिन केन्द्रीय समिति की स्वीकृति के बाद अब यह अन्य प्रदेशों में भी सफलतापूर्वक उगायी जा सकती है। इस किस्म के ब्रीडर डा. अरविन्द कुमार ने बताया कि यह किस्म लालसड़न रोग के प्रति रोगरोधी है तथा इस किस्म की औसत उत्पादन क्षमता 86.35 टन प्रति हेक्टेयर तथा चीनी परता पोलः इन केन 13.97 प्रतिशत पाई गयी है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. अजय तिवारी ने बताया कि यह किस्म किसानों की आय बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी। प्रसार अधिकारी डा. संजीव पाठक ने संस्थान की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए निदेशक एवं पूरी टीम को बधाई दी।

## नाले में गदंगी का अंबार, दुकानदार परेशान



**जैतीपुर-शाहजहांपुर।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत अगरोली के स्टेट हाईवे के किनारे बना नाला कूड़ेदान में तब्दील है। वहीं आकाश यादव ने बताया है की उनकी नवादा मोड़ स्थित स्टेट हाईवे के किनारे मोबाइल रिपेयर जन सेवा केंद्र की दुकान है। उसके सामने और आसपास नाले में इतनी ज्यादा गंदगी रहती है कि अपने आपने आप सफाई करने को मजबूर हैं, और जब से यह नाला बना है अभी तक यहां कोई भी सफाई कर्मचारी नहीं आया है। वहीं ग्राम प्रधान खुशबू उर्फ अंजलि के भाई ने बताया की जो नाला स्टेट हाईवे के किनारे बना है। उसके सामने जो दुकाने हैं उन्होंने अपने-अपने आगे नाले में मिट्टी डालकर बिल्कुल बंद कर दिया है और नाला यह स्टेट हाईवे वालों ने बनवाया था जो कि अभी पूरी तरीके से कंप्लीट नहीं हुआ है और जिस जगह नाले के ऊपर पटले पड़े हैं। उस जगह सफाई कर्मचारी के द्वारा सफाई कराई जाती हैं।

### दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु दिव्यांग दंपति करें आवेदन

**शाहजहांपुर।** जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित किया जाता है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत ऐसे दिव्यांग दंपत्ति जिनका विवाह वित्तीय वर्ष 2024-25 अथवा 2025-26 में सम्पन्न हुआ है। उन्हें अनुदान दिये जाने का प्रावधान है। वर के दिव्यांग होने पर 15000 हजार बहू के दिव्यांग होने पर 20000 हजार एवं पति पत्नी दोनों के दिव्यांग होने पर 35000 हजार पुरस्कार स्वरूप अनुदान दिया जाता है। ऐसे पात्र दिव्यांग दम्पत्ति उपरोक्त समयावधि में हो चुका हो वह अपना आवेदन ऑनलाइन कर सकते हैं। आवेदन आनलाइन करते समय आवेदक की दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो, उम्र प्रमाण पत्र, जिसमें जन्मतिथि का अंकन हो. मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, (यूडीआईबी कार्ड), शादी का कार्ड, अधिवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र एवं राष्ट्रीकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता आदि के साथ वेबसाइट पर आवेदन 10 जनवरी तक ऑनलाइन करा सकते है तथा ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात हार्ड कॉपी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय विकास भवन कमरा नबर 104 में जमा करना आवश्यक है। किसी अन्य जानकारी हेतु कार्यालय समय में सम्पर्क कर सकते हैं।

## सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा मंगलवार

- अधिकतम तापमान दो डिग्री लुढ़का, सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

भीषण ठंड का कहर लगातार जारी है, तो वहीं मंगलवार को ठंड ने रिकार्ड तोड़ दिया हैं। आज सीजन का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया। 6 जनवरी को न्यूयतम तापमान 5.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है तो वहीं अधिकतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया हैं। जबकि बीते सोमवार की बात करें तो अधिकतम तापमान 14.4 और रविवार को 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। भीषण ठंड के कारण लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है तो वही दुकानदारों के व्यापार पर भी ठंड का असर देखने को मिल रहा हैं। हालांकि प्रशासन की ओर से ठंड के बचाव रैन बसेरा और अलाव की व्यवस्था की गई है। आंकड़ों की बात करें तो नगर निगम क्षेत्र में 65 स्थानों पर अलाव जलाने की बात कही जा रही है तो वहीं 3 स्थाई और 2 अस्थाई रैन बसेरा संचालित किए गए है। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से भी भीषण में बड़े बुजुर्गों एवं बच्चों के लिए खास एडवाइजरी जारी करके ऐहितियात बरतने की अपील की गई। साथ ही परिवहन विभाग की ओर से भी कोहरे में हादसों की रोकथाम के लिए वाहन चालकों को जागरूक किया जा रहा है।

## डीएम की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय वित्तमान समिति की बैठक संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय वित्तमान समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में आयोजित की गयी। बैठक में वर्ष 2026-27 में कृषि, औद्यानिक, गन्ना, पशुपालन, मत्स्य पालन की विभिन्न फसलों, क्रियाओं की वित्तमान निर्धारित किये जाने के लिए नवीन दरों पर विस्तृत चर्चा की गयी। वित्तमान में प्रमुखता से धान व गेहूं की नवीन दरें यथा 85250 रुपये प्रति हेक्टेयर स्वीकृत की गयी जो गत वर्ष 2025-26 से 12.2 प्रतिशत अधिक है तथा गेहूं की नवीन दरें यथा रूपये 86150 रुपये प्रति हेक्टेयर निर्धारित की गयी जो गत वर्ष से 7.2 प्रतिशत अधिक हैं। इस अवसर पर कृषि उपनिदेशक पुरुषोत्तम कुमार मिश्र, जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर जिला, जिला कृषि सुरक्षा अधिकारी संजय कुमार, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र नियामतपुर डा. एनपी गुप्ता, सहायक एवं आयुक्त सहायक निबन्धक सहकारिता अखिलेश प्रताप सिंह, एएलडीएम रवि शर्मा, डीडीएम नाबार्ड प्रवेश गंगवार, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. भरत सिंह सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### खेत से गन्ना तोड़ने का आरोप लगाते हुए बालक की पिटाई की, वीडियो वायरल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** खेत से गन्ना तोड़कर लाने के दौरान एक बालक को पिता पुत्र ने उनके खेत से गन्ना तोड़ने का आरोप लगाते हुए पिटाई कर दी। पीड़ित मान ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव रतूली निवासी स्व कमलेश की पत्नी गोदावती ने पुलिस को बताया कि सोमवार को दोपहर उसका नौ वर्षीय बेटा शिवम अपने खेत से गन्ना तोड़कर ला रहा था। रस्ते में गांव के शंकर पुत्र गिरधारी व उसके बेटे राजा ने शिवम पर उनके खेत से गन्ना तोड़ने का आरोप लगाते हुए लात घूंसे व गन्ने से पिटाई कर दी। जिससे शिवम के बंद गम्भीर चोटें आईं। बकौल गोदावती घटना की वीडियो वायरल होने पर आरोपी उसके दरवाजे पर आकर वीडियो डिलीट करवाने का दबाव बनाते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। पुलिस ने घटना की पड़ताल में पुष्टि होने पर कार्यवाही किए जाने की बात कही है।

## यातायात नियम का पालन करना प्रत्येक नागरिक का दायित्वः सीओ

- बरेली मोड़ पर चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत बरेली मोड़ चौराहे पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक नगर देवेन्द्र कुमार के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी यातायात संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में बरेली मोड़ चौराहा पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा मित्रों के सहयोग से ई-रिक्शा चालकों एवं आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाने, सड़क दुर्घटनाओं से बचाव तथा स्वयं एवं अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बताया गया कि सड़क पर चलते समय यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। नियमों का पालन कर न केवल अपनी, बल्कि सड़क पर चल रहे प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने जागरूक करते हुए बताया दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य धारण करें, चौपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, वाहन में क्षमता से अधिक सवारी लेकर यात्रा न करें, नशे की अवस्था में वाहन न चलाएँ, नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दें, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की सहायता कर राहवीर बनें, जिसके अंतर्गत 25,000 हजार का नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाने का प्रावधान है। इस अवसर पर यात्री, माल कर अधिकारी आर.पी. गौतम, प्रभारी यातायात विनय कुमार पाण्डेय एवं सड़क सुरक्षा मित्र सूरज शर्मा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा सुरक्षित एवं अनुशासित यातायात व्यवस्था को सुनिश्चित करना रहा।

### बाइक आपस में टकराने से युवक घायल

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के बिलंदपुर गद्दी की बाजार में सोमवार शाम करीब पांच बजे दो बाइकों की टक्कर हो गई, जिसमें एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मियांपुर निवासी दीपू (26) शाम के समय बाइक से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान इदरखू जिगनिया निवासी दीपक (25) भी बाइक से उसी मार्ग से गुजर रहा था। बाजार क्षेत्र में दोनों बाइकों की आपस में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दीपू गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा, जबकि दूसरी बाइक सवार को हल्की चोटें आने की बात बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से घायल दीपू को उपचार के लिए अस्पताल भेजने की व्यवस्था की। हालांकि परिजन उसे प्राथमिक उपचार के बाद एक निजी क्लीनिक ले गए।

### चौधरी क्रिकेट एकेडमी में मारवाह सुपर लीग टूर्नामेंट का आयोजन

## ग्रुप डी ने ओसीएफ एच को 41 रनों से हराया

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**








मारवाह सुपर लीग टूर्नामेंट में ओसीएफ एच एवं ग्रुप डी के बीच मुकाबले में ग्रुप डी ने जीत दर्ज की। जिसके बाद एकेडमी द्वारा प्रतिभावान खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। नगर के मारवा मॉडर्न स्कूल में क्रिकेट कोच अमित चौधरी द्वारा संचालित चौधरी क्रिकेट एकेडमी में चल रहे मारवा सुपर लीग टूर्नामेंट में वरिष्ठ पत्रकार आर एल तिवारी को बैज लगाकर सम्मानित किया गया। मंगलवार को ओसीएफ ग्रुप एच एवं ग्रुप डी के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। जिसमें ग्रुप डी के कप्तान अभय दीक्षित ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। ग्रुप डी की टीम ने निर्धारित 30 ओवरों में 8 विकेट खोकर 216 रन बनाए और ग्रुप एच के लिए 217 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा कर दिया। ग्रुप डी के बल्लेबाज शोभित कुमार ने 60 रन तथा आदिल खान ने 51 रन बनाकर शतकीय साझेदारी की। तथा बाला प्रसाद मिश्र ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए सात चौकों की मदद से 48 रन बनाएं। वही ओसीएफ एच की टीम के गेंदबाजों में दीपक ने अपने 6 ओवरों में 34 रन देकर दो विकेट तथा आदित्य वर्मा ने अपने पांच ओवरों में 25 रन देकर दो विकेट झटके। वही लक्ष्य का पीछा करने उतरी ओसीएफ एच टीम 29.3 ओवरों में 175 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। ग्रुप एच के बल्लेबाजों में आदित्य वर्मा ने 57 रन, कप्तान अतुल ने 44 रन बनाकर एक साझेदारी की। लेकिन ग्रुप डी के गेंदबाजों ने इस महत्वपूर्ण साझेदारी को तोड़ दिया। जिसके बाद ग्रुप एच के बल्लेबाज आउट होकर पवेलियन वापस जाते रहे और ग्रुप डी के गेंदबाजों में कप्तान अभय दीक्षित ने 6 ओवरों में 40 रन देकर चार विकेट झटके। वही फहाद अली ने किफायती गेंदबाजी करते हुए अपने 6 ओवरों में 21 रन देकर दो विकेट लिए। ग्रुप एच और ग्रुप डी के इस मुकाबले में ग्रुप डी ने अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बल पर 41 रनों से मैच जीत लिया।

जिसके बाद क्रिकेट कोच एवं एकेडमी संचालक अमित चौधरी द्वारा दोनों टीमों के प्रतिभावान खिलाड़ियों को शील्ड एवं मेडल देकर सम्मानित किया ।खिलाड़ियों को यह सम्मान वरिष्ठ पत्रकार आर एल तिवारी द्वारा प्रदान किया गया। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार आर एल तिवारी ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अनुशासन कड़ी मेहनत और टीम भावना ही सफलता की कुंजी है। खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए और हर चुनौती को अवसर समझ कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिए। उन्होंने कहा की गलतियां तो होती हैं उन्हीं गलतियों से खिलाड़ियों को सीखना चाहिए और हार नहीं माननी चाहिए। इस दौरान क्रिकेट कोच अमित चौधरी ने कहा कि यह सिर्फ एक मैच नहीं यह खुद को साबित करने का मौका है । अपनी पूरी लगन और मेहनत से मैदान पर खिलाड़ियों को खेलना चाहिए।

### संबंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मो. सैफ व उसकी पत्नी श्रीमती शीजा निवासी ग्राम रावतपुर शाहजहांपुर को अपनी जिदंगी व चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। शौकत अली पुत्र स्व. हसमत अली नि.ग्रा. रावतपुर, शाहजहांपुर।

# जिले में डीएम ने मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**छह जनवरी से छह फरवरी तक चलेगा विशेष अभियान, नए मतदाताओं से फॉर्म-6 भरने की अपील**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी व डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने गांधी फैज-ए-आम महाविद्यालय में मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का गुब्बारे उड़ाकर एवं दीप जलाकर शुभारंभ किया। उन्होंने वोटर रजिस्ट्रेशन कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया। डीएम ने जानकारी दी कि यह मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम 6 जनवरी 2026 से 6 फरवरी तक संचालित किया जाएगा। डीएम ने बताया कि जिले की 18 लाख 11 हजार मतदाताओं की सूची छपकर प्रकाशित हो चुकी है, जिसे Shahjahanpur.nic.in पर देखा जा सकता है। यदि किसी मतदाता का नाम सूची से कट गया है, तो वह आपत्ति दर्ज करा सकता है तथा जिन लोगों को अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाना है, वह 6 फरवरी तक फॉर्म-6 ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन भर सकते हैं। 92 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं या उनके संबंधियों का नाम वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मिलान हो चुका है, जबकि जिन 1 लाख 70 हजार मतदाताओं का नाम मैच नहीं हुआ है, उन्हें एसडीएम के माध्यम से नोटिस भेजा जाएगा। डीएम ने कहा कि यह अभियान एक माह तक चलाया जाएगा, जिसमें 1 जनवरी को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी युवा फॉर्म-6 भरकर



संबंधित बीएलओ के पास जमा कर सकते हैं अथवा ऑनलाइन आवेदन कर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदाता सूची में नाम दर्ज होना अनिवार्य है। बिना मतदाता सूची में शामिल हुए कोई भी व्यक्ति अपने प्रतिनिधि का चयन नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वे सभी मतदाता सूची में शामिल होने के पात्र हैं। मतदाता सूची में नाम होने पर ही मतदान का अधिकार प्राप्त होता है। देश की खुशहाली एवं अपने मनपसंद प्रतिनिधि को चुनने के लिए सभी पात्र नागरिकों को मतदाता पंजीकरण अवश्य कराना चाहिए। डीएम ने विद्यार्थियों से यह भी अपील की कि 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह चल रहा है, जिसके अंतर्गत सभी बच्चे रील, वीडियो, पोस्टर, स्लोगन आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक करें। अच्छा कार्य करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा। एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र ने भी एसआईआर के संबंध में जानकारी दी और नए मतदाताओं को वोटर लिस्ट में जोड़ने की प्रक्रिया विस्तार से बताई। उन्होंने सभी 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं से फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम शामिल कराने की अपील की। विद्यालय की छात्रा अलवीरा खान ने मतदाता जागरूकता विषय पर प्रभावशाली भाषण दिया। इसके साथ ही अन्य विद्यार्थियों ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर उप जिला अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार, जीएफ कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर मोहसिन हसन खां, स्वीप-इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के नोडल अधिकारी प्रोफेसर खलील अहमद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** सिधौली थाना क्षेत्र के बरौरा गांव में मारपीट का मामला सामने आया है। गांव निवासी कपिल ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 4 जनवरी को वह अपनी मोटरसाइकिल से सिधौली जा रहा था। रास्ते में गांव के ही रोहित, मोनू तथा मोनू के एक रिश्तेदार ने उसे गांव से कुछ दूरी पर रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। मौके पर आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया, जिसके बाद कपिल अपने घर लौट आया। आरोप है कि इसके कुछ समय बाद उक्त तीनों लोग कपिल के घर पहुंच गए और गंदी-गंदी गालियां देते हुए लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। मारपीट में कपिल के सिर में गंभीर चोट आई। उसे बचाने पहुंचे उसके माता-पिता के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। घटना की सूचना पर कपिल की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## खबरें एक नजर में

### करणी सेना के जिलाध्यक्ष पर रंगदारी मांगने पर मुकदमा दर्ज



**पीलीभीत।** करणी सेना के जिलाध्यक्ष पर रंगदारी का मुकदमा दर्ज किया गया है। विकलांग व्यापारी को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है।पीलीभीत के थाना पूरनपुर क्षेत्र के एक व्यापारी ने करणी सेना के जिलाध्यक्ष पर रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। व्यापारी का आरोप है कि जिलाध्यक्ष ने उनसे 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी।व्यापारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि जिलाध्यक्ष ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी है। व्यापारी ने बताया कि वह विकलांग है और उसकी दुकान से ही परिवार का पालन-पोषण होता है। पुलिस ने व्यापारी की तहरीर पर जिलाध्यक्ष के खिलाफ रंगदारी और धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और जल्द ही जिलाध्यक्ष को गिरफ्तार करने की बात कही है।

### पुत्री का भगा ले जाने का आरोप

**सिधौली, शाहजहांपुर।** पिता की तहरीर पर बेटी को बहला फुसला कर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी 13 वर्षीय बेटी त्रिलोकी नाथ मंदिर निकट पैना गांव मेला देखने गई थी जनपद पीलीभीत थाना माधौटांडा निवासी गांव जमुनिया मनोज राठौर बेटी को 29 दिसंबर को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। मनोज का अपनी बहन के यहां पैना गांव में आना जाना था। पुलिस ने पिता की तहरीर पर मनोज राठौर के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### भाजपा नेता ने बांटे कंबल



**सिधौली, शाहजहांपुर।** इस समय कड़ाके की ठंड चल रही है जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त होकर रह गया। इंसानो के साथ, साथ पशु ,पक्षी भी कड़ाके की ठंड में कांप से रहे हैं मानो सबकुछ ठिठुर सा रहा है। सड़कों पर आवा गमन बहुत प्रभावित हो गया है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए सिधौली क्षेत्र के गांव बहादुरपुर बुजुर्ग निवासी भाजपा युवा नेता प्रदीप सिंह चौहान ने बहादुरपुर बुजुर्ग में घर-घर जाकर बड़े बुजुर्गों को कंबल वितरण किये और आशीर्वाद लिय।और उनके इस जनहित के सराहनीय कार्य को बड़े बुजुर्गों ने बहुत दिल से दुआएं दी कम्बल प्राप्त कर्ता में सुनील, अनिल, बंगाली, सहित दर्जनों बुजुर्गों ने कंबल प्राप्त कर दिल से दुआएं दी।

### शीतकालीन अवकाश 14 जनवरी तक घोषित: बीएसए



**शाहजहांपुर।** बीएसए दिव्या गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के नियन्त्रणाधीन कक्षा 1 से 8 तक संचालित सभी परिषदीय सहायता प्राप्त एवं सभी बोर्डो से संचालित मान्यता प्राप्त विद्यालयों में 14 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। उन्होंने कहा कि उक्त आदेशों का कड़ाई से अनुपालन कराया जाएगा।

### एसडीए सचिव का चार्ज अपर नगरायुक्त को सौंपा

**शाहजहांपुर।** शासन से शाहजहांपुर नगर निगम में अभी पिछले माह भेजे गए, अपर नगर आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी को डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने शाहजहांपुर विकास प्राधिकरण के सचिव का चार्ज सौंपा है। जिसके बाद उन्होंने विधिवत ककरा स्थित प्राधिकरण दफ्तर जाकर विधिवत रुप से अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने शहर में अनाधिकृत कालोनियों, प्लाटिंग का डाटा तैयार कर कार्यवाही की रणनीति भी तैयार कर ली है। बता दें कि अभी तक प्राधिकरण सचिव का दायित्व सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार संभाल रहे थे।

### निशुल्क चिकित्सा शिविर में 310 मरीजों की हुई जांच, दवा वितरण की गई



**तिलहर - शाहजहांपुर।** हजरत सैयद शाह शमसुद्दीन मियां के सालाना उर्स शरीफ के पावन अवसर पर जायरीन एवं क्षेत्रीय नागरिकों की स्वास्थ्य सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज, बंथरा के चिकित्सकों द्वारा एक निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर लाभ उठाया। मेडिकल कैंप में कुल 310 रोगियों का परीक्षण किया गया । जिन्हें चिकित्सकों द्वारा आवश्यक परामर्श के साथ निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। कैंप में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपस्थिति रही, जिनमें एमडी मेडिसिन, एमडी, चर्म रोग विशेषज्ञ,ऑर्थोपेडिक सर्जन, नाकङ्कानङ्गला (ईएनटी) रोग विशेषज्ञ तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ शामिल थे। इसके अतिरिक्त कैंप में रोगियों की ईसीजी, शुगर तथा ब्लड प्रेशर की जांच की समुचित व्यवस्था भी की गई, जिससे मरीजों को एक ही स्थान पर समग्र स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकीं। मेडिकल कैंप का शुभारंभ सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां ने किया। इस अवसर पर उन्होंने वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों एवं सहयोगी टीम की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े ऐसे सेवा कार्य समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। उन्होंने कहा कि उर्स शरीफ के दौरान आयोजित यह मेडिकल कैंप मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण है । जिससे जरूरतमंद लोगों को समय पर उपचार मिल सका। कैंप के समापन पर सज्जादा नशीन इकबाल हुसैन उर्फ फूल मियां द्वारा सभी चिकित्सकों, फार्मासिस्टों एवं सहयोगी टीम के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

### नौ दिन बाद भी नहीं लगा दलित नाबालिग दो बहनों का सुराग

**तिलहर-शाहजहांपुर।** लापता दलित चचेरी तहेरी नाबालिग बहनों के मामले में पुलिस के नौ दिन बाद भी हाथ खाली हैं। पुलिस ने कई युवकों को हिरासत में लेकर पूंछताछ की लेकिन नतीजा शून्य रहा। उधर पीड़ित परिवार बेटियों के साथ अनिष्ट की आशंका से ग्रस्त बेहाल हैं। वहीं बीते दिन लापता बहनों के नहीं मिलने से बसपा नेताओं एवं हिंदू संगठनों ने पुलिस के खिलाफ नाराजगी जताई। नगर के मोहल्ला निजामगंज निवासी संतोष कुमार की 14 वर्षीय पुत्री मधु तथा बड़े भाई किशन की 16 वर्षीय बेटी प्रियांशी जो जीजीआईसी की छात्राएं हैं। बीती 29 दिसंबर की सुबह साढ़े नौ बजे दोनों स्कूल ड्रेस में तैयार होकर कॉलेज के लिए घर से निकली थीं। जो कॉलेज न जाकर लापता हो गईं थीं। उक्त मामले में एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने पुलिस एवं एसओजी की टीमों को किशोरियों की तलाश में जुटाया था। पुलिस ने इस मामले में कई युवकों को हिरासत में लेकर पूंछतांछ की। लेकिन नतीजा शून्य रहा। बीते दिन पीड़ित परिवारों के साथ बसपा जिला अध्यक्ष उदयवीर सिंह एवं विश्व हिंदू परिषद के सुरेश शर्मा पप्पू ने दोनों बहनों को बरामद करने के लिए कोतवाल जुगल किशोर पाल से वार्ता भी की थी। लेकिन अभी तक लापता बहनों का कोई सुराग नहीं लग सका है। जिससे पुलिसिया कार्यवाही पर प्रश्न चिन्ह लगना स्वाभाविक है।

## जन-सुनवाई दिवस में 5 शिकायतों में 3 का निस्तारण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर आयुक्त महोदय डा.बिपिन कुमार मिश्र की अध्यक्षता में मंगलवार को सम्भव के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व नगर आयुक्त ने जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के



आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन-सुनवाई दिवस में 5 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर ही 3 का निस्तारण कराया गया। शेष समस्याओं के निस्तारण के लिए त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई दिवस में सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, सहायक नगर आयुक्त तरुण प्रताप सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा.मनोज कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य आदि मौजूद रहे।

## रोजा पुलिस ने मारपीट के मामले में तीन को किया गिरफ्तार

**सोमवार की शाम लोदीपुर में युवक के साथ हुई थी मारपीट, कई अज्ञात पर मुकदमा दर्ज**



**रोजा, शाहजहांपुर।** थाना रोजा के लोदीपुर में सोमवार की देर शाम युवक के साथ मारपीट करने के मामले में रोजा पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के विरुद्ध कई अज्ञात पर कई धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना रामचन्द्र मिशन क्षेत्र के रेती निवासी अंकित अवस्थी तहरीर दी कि सोमवार शाम हथौड़ा चौराहे से खिरनीबाग की तरफ अपनी बाइक से जा रहा था। लोदीपुर स्थित मस्जिद के पास वाले चौराहे पर उसकी बाइक पर ई रिक्शे द्वारा टक्कर मार दी गई। जब उसने उतरकर ई रिक्शा चालक से बाइक टूटने की बात कही तो, ई रिक्शा चालक उग्र होकर उसको मारने लगा। ई रिक्शा चालक द्वारा उसको मारते देख मौक पर खडे कामरान उर्फ खचड़ा, शाहरुख होटल वाला, चन्दू नाई, इमरान व 20-22 अज्ञात लोगों ने उसे बुरी तरीके से लात घूसो व डण्डो से यह कहकर मारने लगे कि तू अकेला हिन्दू आज यहाँ से जिन्दा घर नही जाएगा। उसकी चोटी खींचकर जान से मारने की नियत से मारने लगे। वहाँ पर जाते हुए राहगीरो ने विरोध किया तो सभी लोग वहाँ से भाग गए। रोजा पुलिस ने तहरीर के आधार पर कामरान उर्फ खचड़ा, शाहरुख होटल वाला, चन्दू नाई, सहित कई अज्ञात पर कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## घने कोहरे से सब्जियों व बागवानी को सुरक्षित रखने को एडवाइजरी जारी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

इस समय हल्की वर्षा एवं अन्य कृषि जलवायु अंचलों में मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है एवं जनपद में पड़ रहे घने कोहरे के कारण अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहने के साथ शीत दिवस से अति शीत दिवस रहने की संभावना है। जिसको लेकर जिला उद्यान विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी की गई है। शाकभाजी की व्यावसायिक खेती में सब्जियों के खेतों में विशेषकर टमाटर, मिर्च फसल में विषाणु रोग का प्रकोप अधिक हो रहा है। इसका फैलाव सफेद मक्खी व हापर कीट के द्वारा होता है। इसके फैलाव की रोकथाम हेतु फिप्रोनिल 5 प्रतिशत एससी अथवा इमिडाक्लोप्रिड 17.8 प्रतिशत एसएल 0.5 मिली को प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। जानकारी देते हुए उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक ने बताया कि आलू की फसल में झुलसा बीमारी की रोकथाम हेतु मैन्कोजेब, प्रोपिनेब व कार्यडाजिन युक्त फफूंदनाशी की 2.0-2.5 किग्रा मात्रा 1000 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर छिड़काव करें। जिन खेतों में बीमारी का प्रकोप हो चुका है, उनमें किसी भी फफूंदनाशक सायमोक्सेनिल 8 प्रतिशत मैन्कोजेब 64 प्रतिशत डब्ल्यूपी का 2-2.5 किग्रा मात्रा 1000 लीटर पानी में घोलकर 16-16 दिन के अंतराल पर छिडकाव करें। गोभीवर्गीय फसलों में डायमंड बैंक मौथ का प्रकोप होने पर क्लोरेन्टशनिलिप्रोल 0.5-1 मिली रसायन प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। टमाटर तथा मिर्च की फसल को झुलसा रोग से बचाव हेतु 0.2 प्रतिशत 2 ग्राम प्रति लीटर की दर से मैन्कोजेब का छिड़काव करें। फसल को रस चूसक कीटों से बचाव हेतु नीम सीढ कर्नल स्ट्रेक्ट 3-5 ग्राम या फिप्रोनिल 5 प्रतिशत एससी 0.5-0.75 मिली रसायन प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। साथ ही आम के बागों की जुताई करें ताकि मिज कीट, फल मक्खी, गुजिया कीट एवं जाला कीट की वे अवस्थाएँ जो जमीन में दूसरे वर्ष आने तक पड़ी रहती हैं, नष्ट हो जाएं, जनवरी माह में पुराने अनुपजाऊ बागों का जीर्णोद्धार अन्तर्गत घनी शाखाओं का कटाई-छंटाई का कार्य करें तथा कटे भाग पर कॉपर ऑक्सीक्लोराइड का लेप लगाएं। आम, लीची में मिलीबग गुजिया कीट को पेड़ों पर चढ़ने से रोकने के लिए पेड़ के तने पर चारों ओर 400 गेज की मोटी सफेद पॉलिथीन की 25 सेमी चौडी पट्टी लपेटकर भूमि से लगभग 40 सेमी ऊपर मिट्टी की ऊपरी परत चढ़ा दें तथा नियंत्रण हेतु 2 प्रतिशत लैम्बद्धा की ओर मिट्टी की पतली परत चढ़ा दें तथा नियंत्रण हेतु 2 प्रतिशत लैम्बडा साइहैलोधिन 10 प्रतिशत डब्ल्यूपी 100 ग्राम प्रति पेड़ तने के चारों ओर बुरकाव करें। आग में यदि शाखाओं में डाईबैक रोग, गोंद निकलने की समस्या हो तो पौधों की जड़ों के पास 200-400 ग्राम कॉपर सल्फेट प्रति वृक्ष की दर से प्रयोग करें तथा थायनोफिनट मिथाइल 1 मिली रसायन प्रति लीटर पानी में घोलकर पर्णीय छिड़काव करें। अमरूद की छाल खाने वाली इल्ली की रोकथाम के लिए सबसे पहले पतले तार या साइकिल की तीली से सुराखों की सफाई करें।

एकीकृत कीट प्रबंधन के लिए रबी मौसम की समस्त शाकभाजी फसलों में नीम सीड कर्नल एक्स्ट्रेक्ट 5 मिली प्रति 10 लीटर हल्के गरम पानी में मिलाकर छिड़काव करें। इसका छिड़काव 10-15 दिन के अंतराल पर करना चाहिए।

### किसान के खेत से रातों-रात निकाली मिट्टी, जांच में जुटी पुलिस

**पीलीभीत।** बढैरा न्याय पंचायत क्षेत्र में एक किसान के खेत से रातों-रात अवैध रूप से मिट्टी निकालने का मामला सामने आया है। पीड़ित किसान अमर कुमार ने इसकी शिकायत पीआरवी 112 से की, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने अवैध खनन को रुकवा दिया। लेखपाल दिनेश कुमार से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है और वे आज मौके पर जाकर रिपोर्ट तैयार करेंगे। एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और उन्होंने राजस्व टीम को मौके पर भेजकर जांच के निर्देश दिए हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषवियों के खिलाफ सख्त काननी कार्रवाई की जाएगी और अवैध खनन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि जिले में अवैध खनन के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

### दहेज नहीं मिला तो पति बोला तलाक तलाक तलाक

**पीड़ित पत्नी ने पुलिस को तहरीर देकर लगाई न्याय की गुहार**

**तिलहर - शाहजहांपुर।** नगर के मोहल्ला मौजमपुर निवासी गुलअफसा पुत्री जमील अहमद ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी मुस्लिम रीति रिवाज से करीब चार साल पहले गांव डभौरा निवासी अब्दुल कलीम पुत्र स्व हबीब अहमद के साथ हुई थी । शादी में घर वालों ने हैसियत के मुताबिक दान दहेज दिया था । किंतु उसके पति व ससुराल वाले दिए गए दान दहेज से संतुष्ट नहीं थे और बुलेट मोटर साइकिल व एक लाख रुपए की मांग करते हैं। जब मेरे घर वालों ने यह सब देने से मना किया। तो उसके पति, सास शाहीन, देवर अजीम, ननद कुलसुम व अलकमा उसके साथ मारपीट करते व गंदी-गंदी गालियां हैं। मायके के लोगों ने कई बार पंचायत की। किंतु ससुराल वालें उसे प्रताड़ित करते रहे। आरोप है कि सोमवार शाम को साढ़े छह बजे को उक्त सभी लोगों ने उसे बहुत मारा पीटा और उसे डेढ़ साल के बेटे अब्दुल करीम समेत धक्के मार कर घर से निकाल दिया । व मेरे पिता को फोन से कहा की अपनी बेटी व नाती को ले जा जब मेरे माता-पिता भाई जुबेर अहमद व अन्य रिश्तेदार मेरी ससुराल डभौरा पहुंचे और मेरे पति अब्दुल कलीम व सास शाहीन देवर अजीम व ननद अलकमा को समझने की बहुत कोशिश की तो उक्त सभी लोग एक हो गए, और मेरे घर वालों के साथ भी गाली गलौज करते हुए मारपीट करने को आमादा हो गए व सास, ननद और देवर ने मेरे पति से कहा कि इसे तीन तलाक देकर छुटकारा करो। इस पर उसके पति ने कहा कि मैं अपने होशो हवास में गुलफ़सा तुम्हें तलाक देता हूं तलाक देता हूं तलाक देता हूं। कहते हुए तीन तलाक दे दिया। जो उसके भाई जुबेर अहमद ने मोबाइल में रिकॉर्ड भी कर लिया। पीड़िता ने पुलिस को तीन तलाक की रिकॉर्डिंग भी सुनबाई।

### गोवंश के अवशेष मिलने से हड़कंप, ग्राम प्रधान ने लगाए आरोप

**पीलीभीत।** इरादतपुर पगार में गोवंश के अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया है। गांव के प्रधान ने ग्रामीणों पर ही आरोप लगाते हुए कहा कि शव दफनाए गए हैं।पीलीभीत के इरादतपुर पगार में गोवंश के अवशेष मिले, जिससे गांव में तनाव फैल गया। गांव के प्रधान रामपाल ने ग्रामीणों पर आरोप लगाते हुए कहा कि शव दफनाए गए हैं।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और अवशेषों को कब्जे में लिया। प्रधान के आरोपों की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और उन्होंने राजस्व टीम को मौके पर भेजकर जांच के निर्देश दिए हैं।जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त काननी कार्रवाई की जाएगी।

## फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य का किया गया प्रकाशन

**मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को फोटोयुक्त मतदाता सूची का वितरण**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के क्रम में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट बिस्मिल सभागार में आयोजित बैठक में जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन किया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक नामावलियो का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 4 नवंबर 2025 से 26 दिसंबर 2025 तक घर-घर गणना अवधि की कार्यवाही की गयी है। उक्त कार्यवाही के बाद मंगलवार को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों




का आलेख्य प्रकाशन किया गया। डीएम द्वारा सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों की प्रति उपलब्ध करायी गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर जिनकी आयु 18 वर्ष पूर्ण हो गया है, वह मतदाता अपना नाम मतदाता सूची बढ़ाने हेतु फार्म-6 घोषणा पत्र के साथ भरकर अपने बीएलओ, मतदाता पंजीकरण केन्द्र पर जमा कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेन्ट के माध्यम प्राप्त फार्म-6 पलब्ध कराया जायेगा। उक्त सूचना को मा0 भारत निर्वाचन आयोग को प्रतिदिन शाम 6 बजे तक भेजा जायेगा। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 में अनुपस्थित, शिफ्टेड, अन्य में त्रुटिवश मार्क होने से यदि नाम कट गया है वे भी मतदाता अपना नाम फार्म-6 घोषणा पत्र के साथ भरकर अपने बीएलओ, मतदाता पंजीकरण केन्द्र पर जमा कर सकते है। मतदाता सूची में किसी कारण नाम दर्ज होने से छूट गया है तो वे मतदाता भी अपना फार्म 6 घोषणा पत्र के साथ भरकर अपने बीएलओ, मतदाता पंजीकरण केन्द्र पर जमा कर सकते है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया है कि आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूची किसी कारण अभी मृतक, डबल, शिफ्टेड मतदाता रह गये है तो उसको बीएलओ द्वारा चिहिन्त करके फार्म-7 भरकर नाम मतदाता सूची में हटाये जायें तथा मतदाता सूची में किसी मतदाता का नाम त्रुटिपूर्ण हो तो वे मतदाता अपना नाम फार्म-8 भरकर अपना नाम शुद्ध करा सकते है।

## आंगनवाड़ी निर्माण में हीलाहवाली, बीडीओ कलान को प्रतिकूल प्रविष्टि

**पीएमश्री विद्यालयों में मिड डे मील शेड निर्माण दस दिन में पूरा करने के निर्देश**

**शाहजहांपुर।** गांव के विकास कार्यों को रफ्तार एवं चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक सीडीओ डॉ. अपराजिता सिंह ने जनपद के सभी बीडीओ के साथ की। उन्होंने कहा कि ओपन जिम, खेल के मैदान, मिड डे मील शेड निर्माण, गोशला निर्माण, आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण को जल्द से जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए गए हैं। सरकारी कामकाजों में हीलाहवाली किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सीडीओ ने मार्च तक आंगनबाड़ी केंद्र, मिड डे मील शेड पूरे करने के दिशा निर्देश दिए। इस दौरान समीक्षा में पाया कि 2022-23 के 3 आंगनबाड़ी केंद्र अभी तक कलान में पूरे




नहीं किए गए, तो उन्होंने बीडीओ को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने की कार्यवाही की है। इसके साथ ही मंगलवार को विकास भवन सभागार में गौशालाओं से संबंधित एक समीक्षा बैठक सीडीओ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जनपद के सभी खंड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सक, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव तथा गौशाला संचालन से जुड़े विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक के दौरान गौशालाओं के सुचारु संचालन, पशु स्वास्थ्य, देखभाल एवं व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने को लेकर चर्चा की गई तथा सीडीओ ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## विवादित सचिव को संरक्षण देने के आरोपों में घिरे डीपीआरओ, भाकियू भानु ने उठाए सवाल

**पूरनपुर, पीलीभीत, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत शेरपुर कला से जुड़े विवाद में अब जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) पर गंभीर आरोप लगने लगे हैं। भारतीय किसान यूनियन भानु ने डीपीआरओ पर आरोप लगाया है कि वह ग्राम पंचायत में तैनात विवादित सचिव को संरक्षण दे रहे हैं, जिसके चलते बार-बार शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। संगठन का कहना है कि यह मामला केवल एक पंचायत तक सीमित नहीं, बल्कि पंचायत व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है।भाकियू भानु के पदाधिकारियों के अनुसार ग्राम पंचायत शेरपुर कला के सभी पंचायत सदस्यों ने 30 दिसंबर 2025 को जिलाधिकारी को शपथ पत्र सौंपकर ग्राम पंचायत अधिकारी पर अभद्र व्यवहार, पंचायत सदस्यों की अनदेखी और विकास कार्यों में मनमानी के गंभीर आरोप लगाए थे। आरोप है कि सचिव पंचायत की बैठकों में सहयोग नहीं करता और सदस्यों के प्रस्तावों को जानबूझकर दबाया जाता है। इसके बावजूद डीपीआरओ स्तर से कोई विभागीय कार्रवाई शुरू नहीं की गई।संगठन का दावा है कि सचिव अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए पंचायत में तैनात सफाई कर्मियों के माध्यम से अवैध उगाही करवा रहा है। मनमाने ढंग से सफाई कार्य कराए जा रहे हैं और भुगतान में भी अनियमितता बरती जा रही है। इन सभी मामलों की लिखित शिकायतें जिला प्रशासन, डीपीआरओ और खंड विकास अधिकारी को दी गई, लेकिन हर स्तर पर फाइलें ठंडे बस्ते में पड़ी हैं।31 दिसंबर 2025 को पंचायत सदस्यों ने ग्राम प्रधान को पत्र देकर चेतावनी दी थी कि यदि सचिव को नहीं हटाया गया तो विकास कार्य ठप कर दिए जाएंगे। इसके बाद 1 जनवरी 2026 को ग्राम प्रधान ने भी जिलाधिकारी को पत्र भेजकर सचिव को हटाने की मांग की। 4 जनवरी को खंड विकास अधिकारी पूरनपुर को भी पत्र सौंपा गया, लेकिन कार्रवाई न होने से पंचायत सदस्यों और ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है।

भारतीय किसान यूनियन भानु ने सीधे तौर पर डीपीआरओ पर आरोप लगाते हुए कहा है कि विवादित सचिव को संरक्षण देने के कारण ही अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। संगठन का कहना है कि यदि डीपीआरओ निष्पक्ष होते तो जांच कराकर सचिव को हटाया जा सकता था, जिससे पंचायत में शांति व्यवस्था बनी रहती। भाकियू भानु ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सचिव के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो 10 जनवरी 2026 को ब्लॉक पूरनपुर में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद प्रयागराज में संगठन के शिविर से लौटकर जिला मुख्यालय पर भी प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी अप्रिय स्थिति की जिम्मेदारी प्रशासन की।

## वेनेजुएला पर हमला

पिछले लंबे समय से डोनाल्ड ट्रंप के निशाने पर रहे वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिकी हमले के बाद गिरफ्तार करना निस्संदेह, अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का घोर उल्लंघन है। एक संप्रभु राष्ट्र पर आक्रमण और उसके राष्ट्रपति को गिरफ्तार करके अमेरिका ले जाना अंतर्राष्ट्रीय दादागिरी का दुर्लभ उदाहरण है। उससे ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि ट्रंप ने ऐलान किया है कि सत्ता परिवर्तन होने तक वाशिंगटन इस लैटिन अमेरिकी देश का संचालन करेगा। यह एक खतरनाक परंपरा है, जिसकी पुनरावृत्ति अमेरिकी महाद्वीप से बाहर होने की आशंका भी बलवती हो सकती है। इसमें दो राय नहीं कि निकोलस मादुरो के पतन के बाद वेनेजुएला में मिश्रित प्रतिक्रिया होगी। अंतर्राष्ट्रीय साजिशों से मादुरो को लगातार खलनायक बनाने की कोशिशों में एक वैश्विक तंत्र लगा हुआ था। वैसे आरोप मादुरो पर लगे कि उन्होंने देश की अर्थव्यवस्था को खोखला किया, असहमतियों को कुचला और लाखों लोगों को निर्वासन के लिये मजबूर किया। उन पर चुनाव में धांधली और मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप भी लगते रहे हैं। लेकिन वैश्विक कूटनीति के जानकार मानते हैं कि ट्रंप के इस दांव का लक्ष्य तानाशाही के पीड़ितों को न्याय दिलाने या इस देश की संप्रभुता की रक्षा के बजाय वेनेजुएला के समृद्ध तेल भंडारों पर नियंत्रण हासिल करना ज्यादा रहा है। वहीं दूसरी ओर अमेरिका द्वारा सैन्य अभियान चलाकर देश से बाहर किसी शासनाध्यक्ष को गिरफ्तार करना तथा वहां की सत्ता को वाशिंगटन से संचालित करना निश्चय ही साम्राज्यवादी सोच का ही पर्याय है। निस्संदेह, इस अमेरिकी निरंकुशता के गहरे भू-राजनीतिक परिणाम सामने आएंगे। यहां तक कि मादुरो का विरोध करने वाले अमेरिका के सहयोगी देश भी, अब मुखर होकर चेतावनी देने लगे हैं। रूस और चीन इस अमेरिकी कार्रवाई को नियम-कानून आधारित वैश्विक व्यवस्था के लिये खतरा बता रहे हैं। वहीं वेनेजुएला के इस घटनाक्रम ने चीन को अपनी क्षेत्रीय महत्वाकांक्षाओं पर अमेरिकी आलोचना को बेअसर करने का भरपूर मौका दे दिया है। जिससे ताइवान की चिंताएं बढ़ सकती हैं। अमेरिका के इस कृत्य ने इराक और अफगानिस्तान में हमले व सेना की तैनाती की यादें ताजा कर दी हैं। ऐसे युद्ध जो अमेरिकी आत्ममुग्धता और अति-आत्मविश्वास से शुरू हुए, लेकिन उनका समापन अपमानजनक विदाई से हुआ। लेकिन इन हमलों के बाद वे देश कभी सामान्य नहीं रह पाए। वहीं ट्रंप की यह दलील कि मादुरो को पकड़ने के लिये चलाए अभियान का खर्च वेनेजुएला के तेल राजस्व से वसूला जाएगा, उसके प्राकृतिक संसाधनों पर अमेरिकी नियंत्रण की मंशा को ही दर्शाता है। वहीं अमेरिका ने यह स्पष्ट नहीं किया कि सुशासन, सुरक्षा के लिये वेनेजुएला की जनता की आकांक्षाओं वाले किस नेता को सत्ता हस्तांतरण किया जाएगा। भारत भी उन देशों में शामिल है, जिन्होंने घटनाक्रम पर चिंता व्यक्त की है। जो सही मायनों में भविष्य की वैश्विक चिंताओं के अनुरूप ही है। बहरहाल, देर-सवेर ट्रंप को अहसास होगा कि एक निरंकुश शासक को हटाना आसान है, लेकिन उस देश में दीर्घकालिक शांति-स्थिरता सुनिश्चित करने के लिये गंभीर प्रयासों की जरूरत होती है।

# युवाओं को हिंदुत्व की शक्ति पहचानने की जरूरत

**प्रमोद भार्गव**



**सनातन इतिहास और बड़े पैमाने पर अतीत में हुए धर्मांतरण के परिप्रेक्ष्य में यह याद रखने की जरूरत है कि भारत में कोई भी अहिंदू नहीं है, क्योंकि सबके मूल में हिंदुत्व है। तथाकथित सांस्कृतिक मार्क्सवाद की अस्मिता के लिए यह बड़ा प्रतिकार है। यह एक ऐसा क्षितिज है, जो भारत विभाजन और मतांतरण की पड़ताल करता है। 16 अक्टूबर 1905 को बंगाल के विभाजन और 30 दिसंबर 1906 को ढाका में अखिल भारतीय मुस्लिम लीग का गठन हुआ। इसके बाद से ही दो राष्ट्रों के रूप में भारत विभाजन की सुगबुगाहट आरंभ हो गई थी। ज्यादातर कांग्रेस नेता इन सुगाबुगाहटों से या तो निश्चिंत थे या फिर नजरअंदाज कर रहे थे। किंतु दूरदर्शी स्वतंत्रता सेनानी डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने अपने कानों में इस अनुगूंज को अनुभव किया।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शताब्दी यात्रा एक वैचारिक यात्रा है। मनुष्य की शारीरिक खुराक रोटी-पानी और हर हाथ को रोजगार के बाद जो सर्वाधिक जरूरी है, वह है मानसिक वैचारिक खुराक! इस खुराक में सब अस्मिताएं दर्ज हैं, जो किसी भी राष्ट्र के जीवंत रहने को प्रमाणित करती हैं। इसमें राष्ट्र की सीमाएं और उसमें आलोड़ित धर्म एवं संस्कृति के वे मूल्य अंतर्निहित रहते हैं, जिनमें भाषा, भेष-भूषा, खान-पान और रीति-रिवाज पारंपरिक रूप में गतिशील रहते हैं। इन भारतीय अस्मितावादी मूल्यों पर सबसे पहला बड़ा प्रहार इस्लामी आक्रांताओं ने किया, तो दूसरा प्रहार अंग्रेजों ने किया। इन प्रहारों ने सनातन संस्कृति के उन सब मूल्यों पर प्रबल आघात किए जो वैदिककाल से लेकर वर्तमान तक न केवल वर्चस्व बनाए हुए हैं, बल्कि अपनी संस्कृति के मूल स्रोतों से आज भी आंदोलित हो रहे हैं। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के यही अक्षुण्ण मूल्य भारत की अखंडता के आधार स्तंभ हैं।इस संदर्भ में विशिष्ठ उपलब्धियां प्राप्त कर चुके युवाओं को भोपाल में संदेश देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि %विश्व सत्य नहीं शक्ति की सुनता है। दुर्बल व्यक्ति सत्य भी बोले तो उसे कोई नहीं सुनेगा। ताकतवर की बात सही-गलत का विचार किए बिना सभी सुनते हैं। अतएव हमारे मत-पंथ संप्रदाय,भाषा और जाति भले ही अलग हों,लेकिन वह हिंदुत्व की पहचान ही है,जो हमें जोड़ती है। हमारी संस्कृति,धर्म और पूर्वज समान हैं।%वाकई यही समरस शक्ति हमें विश्व-शक्ति के रूप में स्थापित करने की ताकत रखती है। जैसे-जैसे हम इस गुरुत्वीय बल की एकरूपता में ढलते जा रहे हैं, वैश्विक स्तर पर हमारी शक्ति की स्वीकार्यता बढ़ती जा रही है।

सनातन इतिहास और बड़े पैमाने पर अतीत में हुए धर्मांतरण के परिप्रेक्ष्य में यह याद रखने की जरूरत है कि भारत में कोई भी अहिंदू नहीं है, क्योंकि सबके मूल में हिंदुत्व है। तथाकथित सांस्कृतिक मार्क्सवाद की अस्मिता के लिए यह बड़ा प्रतिकार है। यह एक ऐसा क्षितिज है, जो भारत विभाजन और मतांतरण की पड़ताल करता है। 16 अक्टूबर 1905 को बंगाल के विभाजन और 30 दिसंबर 1906 को ढाका में अखिल भारतीय मुस्लिम लीग का गठन हुआ। इसके बाद से ही दो राष्ट्रों के रूप में भारत विभाजन की सुगबुगाहट आरंभ हो गई थी। ज्यादातर कांग्रेस नेता इन सुगाबुगाहटों से या तो निश्चिंत थे या फिर नजरअंदाज कर रहे थे। किंतु दूरदर्शी स्वतंत्रता सेनानी डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने अपने कानों में इस अनुगूंज को अनुभव किया और भारत की तत्कालीन धार्मिक, सामाजिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों के आकलन के उपरांत इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि विभाजन की संभावना को टालने के लिए हिंदू समाज को न केवल संगठित करने की जरूरत है, अपितु राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने की भी जरूरत है। हिंदुओं में परस्पर एकता का अभाव और जातीय अस्मिता को बनाए रखने वाली सुप्त पड़ी चेतना के कारण बड़े हिंदू समाज में आंतरिक विखंडन और आत्मगौरव का क्षरण निरंतर बढ़ रहा है। हिंदुओं की लाचार मनस्थिति और मुस्लिम लीग का इस्लाम के आधार पर बढ़ते विस्तार की पृश्ठभूमि में 27 सितंबर 1925 को विजयादशमी के दिन, मात्र 50 स्वयंसेवकों के साथ हेडगोवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नींव रख दी। राष्ट्र और भारतीय समाज के निर्माण में लगे इस संघ की उम्र अब सौ वर्ष हो गई है। आज संघ अपने पुनीत उद्देश्य के साथ संपूर्ण समाज को संगठित बनाए रखने का मूल-मंत्र देते हुए भारत को एक सशक्त और परम वैभवशाली राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर है। इस मंत्र की अवधारणा के चरित्र में राष्ट्रीय संस्कारों के बीजारोपण के साथ समरसता और स्वदेशी के भावों को परिपक्व करना है। प्रत्येक मनुष्य के शरीर में एक अवचेतन मन होता है। यह हमारे दिमाग का वह हिस्सा है, जो हमारी चेतन जागरूकता के नीचे काम करता है। यह हमारे मस्तिष्क में दर्ज विचारों, भावनाओं और अंतक्रियाओं की पृष्ठभूमि में रहते हुए अंतर्चेतना को प्रभावित करता है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटने के बाद कांग्रेस नेता और मंत्री रहे गुलाम नबी आजाद ने कहा था कि %%इस्लाम का उद्भव तो मात्र 1500 वर्ष पहले हुआ है, अतएव भारत में कोई भी बाहरी नहीं है। हम सभी मुसलमान इसी देश के वासी हैं। मूल रूप में वे हिंदू ही हैं। बाद में उनका मतांतरण हुआ। कश्मीर में सभी मुसलमान कश्मीरी पंडितों से धर्मांतरित हुए हैं। अतएव सभी का जन्म सनातन हिंदू धर्म में ही हुआ है। आजाद ने यह बात डोडा के चिरल्ला गांव में 09 अगस्त 2023 को एक सभा में कही थी। बाद में यह वीडियो खूब वायरल हुआ था। फारुख अब्दुल्ला भी भगवान राम को सबके भगवान कहने के साथ अपने मूल में हिंदू होने को स्वीकार चुके हैं। सनातन संस्कृति की अवचेतन में आंदोलित हो रही जागृति की यह बात मजबूती से पाकिस्तान के प्रखर सिंधी राष्ट्रवादी नेता रहे जीएम सैयद ने बहुत तार्किक ढंग से उठाई थी। वे एक विद्वान लेखक थे। उन्होंने ही सिंधी पहचान के लिए वैचारिक आधार तैयार किया और सिंधुदेश आंदोलन की नींव रखी थी। वे 1937 में सिंध विधानसभा के सदस्य चुने गए और 1940 में शिक्षा मंत्री बने थे।

इन्होंने ही 1946 में कट्टरवादी मुस्लिम लीग से अलग होकर प्रोगेसिव मुस्लिम लीग की स्थापना की थी। 1970 के दशक में उन्होंने ही जय सिंध मुत्ताहिदा महाज एक सिंधी राष्ट्रवादी दल बनाया जिसका लक्ष्य सिंध को पाकिस्तान से पृथक कर स्वतंत्र देश का निर्माण था। आज भी पाकिस्तानी सेना की दमनकारी नीतियों के विरोध में जय सिंध मुत्ताहिदा महाज और जय सिंध कौमी महाज जैसे संगठन स्वतंत्र सिंधुदेश की मांग का अलख जगाए हुए हैं।

## बिना मुकदमे के कैद, लोकतंत्र कहां है

बिना मुकदमे के लंबी कैद लोकतंत्र के अस्तित्व पर सवाल उठाती है। इस समय भारत इसी सवाल से दो-चार हो रहा है। यूं तो रोजाना ढेरों प्रसंग ऐसे घटित हो रहे हैं, जिनमें लोकतंत्र को लेकर चिंता उपजती है, ऐसे वक्त में न्यायालय से आए कुछ फैसले आस बंधाते हैं कि सत्ता चाहे अपने स्वार्थ के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों और अधिकारों से समझौता कर ले, लेकिन देश की न्याय व्यवस्था हर हाल में लोकतंत्र की रक्षा करेगी। लेकिन सोमवार को उमर खालिद पर आए फैसले ने फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि देश में लोकतंत्र अब किस हाल में पहुंच गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को छात्र नेताओं उमर खालिद और शरजील इमाम को जमानत देने से इनकार कर दिया, जो 2020 के दिल्ली दंगों के मामले में पांच से ज्यादा वर्षों से जेल में बंद हैं। हालांकि कोर्ट ने अन्य पांच सह-आरोपियों - गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शादाब अहमद को सशर्त जमानत दे दी है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एन.वी. अंजारी की पीठ ने 10 दिसंबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। पूरे देश की नजरें सोमवार के फैसले पर थीं। ज्यादातर लोग उम्मीद कर रहे थे कि सभी सात आरोपियों को 5 जनवरी को जमानत मिल जाएगी। लेकिन अदालत ने उमर और शरजील को छोड़कर बाकी को जमानत दे दी।उमर खालिद और शरजील इमाम पर सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि इस मामले में अन्य आरोपियों की तुलना में वे श्अलग स्थितिश् में हैं। कोर्ट ने कहा कि मामले के शुरुआती सुबूतों से लगता है कि उमर खालिद और शरजील दंगों की योजना और रणनीति बनाने में शामिल थे। ध्यान देने वाली बात ये है कि उमर खालिद पर अब तक मुकदमा शुरु नहीं हुआ है। यानी चाहे जितने भी गंभीर आरोप हों और उसके लिए सबूत हों, अब तक उन्हें पुष्ट करने की प्रक्रिया शुरु ही नहीं हुई है। जब मुकदमा चलेगा और फैसला आएगा, तब पता चलेगा कि उमर खालिद दोषी थे या नहीं, लेकिन अभी उन्हें बिना दोषसिद्धि के ही पांच साल से ज्यादा की जेल तो भुगतनी पड़ ही गई है।और ये वो पांच साल हैं, जब व्यक्ति में सबसे अधिक ऊर्जा, रचनात्मकता, सकारात्मकता और सक्रियता होती है। 11 अगस्त 1987 को जन्मे उमर खालिद अभी 38 बरस के ही हैं। पीएचडी करने के बाद वे अपना भविष्य संवार सकते थे। लेकिन पढ़ने के दौरान और उसके बाद भी उन्होंने वंचितों के हक में आवाज उठाना जारी रखा, सरकार को परेशान करने वाले सवाल पूछे, नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ अपनी दलीलें पेश कीं, इस कानून के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों में हिस्सा लिया। और इसके बाद से वो सलाखों में कैद हैं।2020 से कैद उमर खालिद को एक मामले में अप्रैल 2021 में जमानत मिल गई थी, दूसरे मामले में उनके खिलाफ अनलॉफुल एंड एक्टिविटिज प्रिवेंशन एक्ट यानी यूएपीए के तहत आरोप लगाए गए हैं। इस मामले में अब तक दो अदालतें उनकी जमानत याचिका खारिज कर चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट में उनकी जमानत याचिका अप्रैल 2023 से लंबित थी, जो अब खारिज कर दी गई है। अदालत ने कहा कि इस आदेश के एक साल बाद या गवाहों की छानबीन पूरी होने के बाद उमर खालिद और शरजील इमाम जमानत के लिए फिर से अर्जी दाखिल कर सकते हैं। यानी निकट भविष्य में उमर की रिहाई की संभावनाएं नगण्य दिख रही हैं। कानून के जानकारों का कहना है कि उमर खालिद के खिलाफ जो सबूत हैं वो काफी कमजोर हैं इसलिए उन्हें जमानत पर बाहर आ जाना चाहिए।लेकिन क्या होना चाहिए और क्या हो रहा है के बीच ही सारी हकीकत बयां हो जाती है। हो ये रहा है कि बलात्कार और हत्या के दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह को एक बार फिर 40 दिन की पैरोल मिल गई है। डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख राम रहीम को 2017 में दोषी ठहराया गया था, उसी साल हरियाणा के रोहतक में उसे जेल भेजा गया। तब से लेकर अब तक उसे 15 बार अस्थायी रिहाई मिल चुकी है।

### विचार

# पाकिस्तान को लेकर हमारी प्रतिक्रियाएं अब बदल रही हैं

**लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन**



**सेना प्रमुख को चीफऑफडिफेंस फोर्सेस बनाना, सेना के सामूहिक ढांचे को समाप्त करना और परमाणु कमान को पूरी तरह सैन्य नियंत्रण में लाना- यह बताता है कि सारा नियंत्रण अब शीर्ष पर केंद्रित हो रहा है। भारत के लिए चुनौती यह है कि वह पाकिस्तान के इन संकेतों का जवाब कैसे दे, जिससे तनाव भी ना बढ़े और यह भी नहीं दिखे कि वह चुपचाप बैठा है। परमाणु धमकियों के कारण यदि पारंपरिक और मिश्रित प्रतिक्रियाएं भी रोक दी जाएं तो यह पाकिस्तान की प्रॉक्सी युद्ध की रणनीति को और प्रभावकारी बनाता है। इसलिए प्रतिरोध का मतलब है कि भारत दिखाए परमाणु हमले की धमकियां उसके विकल्पों पर पूर्ण विराम नहीं लगातीं।**

भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में अस्थिरता कायम है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही दोनों में कोई बड़ी लड़ाई, कूटनीतिक संबंधों में नाटकीय विच्छेद या लंबा सैन्य तनाव नहीं हुआ है, फिर भी रणनीतिक माहौल में महत्वपूर्ण बदलाव आए हैं। जो नियम कभी संकट के वक्त लागू होते थे- वे बदल रहे हैं। दोनों देश इस नई वास्तविकता के प्रति खुद को ढाल भी रहे हैं।

भारत के लिए वही सवाल आज भी कायम है कि पाकिस्तान प्रायोजित हिंसा अगली बार बर्दाश्त से बाहर हुई तो हम कैसी प्रतिक्रिया देंगे? हाल में दिल्ली में हुए कार ब्लास्ट ने चिंताएं और बढ़ा दी हैं। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि यह षड्यंत्र और व्यापक रूप ले सकता था, लेकिन उसे बीच में ही रोक दिया गया। ऐसे में उपरोक्त सवाल का जवाब घोषणाओं नहीं, हालिया अनुभवों और पाकिस्तान में हो रहे बदलावों में छिपा है। इसे समझने के लिए ऑपरेशन सिंदूर सबसे अहम संदर्भ है। इसने हमारे माइंडसेट को उजागर किया। भारत ने दिखाया कि वह परमाणु सीमा में रहते हुए संतुलित सैन्य बल इस्तेमाल करने को तैयार है। इसमें राजनीतिक मंजूरी जल्द मिल जाती है और लक्ष्य भी सीमित होते हैं। संदेश यह था कि आतंकवाद के जवाब में भारत अब महज संयम पर ही निर्भर नहीं रहेगा।उतना ही महत्वपूर्ण यह जानना भी है कि ऑपरेशन सिंदूर ने कौन-से संकेत नहीं दिए। भारत छोटे ऑपरेशन, तय समय सीमा और सैन्य तनाव में बढ़ोतरी के ऐसे तरीकों में नहीं बंधा, जिनका पूर्वानुमान लगाया जा सकता हो। कहीं भी यह नहीं कहा गया कि भविष्य में सैन्य कार्रवाई प्रतीकात्मक या निश्चित अवधि वाली होगी। यह अस्पष्टता भी मायने रखती है।

यदि विरोधी पहले ही जान ले कि जवाबी कार्रवाई कैसे, कब और कितनी देर में होगी तो वह उसे अपने आकलन में शामिल कर सकता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जानबूझकर ऐसे सवालों को अनुत्तरित छोड़ा गया था। जब भारत प्रतिक्रिया को लेकर अपना रुख स्पष्ट कर रहा था तो पाकिस्तान के भीतर भी बदलाव चल रहे थे। पाकिस्तानी संविधान में प्रस्तावित 27वां संशोधन महज एक कानूनी बदलाव नहीं है। सेना प्रमुख को चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस बनाना, सेना के सामूहिक ढांचे को समाप्त करना और परमाणु कमान को पूरी तरह सैन्य नियंत्रण में लाना- यह बताता है कि सारा नियंत्रण अब शीर्ष पर केंद्रित हो रहा है। भारत के लिए चुनौती यह है कि वह पाकिस्तान के इन संकेतों का जवाब कैसे दे, जिससे तनाव भी ना बढ़े और यह भी नहीं दिखे कि वह चुपचाप बैठा है। परमाणु धमकियों के कारण यदि पारंपरिक और मिश्रित प्रतिक्रियाएं भी रोक दी जाएं तो यह पाकिस्तान की प्रॉक्सी युद्ध की रणनीति को और प्रभावकारी बनाता है। इसलिए प्रतिरोध का मतलब है कि भारत दिखाए परमाणु हमले की धमकियां उसके विकल्पों पर पूर्ण विराम नहीं लगातीं। इसका मतलब अनावश्यक तनाव बढ़ाना नहीं, कार्रवाई की स्वतंत्रता बनाए रखना है। कश्मीर इस पूरे बदलाव का केंद्र बना हुआ है। हाल के वर्षों में कश्मीर घाटी की तुलना में जम्मू, खासकर रजौरी, पुंछ और कठुआ में अधिक हिंसा हुई है। यह मायने रखता है। पाकिस्तान का सियासी नैरेटिव और उसकी अंतरराष्ट्रीय स्थिति जम्मू के बजाय कश्मीर के इर्द-गिर्द घूमती है। घाटी में लंबे समय की शांति उस मुद्दे पर पाकिस्तान की प्रासंगिकता घटाती है, जिसे वह अपनी पहचान का मूल मानता है। पहलगाम हमला इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। यह किसी सतत अभियान की शुरुआत से ज्यादा ऐसे वक्त में कश्मीर में फिर से मौजूदगी दिखाने का प्रयास लगता है, जब वहां पर्यटन, नागरिक गतिविधियां और सामान्य स्थिति की भावना मजबूत हो रही थी। इतिहास गवाह है कि जब भी पाकिस्तान को कश्मीर में अपनी प्रासंगिकता घटती महसूस हुई, उसने खुले टकराव के बजाय सीमित तौर पर व्यवधान पैदा करने वाली हरकतों का सहारा लिया। स्पष्ट है कि भारत-पाकिस्तान रिश्ते किसी जरूरी टकराव की ओर नहीं बढ़ रहे हैं, लेकिन वे बदली हुई मान्यताओं के तहत संचालित हो रहे हैं। भारत ने बिना कोई सीमा तय किए जवाबी कार्रवाई की इच्छाशक्ति दिखाई है तो पाकिस्तान ने प्रॉक्सी रणनीति पर निर्भरता समाप्त किए बिना केंद्रीकरण के जरिए ताकत दिखाने का प्रयास किया है।



## राशिफल

**मेष:-** नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय की अपेक्षित है। सन्तति एवं सन्तानोत्पत्ति के लिए प्रयास सार्थक होंगे।

**बृषभ:-** शासन-सत्ता कें लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव। परिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

**मिथुन:-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी। घरेलू दायित्वो के प्रति आपकी महत्ता बढ़ेगी।

**कर्क:-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है।

**सिंह:-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें।

**कन्या:-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

**तुला:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुबिधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिक:-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में ब्यस्तता बढ.ेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनु:-** सम्बन्धों में ब्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकर:-** बिद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**कुंभ:-** अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिन्तित होगा।

**मीन:-** पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

# पर्याप्त संख्या नहीं सोच है !

**गिरीश्वर मिश्र**

**ये महंगा था और अपने खर्चों में किसी तरह कतर-ब्योंत कर ही इसे खरीद पाया था। दरअसल नया फोन, नया सोफा, नया जूता या फिर कोई भी नई चीज लेने के बाद हफ्ते भर बीतते न बीतते वह चीज साधारण, बासी और पुरानी लगने लगती है। तब फिर हम उसे अपने उपयोग में नहीं लाते। ऐसा होने के बाद उसके लिए हमारी इच्छा की तीव्रता भी कम होने लगती है, वह ढलने लगती है । साथ ही बहुतेरी इच्छाओं के बीच से चुनने का अतिभार जैसा भी होने लगता है। हमारे सामने सवाल है कि इसे कैसे कम किया जाय या किफ़ायती कैसे बना जाय ? हमारे मस्तिष्क की पुरस्कार प्रणाली को अधिक जीवंत और संतोषप्रद कैसे बनाया जाय ? थोड़ा और की प्रवृत्ति बताती है कि हमारा मस्तिष्क नए-नए संसाधनों को इकट्ठा करने में जुटा रहता है।**

हर कोई अपने लिए पर्याप्त संसाधन जुटाना चाहता है ताकि हर स्थिति का मुकाबला किया जा सके और इस बात की दौड़ लगी रहती है कि थोड़ा और हो जाता तो अच्छा होता। पर पर्याप्त की मरीचिका आगे-आगे भागती है और हम पीछा ही करते रहते हैं। आम आदमी की जिंदगी में अकसर ऐसी परिस्थिति आती रहती है जब सामने कोई नए मॉडल का फोन या कार, शर्ट या बैग या फिर कुछ भी नया लिए सजा-धजा दिखता है। इसे देख हमें भी लगता है कि वह सब मेरे पास भी हो । एक बार मेरे सामने भी एक युवा एक नए मॉडल के फोन के साथ फोटो खींच रहा था।

मेरे मन में भी हिलोर उठी और मुझे लगा कि मेरे पास भी यह फोन होना चाहिए । फिर मैंने अपनी इच्छा पर किसी तरह काबू पाया। मेरे पास दो साल बाद भी आज अपना पहले वाला ही फोन है और वह ठीक काम कर रहा है और मैं खुश भी हूं । अब एक दूसरी घटना लीजिए । पिछले साल मैंने एक आई पैड खरीदा । सोचा था इससे लिखने-पढ़ने का काम और अच्छी तरह और सुविधापूर्वक कर सकूँगा । पर आई पैड के आने के बाद मेरे काम धाम में कुछ ज्यादा फर्क नहीं पड़ा। ज्यादातर समय वह आई पैड पड़ा ही रहा और मैं अपने पुराने लैपटाप से ही काम करता रहा। आई पैड को दो एक बार पोंछ-पाछ कर चार्ज जरूर किया था।

ये महंगा था और अपने खर्चों में किसी तरह कतर-ब्योंत कर ही इसे खरीद पाया था। दरअसल नया फोन, नया सोफा, नया जूता या फिर कोई भी नई चीज लेने के बाद हफ्ते भर बीतते न बीतते वह चीज साधारण, बासी और पुरानी लगने लगती है। तब फिर हम उसे अपने उपयोग में नहीं लाते। ऐसा होने के बाद उसके लिए हमारी इच्छा की तीव्रता भी कम होने लगती है, वह ढलने लगती है । साथ ही बहुतेरी इच्छाओं के बीच से चुनने का अतिभार जैसा भी होने लगता है। हमारे सामने सवाल है कि इसे कैसे कम किया जाय या किफ़ायती कैसे बना जाय ? हमारे मस्तिष्क की पुरस्कार प्रणाली को अधिक जीवंत और संतोषप्रद कैसे बनाया जाय ? थोड़ा और की प्रवृत्ति बताती है कि हमारा मस्तिष्क नए-नए संसाधनों को इकट्ठा करने में जुटा रहता है। आदिम मनुष्य के जीवन में भोजन इकट्ठा करने और दीर्घ जीवन के लिए यह युक्ति कारगर थी । आज के दौर में पुरस्कार की जगह बदलाव और अप्रत्याशित फायदे हमें अधिक आकर्षित करते हैं। इस व्यवस्था ने हमारे पूर्वजों को इस बात के लिए प्रेरित किया था कि वे 'बस थोड़ा सा और' पाने की जुगत में ही उलझे रहें । तब यह निश्चित ही उपयोगी था क्योंकि इससे वे अस्पष्ट और अनिश्चय की स्थिति में भी जीवन यापन कर सके थे । सुरक्षा की दृष्टि से यह जरूरी था। आज की बात कुछ और है। हमारी दुनिया बहुत बदल चुकी है। अब वैसी असुरक्षा और अनिश्चय की स्थिति नहीं रही। 'थोड़ा और' अर्जित करने के अवसर अब हम पुराने माडल को अपग्रेड करने और अन्य चीजों के विकल्पों में बदल चुके हैं। इस बदली परिस्थिति में हम लोग जो कुछ हमारे पास पहले से है उससे जो ज़्यादा है या बढ़-चढ़ कर है उसे चाहने लगते हैं। यह नियति का खेल है कि एक समय जिस बात ने जीवन को खुशहाल बनाया था वह अब बेकार की फ़िज़ूलखर्ची और भयानक असंतोष के दुष्चक्र को जन्म दे रही है। यह तरीका उस दौर के लिए था जब परिवेश में असुरक्षा थी और उपलब्ध साधन सीमित थे। आज के अतिशय और अतिरेक के दौर के लिए वह मौजू नहीं रहा । आज सामाजिक मीडिया का भी तेजी से उभार है। हम सब लगातार किसी को अपने से अलग कुछ और करते या खरीदते देखते हैं। इस तरह का अनुभव करते हुए हम खुद को बड़ा मजबूर महसूस करने लगते हैं। हमारे लिए 'पर्याप्त' का आशय उस चीज को पाने से होता है जो हमारे पास मौजूद चीज से बाहर होता है । ऐसे में ÷कुछ और÷ या ÷थोड़ा और÷ कभी प्राप्त ही नहीं हो सकता । इच्छाओं के अनुकूलन की प्रवृत्ति के चलते आदमी जल्दी ही एक स्थिर ख़ुशी के स्तर पर वापस लौट आता है। 'थोड़ा और' कभी भी पर्याप्त इसलिए नहीं लगता कि हम इच्छाओं के अनुकूलन के शिकार होते रहते हैं। यानी हमारी प्रवृत्ति है कि हम बहुत जल्द एक अपेक्षाकृत स्थायी सुख के सामान्य स्तर पर आ टिकते हैं। जीवन में बड़ी सकारात्मक या ऋणात्मक घटना के बाद जैसे लाटरी या अशक्तता का ख़ुशी या दुख पर सिर्फ़ क्षणिक प्रभाव होता है। हम फिर वापस अपने सामान्य स्तर पर वापस आ जाते हैं। यह अनुकूलन हमारी प्रतिरोध क्षमता को तो सुदृढ़ करता है पर नई उपलब्धि के रोमांच का आकर्षण तेजी से घटने लगता है। प्रत्याशा बढ़ी तो यह ऊँचा होता है और धीरे-धीरे सामान्य अवस्था पर लौट आता है। हमारा ध्यान नई ख़रीद की ओर आकर्षित होने लगता है और अधूरी इच्छाओं को पूरा करने का क्रम चल पड़ता है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### मसीही समाज ने डीएम को पत्र देकर की पालिका द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य में रोक की मांग की



**महोबा।** मुख्यालय के राठ चुंगी के पास स्थित मसीही समाज के लाल बंगला एवं काला बंगला के पास नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य पर रोक लगाए जाने की मांग को लेकर समाज के लोगों द्वारा आज जिलाधिकारी को शिकायत पत्र सौंपा गया है। जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में मसीही समाज के लोगों ने बताया है कि अंग्रेजी शासन काल के दौरान 1895 में पहाड़िया पर लाल बंगला और काला बंगला का निर्माण कार्य कराया गया था तभी से समाज के लोग यहां पर रहते चले आ रहे हैं जबकि वर्ष 1970 से लेकर अब तक उक्त जमीन दरीबा मौजा में दर्ज है। बाबजूद इसके नगर पालिका द्वारा उक्त जमीन में बाउंड्री वाल का निर्माण कार्य करा कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है,जिससे समाज में आक्रोश व्याप्त है। शहर के राठ चुंगी स्थित चर्च के फादर अनुपम जॉन के नेतृत्व में पहुंचे मसीही समाज के लोगों द्वारा जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर नगर पालिका द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग की गई है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**कुलपहाड़/महोबा।** विगत रात्रि को अपनी ससुराल से लौट रहे एक व्यक्ति की बाइक में अज्ञात वाहन टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने परीक्षण उपरान्त उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम खैरारी निवासी राम करन पुत्र हल्के उम्र लगभग 33 वर्ष सोमवार को बाइक में सवार होकर ग्राम आरी अपनी ससुराल गया था। तभी देर रात्रि को वापस लौटते समय दूल्हादेव मंदिर के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जीवित समझकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर पहुँचाया जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर पवन राजपूत ने परीक्षण उपरान्त उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी। और मंगलवार को सुबह मृतक का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए महोबा जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक की पत्नी सुनीता, पुत्री रौनक 8 वर्ष, पुत्र अभिषेक 10 वर्ष का रो- रोकर बुरा हाल है।

### गल्ला तिलहन व्यापार संघ ने मंडी में बांटी खिचड़ी



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** गणेश चतुर्थी के उपलक्ष में गल्ला तिलहन व्यापार संघ ने नवीन गल्ला मंडी के मुख्य गेट पर स्टाल लगाकर गल्ला मंडी में आने जाने वाले किसानो, पल्लेदारों, कमीशन एजेंटों, व्यापारियों के साथ राहगीरों को खिचड़ी का वितरण कराया गल्ला तिलहन व्यापार संघ के अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता ने बताया कि गणेश चतुर्थी के उपलक्ष्य में मंगलवार को संघ की ओर से नवीन गल्ला मंडी के मुख्य गेट पर स्टाल लगाकर किसानों व्यापारियों, पल्लेदारों, कमीशन एजेंटों, राहगीरों को गर्म खिचड़ी का वितरण कराया गया। इस मौके पर अभिषेक शिवहरे आदि तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

### सर्द हवाओं से कांपे लोग कोहरा एंव सर्दी फसलों के लिए आफत



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कोहरे एवं सर्दी के सितम का कहर फसलों में जारी रहने से फसलों की सेहत बिगड़ रही है। इससे किसान चिंतित है कोहरे के साथ शीतलहर का प्रकोप बढ़ने से पशु पक्षी के साथ आम जन जीवन प्रभावित हो रहा है मंगलवार को पूरे दिन सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए दोपहर तक वाहन हेडलाइट जलाकर रेंगते नजर आए। बगैर बरसात के पड़ रहा कोहरा दलहनी-तिलहनी फसलों में विपरीत असर डाल रहा है। इससे किसान चिंतित हो उठा है। शीतलहर के चलते आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं।

### दलित युवकों को दबंगों ने मारपीट करके किया मरणासन्न

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** दलित युवक को घर से ले जाकर नलकूप में मारपीट करके मरणासन्न कर देने पर युवक के भाई ने गांव के दो युवकों के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। घटना गत 29 दिसंबर की है। भमौरा निवासी यादवेंद्र ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके भाई सत्येंद्र प्रताप को गांव निवासी हेमांशु सिंह एवं अजय सिंह अज्जू गत 29 दिसंबर को 3:00 बजे घर से अपने नलकूप पर लिवा गए थे और जाति सूचक गालियां देते हुए मारपीट करके मरणासन्न कर दिया। सूचना मिलने पर वह नलकूप पहुंचा और भाई को उठाकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने दोनों युवको के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

### ससुराल आये युवक ने पत्नी से विवाद के बाद खाया जहर

**मौदहा(हमीरपुर)।** ससुराल आये युवक ने पत्नी से विवाद के बाद खाया जहरीला पदार्थ जीजा को तड़पता देख साले ने गंभीर हालत में होने पर साले ने कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर किया। जनपद महोबा के सुभाष नगर निवासी महेन्द्र कुमार29 पुत्र नारायन दास तीन दिन पहले अपनी ससुराल कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करहिया आया था सोमवार देर रात किसी बात को लेकर विवाद हो गया ,जिस पर वह नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया द्य कमरे में तड़पता देख साले सुनाम ने स्वाजनो को बुलाया और आनन फानन में उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल लाये जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद हालत में सुधार न होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया द्य साले सुनाम ने बताया कि हमारे जीजा रविवार को शाम आये थे द्य सोमवार रात खाना खाने के बाद बहन से बात करते करते विवाद हो गया और यह जहरीला पदार्थ कहां से लाये थे, पता नहीं जब कमरे में तड़पता देखा तो हमारे होश उड़ गए। जीजा से पूछने पर उसने बताया कि मुझे मरना है मैंने जहर खा लिया है।

### बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी में चल रही विषय सेमेस्टर की परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में संपन्न



**खड़ेही लोधन (हमीरपुर )।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी की चल रही विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं मंगलवार को तीन पालियों मे सीसी टीवी कैमरे की निगरानी में ऑनलाइन सम्पन्न कराई।बुंदेलखंड विश्विद्यालय झांसी से आई उड़नदस्ता की टीम ने जिले कई महाविद्यालयो का औचक निरीक्षण किया वही परीक्षा दे रहे छाओ की उत्तरपुस्तिकाओ का मिलान किया मुस्करा विकास खंड क्षेत्र गांव गहरौली में संचालित हीरानन्दं पीजी कालेज बिवार के प्राचार्य डॉ अभिनन्दन सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह पाली में बीए पंचम सेमेस्टर विषय राजनीति विज्ञान की परीक्षा के 41परीक्षार्थी पंजीकृत थे जो सभी उपस्थित रहे।वही दोपहर पाली में बीए तृतीय सेमेस्टर विषय भूगोल की 47 छात्र परीक्षा दे रहे तभी बुंदेलखंड विश्विद्यालय झाँसी से राहुल शुक्ला के साथ आये जीतेन्द्र कुमार ने परीक्षा दे रहे छात्रों की सघन तलासी लेते हुए उनकी उत्तर पुस्तिकाओं का मिलान किया इसके बाद पूर्व में आयोजित हुई परीक्षा की सीसी टीवी कैमरे में फुटेज देखी।वही शाम पाली में बीए प्रथम सेमेस्टर विषय राजनीति विज्ञान की परीक्षा 49 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल रहे।स्वर्गीय पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लोकेन्द्र पांडेय ने बताया कि मंगलवार सुबह पाली में बीए पंचम सेमेस्टर विषय राजनीति विज्ञान व दोपहर पाली में बीए तृतीय सेमेस्टर विषय भूगोल एवम शाम पाली में बीए प्रथम सेमेस्टर विषय राजनीति विज्ञान की परीक्षा के लिए कुल 69 छात्राये पंजीकृत थी जो सभी परीक्षा मेंशामिल रही। इसी प्रकार स्वर्गीय बाबूराम महाविद्यालय बिगहना के प्राचार्य डॉ अरविन्द्र पांडेय ने बताया कि मंगलवार को सुबह पाली आयोजित हुई बीए पंचम सेमेस्टर विषय राजनीतिक विज्ञान की परीक्षा 111छात्र/छात्राओ को देनी थी जिसमे 7 ने अपने परीक्षा छोड़ दी वही दोपहर पाली बीए तृतीय सेमेस्टर विषय भूगोल की परीक्षा के लिए61 परीक्षार्थी पंजीकृत थे जिसमें 2 अनुपस्थिति पाए गए वही शाम पाली में आयोजित हुई बीए प्रथम सेमेस्टर विषय राजनीति विज्ञान की परीक्षा के लिए 145 परीक्षार्थियों को परीक्षा देनी थी जिसमें 7 अनुपस्थिति पाए गए।

# डीईओ ने राजनैतिक दलों के साथ साझा किया मतदाता सूची का ड्राफ्ट






**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

**▸ एसआईआर के दौरान जनपद में सूची से हटाए गए 85352 मतदाताओं के नाम**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने एसआईआर प्रकिया के बाद आज राजनैतिक दलों के साथ विधानसभा मतदाता सूची की ड्राफ्टिंग साझा कर प्रेसवार्ता की और बताया कि जिले में सम्पर्क न होने पर कुल 85352 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं जबकि जिले की दोनों विधानसभाओं में अब कुल 601607 मतदाता मौजूद हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी गजल भारद्वाज ने अपर जिला निर्वाचन अधिकारी की मौजूदगी में आज राजनैतिक दलों के साथ मतदाता सूची की ड्राफ्टिंग साझा कर प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने बताया कि जिले में कुल 601607 मतदाता आइडेंटिफाई किये गए हैं जिसमें चरखारी विधानसभा में 318206 मतदाता और महोबा सदर विधानसभा में 283401 मतदाता हैं। एसआईआर प्रक्रिया के बाद जारी की गई ड्राफ्टिंग में 85352 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से अलग किये गए हैं। जिसमें मृतकों की संख्या 14948 और 29828 मतदाता अनुपस्थित पाए गए जबकि 35474 मतदाताओं को शिफ्ट किया गया है और 4937 मतदाता डुप्लीकेट सहित 165 मतदाता अन्य श्रेणी में पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि एक माह के अंदर यानी 6 फरवरी 2026 तक इसमें क्लेम फ़ाइल किये जा सकते हैं और 27 फरवरी तक इसमें नोटिस केश चलेगा । और बताया कि जो युवक और युवतियां 18 साल के हो चुके हैं तो उनको फार्म भरना पड़ेगा और डॉक्यूमेंट जमा करने पड़ेंगे।

### तहसीलदार की मौजूदगी में एसडीएम ने किया मतदाता सूची का प्रकाशन

**कुलपहाड़।** नगर के आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय कंपोजिट में उपजिलाधिकारी व तहसीलदार की मौजूदगी में अंतिम मतदाता सूचियों का प्रकाशन मतदाताओं के सामने रखा गया। इसके पूर्व तहसील भवन में एमएलसी चुनाव की अंतिम मतदाता सूची मतदाताओं के सामने पढ़कर सुनाई गई। जिसमें नगर कुलपहाड़ के समस्त बीएलओ मौजूद रहे। भाग संख्या 306 के बीएलओ प्रेम नारायण, 308 के रामकिशोर, 311 के विमल कुमार, 313 के भूपेंद्र कुमार, 312 के राकेश कुमार सक्सेना मौजूद रहे। समस्त बीएलओ के सुपरवाइजर मलखान सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल मतदाता 4528 तथा निरस्त मतदाता 383 हैं। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार व तहसीलदार प्रमित सचान की मौजूदगी में समस्त बीएलओ ने अपनी-अपनी भाग संख्या की अंतिम मतदाता सूची मतदाताओं की मौजूदगी में पढ़कर सुनाई गई तथा जो मतदाता निरस्त हुए, उनकी मतदाता सूची विद्यालय भवन के बाहर चस्पा की गई। उप जिलाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार ने कार्यक्रम में मौजूद समस्त मतदाताओं से कहा कि जिनके नाम मतदाता सूची में किसी कारण से छूट गए हैं, उन्हें संबन्धित बीएलओ के पास जाकर जरूरी कागज उपलब्ध कराकर अपना नाम सम्मिलित कर लें।

## छोटे सर्राफा व्यापारियों का करोड़ों रुपये लेकर फरार हुआ सर्राफा कारोबारी

**▸ पीड़ित व्यापारियों ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



छोटे सर्राफा व्यापारियों के करोड़ो रूपये लेकर एक सर्राफा कारोबारी के फरार होने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। शातिर कारोबारी की ठगी के शिकार हुए पीड़ित व्यापारियों ने परेशान होकर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। शहर के कस्बाथाई मोहल्ला निवासी पंकज सोनी शहर के मैन रोड इलाके में जे.पी.ज्वैलर्स के नाम से सोने-चांदी के जेवरातों की दुकान संचालित किये थे। आरोप है कि व्यापारी द्वारा दुकान संचालन के लिए कई सर्राफा व्यापारियों से सोने चांदी का सामान और रुपये उधार लिए थे लेकिन विगत दिनों घर में ताला लगाकर फरार हो गए। बताते चलें कि कस्वाथाई मुहाल निवासी पंकज सोनी ने जे.पी ज्वैलर्स नाम से दुकान खोली थी और सर्राफा दुकान में सोने-चांदी के जेवरात अन्य व्यापारियों से लेकर दुकान का संचालन कर रहे थे । आरोप है कि पंकज सोनी द्वारा व्यापारियों का पेमेंट नही दिया गया और घर-दुकान में ताला डालकर करोड़ो रूपये व्यापारियों का हड़प कर फरार हो गए। जब व्यापारियों द्वारा अपना रुपया पाने के लिए सम्पर्क किया गया तो वह ताला देखकर दंग रह गए । पीड़ित विनोद सोनी ने बताया कि हम मेन्युफेक्चरिंग का काम करते हैं शहर के सर्राफा बाजार में जे.पी.ज्वैलर्स नाम से दुकान संचालित करने वाले पंकज सोनी ने काम करवाया और चेक दी बोले दो-चार दिन में पैसा मिल जाएगा लेकिन इसी बीच वह घर और दुकान में ताला डाल कर फरार हो गए। यह लोग सिर्फ हमारा पैसा नही लेकर भागे बल्कि कई व्यापरियों का करोड़ो रूपये लेकर फरार हुए हैं। इसलिए हम लोगो ने पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस दौरान विनोद सोनी,अनीस जॉन,ऋषभ गुप्ता सहित दर्जनभर से ज्यादा पीड़ित मौजूद रहे।

## पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड विनोद कुमार सिंह द्वारा गठित अपराध निरीक्षक अनिल कुमार सिंह मय हमराह उपनिरीक्षक हरीशंकर यादव, हेड कांस्टेबल सुमित कुमार यादव, कांस्टेबल हवन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना कुलपहाड़ पर पंजीकृत मुकदमा धारा 318(4)/338/336(3) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त कमलेश पुत्र रामेश्वर राजपूत उम्र 58 वर्ष निवासी ग्राम टिकरिया थाना अजनर को ग्राम टिकरिया के पास से गिरफ्तार किया गया। आवश्यक कार्यवाही उपरान्त अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## टूटा बिजली पोल मकान से सटा, वाशिंदों को करंट लगने का खतरा



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के वार्ड 12 में अखिलेश पालीवाल के घर के बगल में स्थित एक विद्युत पोल नीचे से टूटकर मकान की दीवार से टिक गया है। इस पोल पर मोटी केबिल भी लटकी हुई है, जिससे मकान में बिजली का करंट फैलने का खतरा बना हुआ है। वहीं गुजरने वाले राहगीरों पर भी विद्युत झटके का संकट मंडरा रहा है। स्थानीय वाशिंदों का कहना है कि टूटे खंभे के सहारे चढ़कर कोई असामाजिक तत्व वारदात भी कर सकता है। वाशिंदों ने विद्युत विभाग से टूटे पोल को यथाशीघ्र बदलने की मांग की है। विभाग की ओर से अभी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि यह पोल कई दिनों से खतरनाक हालत में था, लेकिन शिकायत के बावजूद कोई ध्यान नहीं दिया गया। अब तो बच्चे-बूढ़े सभी परेशान हैं। बारिश होने पर करंट उतरने का संभावना प्रबल हो जाएगी।

## उपजिलाधिकारी ने फीता काट कर वोटर पुनरीक्षण रजिस्ट्रेशन कक्ष का किया शुभारंभ

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



उपजिलाधिकारी ने फीता काटकर वोटर पुनरीक्षण रजिस्ट्रेशन कक्ष का किया शुभारंभ। मंगलवार को कस्बे के रहमानियां इंटर कालेज में उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह, तहसीलदार शेखर मिश्रा एवं कालेज प्रधानाचार्य डॉ रज़िया सुल्ताना ने कालेज में स्थापित वोटर रजिस्ट्रेशन कक्ष का फीता काटकर शुभारंभ किया। बताते चलें की भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा शुरू किए गए विशेष पुनरीक्षण पंजीकरण कार्यक्रम जिसमें 1 जनवरी 2026 को या उससे पहले 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके नये मतदाताओं को मतदाता सूची अपना नाम दर्ज कराने हेतु शुरू किए गए अभियान के तहत नगर के रहमानिया इंटर कालेज में इस अभियान का शुभारंभ हुआ। जिसमे उपजिलाधिकारी ने कालेज में उपस्थित पुराने एवं नये मतदाताओं को जागरूक करने के साथ बीएलओ कक्ष का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान सम्बंधित बीएलओ को आवश्यक दिशा- निर्देश जारी किए। इस दौरान सदर लेखपाल अवनीश कुमार सहित समाजसेवी एवं सम्बंधित वार्ड के बीएलओ उपस्थित रहे।

### पूर्व चैयरमैन के खिलाफ सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत डीएम से

**कुरारा, हमीरपुर।** नगर पंचायत चेयरमैन ने कस्बा निवासी पूर्व चेयरमैन के पति के खिलाफ सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण कराए जाने व सरकारी कार्य में हस्तक्षेप किए जाने का शिकायती पत्र जिलाधिकारी को देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।कस्बा कुरारा की नगर पंचायत चेयरमैन आशारानी कबीर ने जिलाधिकारी की शिकायती पत्र देकर बताया कि पूर्व चेयरमैन माया बाल्मीकि के पति घनश्याम बाल्मीकि रोडवेज विभाग में सरकारी कर्मचारी है। इनके द्वारा नगर में रिक्त पड़ी सरकारी भूमि पर सह देकर अवैध कब्जे कराए जा रहे है।अतिक्रमण कारियो को कब्जा कराने के उपरांत नगर पंचायत द्वारा कार्यवाही किए जाने पर घनश्याम द्वारा उन्हें उकसा कर मुकदमा दर्ज कराने व शिकायत करने के लिए उकसाया जाता है। अपनी सरकारी नौकरी छोड़कर आए दिन न्यायालय परिसर में अतिक्रमण कारियो की मदद के लिए उपस्थित रहते है। तथा नगर पंचायत में कार्य कर रहे ठेकेदारों को कार्य न करने हेतु धमकाया जाता है। इससे नगर पंचायत के ठेकेदार भी सुगमता से काम नहीं कर पा रहे है। घनश्याम द्वारा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही है। चेयरमैन ने अवैध कार्यों की जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग जिलाधिकारी से की है। वही इस संबंध में घनश्याम बाल्मीकि ने बताया कि चेयरमैन आशारानी कबीर के खिलाफ हमारी पत्नी माया बाल्मीकि भी चुनाव लड़ी थी जिसमे हमने अदालत में चुनाव याचिका डाली है उसी के तहत हमे परेशान करने व बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है।

## फाइल मैच में मउरानीपुर की टीम ने बांदा की टीम को 24 रनों से हराया

**खढेही लोधन (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**



गांव खड़ेही लोधन के गंगा सागर स्टेडियम में चल रहे खड़ेही लोधन क्रिकेट टूर्नामेंट कप प्रतियोगिता का फाइनल मैच मऊरानीपुर की टीम व बाँदा की टीम के बीच खेला गया।जिसमें मऊरानीपुर की टीम ने बांदा की टीम को 24 रनों से पराजित कर खड़ेही लोधन का फाइलन मैच जीत लिया। विजेता व उपविजेता टीम को कमेटी द्वारा निर्धारित शील्ड व अन्य पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया मुस्करा विकास खंड क्षेत्र के गांव खड़ेही लोधन के गंगा सागर स्टेडियम बीते 28 दिसम्बर से शुरू हुए खड़ेही लोधन क्रिकेट टूर्नामेंट कप प्रतियोगिता में 16 टीमो ने भाग लेकर खेल का अच्छा प्रदर्शन किया।प्रतियोगिता का फ़ाइनल मैच सोमवार को मऊरानीपुर की टीम व बांदा की टीम के बीच खेला गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आये पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश भदौरिया के पुत्र आदित्य भदौरिया ने फाइनल मैच खेलने आये खिलाड़ियों से उनका परिचय लेकर शुरुआत कराई।इसके बाद मऊरानीपुर की टीम के कप्तान आयर्न ठाकुर ने पहले टॉस जीतकर कमेटी द्वारा निर्धारित16 ओबरो में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते 158 रनों के लक्ष्य रखा।जिसमे जीसान ने 4 छक्का,7चौका लगाए,प्रशांत ने 6 छक्का व 4 चौका लगाते हुए अपनी टीम का सहयोग किया।जवाब में मैच खेलने उतरी बांदा की टीम के खिलाड़ियों के द्वारा 16 ओबरो में महज 134 रन बना कर सिमट गई।बाँदा टीम के खिलाड़ी अन्नू ने 50 रनों की पारी अपनी टीम के लिए खेली।मऊरानीपुर टीम के खिलाड़ी जीसान को मैन आफ दा मैच व बांदा टीम के कप्तान अन्नू को मैन आफ़ दा सीरीज देकर नवादा गया कार्यकम के विशिष्ट अतिथि बलराम सिंह राजपूत पूर्व प्रधानाचार्य, वीरेंद्र सिंह राजपूत पूर्व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, अरविन्द राजपूत समाजसेवी, आत्माराम राजपूत शिक्षक, शारदा राजपूत शिक्षक, मनोज वर्मा, पवन राजपूत, सत्तीदीन, डॉ रामपाल राजपूत, सुजीत रामकुमार ने कमेटी द्वारा निर्धारित पुरुस्कार इक्यावन हजार रुपये बड़ी ट्राफी विजेता टीम मऊरानीपुर व पच्चीस हजार पांच सौ रुपये व छोटी ट्राफी उपविजेता टीम बांदा की टीम को एवम अन्य पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर हजारों दर्शको की भीड़ रही।

### नैशनल हाइवे पर पिरौदा के पास ट्रक ने ट्रक को मारी टक्कर

**मौदहा हमीरपुर।** सोमवार की देर रात नेशनल हाईवे पर पिपरौदा मोड़ में घने कोहरे के बीच ट्रक ने पीछे से ट्रक में टक्कर मार दिया, जिससे कंडेक्टर गंभीर रूप से घायल हो गया पुलिस जिप्सी के माध्यम से कस्बे के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात घने कोहरे के बीच नेशनल हाईवे में एक ट्रक ने पीछे से ट्रक को टक्कर मार दिया इसके परिचालक विकास राय छत्तीस वर्ष पुत्र रामसागर सुजौलापुर थाना हरगांव सीतापुर निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे गंभीर अवस्था में कस्बे के सरकारी अस्पताल लेकर गए प्राथमिक उपचार के उपरांत तबीयत में सुधार ना होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## पूर्व छात्र नेता की पुण्यतिथि पर गायों को खिलाया गुड



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** पूर्व छात्र नेता की 15वीं पुण्यतिथि पर परिजनों ने नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ कान्हा गौशाला पहुंचकर गोवंश को गुड़ खिलाया और गरीबों को कंबल वितरित किया पूर्व छात्र नेता तेज प्रताप सिंह पप्पन की 6 जनवरी 2011 गोलीमार के हत्या कर दी गई थी। मंगलवार को परिजनों ने 15वीं पुण्यतिथि पर कान्हा गौशाला में नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे के हाथों से 150 किलो गुड़ गायों को खिलाया। इसके बाद कस्बे के जरूरतमंदों एवं गरीबों को कंबल वितरित किए। इस मौके पर देवेंद्र सिंह उर्फ संतू, राहुल त्रिपाठी, शैलेंद्र सिंह छोटू, अवनीश सिंह, राकेश सोनी आदि मौजूद रहे।

## स्वर्गीय पूरन रामप्रकाश दीक्षित महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं ने आयोजित की फेयरवेल पार्टी

**खड़ेही लोधन (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**





स्वर्गीय पूरन रामप्रकाश दीक्षित कॉलेज आफ फार्मेसी में छात्र-छात्राओं द्वारा फ्रेशर और फेयरवेल पार्टी का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया।जिसमें रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किये गए। मुस्करा विकास खंड क्षेत्र के गांव गहरौली में संचालित स्वर्गीय पूरन रामप्रकाश दीक्षित फ़र्मेसी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रबंधक संजय दीक्षित व अंकित बाजपेई ने मां सरस्वती जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए छात्र-छात्राओं को कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में अन्य प्रतिभाएं बढ़ती हैं और बताया कि हमारा विद्यालय परिसर रैगिंग मुक्त है एक दूसरे के प्रति अच्छी सद्भावना है अच्छे विचार हैं इसके बाद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लोकेंद्र पांडेय ने भी छात्र छात्राओं को संबोधित कर अपने विचार पेश किए वहीं छात्र/छात्राओ के देश भक्ति से ओतपेट रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए जो बहुत ही सराहनीय रहा। जिसमें कॉलेज के डी फार्मा द्वितीय वर्ष छात्र हिमांशु सेन व छात्रा उषा देवी एवम बीफार्मा प्रथम वर्ष हर्षित गुप्ता व सौम्या गुप्ता को मुख्य अतिथि संजय दीक्षित के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम को समापन में फ़ार्मेसी कॉलेज के विभागाध्यक्ष डॉ अंकित बाजपेई, आशुतोष शुक्ला, मानवेंद्र सोनी, शिखा राजपूत सहित अन्य प्रवक्ता मौजूद रहे।

# गीतकार साहब नारायण शर्मा व दीपक दिवाकर सम्मानित

**▸ शान्तिपुरम सेवा समिति ने गीतकारों का किया सम्मान**






**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**

शान्ति पुरम सेवा समिति बाराबंकी द्वारा नववर्ष पर आयोजित सभा सुरेश चन्द्र बैसवार की अध्यक्षता एवं प्राचार्य डॉ नन्हे सिंह के संचालन में समिति के सक्रिय सदस्य के के शर्मा केवल दीन दयाल नगर बाराबंकी में स्थित आवास पर आयोजित हुई। डॉ वीरेंद्र श्रीवास्तव संयोजक एवं संस्थापक द्वारा अपने सम्बोधन में उद्बोधित किया गया कि साहित्य समाज का दर्पण होता है जिसमें समाज में व्याप्त बुराइयों के बारे में अवगत कराया जाता है वहीं दूसरी ओर समाधान भी प्रस्तुत कर समाज को जगाने का कार्य किया जाता है। इसी क्रम में नववर्ष पर आयोजित कार्यक्रम में समिति बाराबंकी जनपद के कवि एवं साहित्यकार ओज कवि दीपक दिवाकर एवं गीतकार साहब नारायण शर्मा को माल्यार्पण अंग वस्त्र, नववर्ष की दैननदिनी एवं सम्मानित धनराशि भेंटकर सम्मानित कर गौरवान्वित महसूस कर रही है। नींबू लाल गुप्ता के भजन, राधेश दीक्षित,ओज कवि दीपक दिवाकर की ओजस्वी रचनाएं, गीतकार साहब नारायण शर्मा के मुक्तक एवं गीत प्रस्तुत कर समारोह में साहित्यिक रसधार के माध्यम से उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को आह्लादित कर दिया। संरक्षक राम चन्द्र वर्मा द्वारा लोककथा प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए गए तो शत्रोहन लाल वर्मा ने सुविचारों को प्रस्तुत कर सभी को सोचने पर विवश किया। रज्जन लाल श्रीवास्तव ने लघु कथा तो योगेन्द्र वर्मा ने स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी देते हुए सभी से सर्दी के मौसम में सचेत रहने का आह्वान किया। व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू ने हास्य व्यंग की कविताएं प्रस्तुत कर सभी को नववर्ष मंगलमय होने की बधाई दी। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए सुरेश चन्द्र बैसवार ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों, सदस्यों को नववर्ष की बधाई देते हुए प्रत्येक बैठक में शत प्रतिशत उपस्थित का आह्वान किया तथा समान बिचार धारा वाले सम्मानित साथियों से समिति से जुड़ने का अनुरोध भी किया। आयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों को नववर्ष की हार्दिक बधाई देते हुए माल्यार्पण, डायरी एवं लेखनी भेंट कर आभार व्यक्त किया।

# फसल अवशेष प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को मवैया कला गांव मे फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र हैदरगढ़ द्वारा किया गया कार्यक्रम मे कृषि वैज्ञानिको द्वारा पराली ना जलाने के लिए विभिन्न उपायो एवं प्रबंधन की जानकारी देते हुए कहा की गेहूं की बुवाई सुपर सीडर से करके पराली प्रबंधन करते हुए कम लागत मे किसान भाई अधिक उत्पादन कर सकते है. दलहनी, तिलहनी एवं गेहूं की फसल को पाले से बचाने के लिए हल्की सिचाई करें एवं खेत के पास धुआँ करे जिससे फसल की सुरक्षा की जा सके. इस मौके पर कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ समीर पाण्डेय, डॉ भास्कर सिंह, डॉ अभिषेक रंजन, डॉ अभिकाश राठौर, उन्नतशील कृषक ब्रजेश त्रिपाठी, सूर्य नारायण अवस्थी,संतकुमार शुक्ला, सुधीर शुक्ला, आदर्श अवस्थी,चंद्रभान कनौजिया, अंजली शुक्ला, राम खेलावन मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर भवानीपुर में मंगलवार सुबह एक 20 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिला। सूचना मिलने पर सफदरगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान भवानीपुर रामपुर निवासी सौरभ दीक्षित पुत्र महेश के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मंगलवार सुबह जब सौरभ अपने कमरे में नहीं मिला, तो उसकी तलाश शुरू की गई। तलाश के दौरान सौरभ का शव घर से करीब 300 मीटर दूर एक बाग में चिलवल के पेड़ से लटका मिला । उसका मोबाइल फोन, टोपी और चप्पल शव से लगभग 150 मीटर दूर पड़े मिले। पुलिस ने मोबाइल को अपने कब्जे में ले लिया और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। थानाध्यक्ष सफदरगंज अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में घरेलू कलह की बात सामने आई है।

# समाजसेवी ने असहाय लोगों को वितरित किया कम्बल



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड हैदरगढ़ के ग्राम पंचायत पूरे देवदास में शिव कैलाश दीक्षित द्वारा विशाल कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने कहा कि ठंड और गलन को देखते हुए गरीब व असहाय लोगों को सुरक्षित रखना ही इस कार्यक्रम का लक्ष्य है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा नेता प्रधान अरुण शुक्ला तेज बहादुर सिंह अंबरशरण जायसवाल लव कुश पांडे सुशील पटेल लंबरदार प्रधान अंकुर वर्मा प्रधान ताराचंद पटेल प्रधान रामराज वर्मा ललित कुमार दीक्षित रमन चौधरी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# कोटवाधाम में रह रहे श्रद्धालु को अज्ञात ने पीटा



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**

कई महीनों से कोटवाधाम में रह रहे एक भक्त को अज्ञात लोगों ने पीट पीट कर लहुलुहान कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। अभरन सरोवर के पास श्रद्धालु की अज्ञात लोगों ने पिटाई कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया जिसे कोतवाली बदोसरांय के उपनिरीक्षक हिमांशू पान्डेय ने स्थानीय लोगों के सहयोग से संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में उपचार के लिए भर्ती कराया जंहा इमरजेंसी में मौजूद डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर-कर दिया है।मामला कोतवाली बदोसरांय क्षेत्र के कोटवाधाम का है जहां अभरन सरोवर के समीप एक मन्दिर के पास बाबू पुरवा मोहना थाना परसपुर गोन्डा के 70 वर्षीय रामनरायन पुत्र कन्धई को रात में किसी अज्ञात व्यक्ति ने पीट पीट कर लहुलुहान कर दिया । स्थानीय लोगों की सूचना पर कोतवाली बदोसरांय के उपनिरीक्षक हिमांशू पान्डेय पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पंहुच कर घायल को एम्बुलेंस से संयुक्त चिकित्सालय सिरौलीगौसपुर में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सकों ने रामनरायन का प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर-कर दिया है। उपनिरीक्षक हिमांशू पान्डेय ने बताया है कि चोटिल वृद्ध के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## विवाहिता की मौत पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज, एक को भेजा जेल

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** तीन दिन पूर्व विवाहिता की मौत के मामले में बदोसराय पुलिस ने दहेज हत्या का मामला दर्ज एक व्यक्ति को जेल भेज दिया है। वहीं अन्य आरोपी फरार हो गए हैं जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। बदोसरांय पुलिस ने 22 वर्षीय विवाहिता रूबी की हत्या के आरोप में पति समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मुख्य आरोपी पति इस्तखार उर्फ चांदबाबू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग बताया गया है। मृतका 22 वर्षीय रूबी के भाई मुमताज ने पुलिस को बताया कि रूबी की शादी 8 फरवरी 2025 को ग्राम शहरी निवासी इस्तखार उर्फ चांदबाबू से हुई थी। मुमताज के अनुसार, शादी के बाद से ही ससुराल वाले लगातार स्विफ्ट डिजायर कार की मांग कर रहे थे। इस मांग को लेकर रूबी काफी परेशान रहती थी और उसने कई बार अपने पिता व भाई को इसकी जानकारी दी थी। मुमताज ने तहरीर में बताया कि 3 जनवरी 2026 को दोपहर 2 बजे रूबी ने फोन पर सूचित किया था कि यदि कार नहीं दी गई तो ससुराल वाले उसे मार डालेंगे। उसी दिन शाम 5 :17 बजे रूबी के पति इस्तखार उर्फ चांदबाबू ने फोन कर मुमताज को रूबी की मृत्यु की सूचना दी और बताया कि वे उसका अंतिम संस्कार करने जा रहे हैं।

# चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता तहसील अमेठी में रही। जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील अमेठी में कुल 36 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 2 का, मुसाफिरखाना में 25 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें एक का, गौरीगंज में 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 4 का तथा तहसील तिलोई में 25 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 2 का निस्तारण कराया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।

# शिक्षकों द्वारा किए गए नए प्रयासों के लिए सम्मानित करती है हमारी सरकार : वक्फ मंत्री

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

किसी भी सफलता बिना संघर्ष के प्राप्त करना संभव नहीं है संघर्ष से व्यक्ति के अंदर सीखने की ललक पैदा होती है इससे नई क्षमताएं विकसित होती हैं और समस्याओं को सुलझाने के नए तरीके सृजित होते हैं जब हम किसी मुश्किल परिस्थिति का सामना करते हैं तो हमें अपनी सीमाओं और क्षमताओं का बेहतर आकलन करने का मौका मिलता है। इस तरह हम अपने भीतर की शक्ति को पहचानते हैं और पाते हैं की चुनौतियों का सामना कैसे किया जा सकता है। यह विचार महताब खान प्रधान अध्यापक प्राथमिक विद्यालय वसालत नगर अमावां ने लखनऊ में आयोजित सत्र 2024- 25 में निपुण विद्यालय होने पर दानिश आजाद अंसारी अल्पसंख्यक कल्याण वक्फ एवं हज मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं अमील शम्सी प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ भाजपा उत्तर प्रदेश के कर कमलो द्वारा निपुण विद्यालय प्रशस्ति पत्र दिया गया। प्रशस्ति पत्र देते हुए वक्फ मंत्री ने कहा हमारी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों कर्मचारियो को समय-समय पर उनके द्वारा किए गए नए प्रयासों के लिए सम्मानित करती है।



महताब खान को सम्मान मिलने के पश्चात अमावां के शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए मंत्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की है तथा महताब खान को बधाई दी है बधाई देने वालों में अध्यक्ष एवं मंत्री ऋरू प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ, ने महताब खान की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया है।

# चेयरमैन ने डीएम व एसपी से की शिष्टाचार भेंट

**▸ दोनों मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की उम्मीद जताई**

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

डलमऊ नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़ ने नववर्ष के शुभारंभ पर जनहित के मुद्दों को लेकर जनपद के प्रमुख प्रशासनिक अधिकारियों से शिष्टाचार भेंट की नगर पंचायत अध्यक्ष डलमऊ ने मंगलवार को जिलाधिकारी रायबरेली हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक रायबरेली डॉ. यशवीर सिंह से शिष्टाचार मुलाकात कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं मुलाकात के दौरान श्री गौड़ ने जनहित को देखते हुए जिलाधिकारी से डलमऊ कस्बे के मुराई बाग क्षेत्र में बाईपास निर्माण का आग्रह किया और कहा कि कस्बे में बाईपास बनने से क्षेत्र को जाम की समस्या से निजात मिलेगी तथा क्षेत्र में विकास के नए रास्ते खुलेंगे नगर पंचायत अध्यक्ष में पुलिस अधीक्षक से बातचीत करते हुए कहा कि डलमऊ में फायर ब्रिगेड की स्थापना की मांग करते हुए अध्यक्ष श्री गौड़ ने कहा कि आगजनी एवं अन्य आपात स्थितियों में यह सुविधा क्षेत्रवासियों के लिए जीवन रक्षक साबित होगी नगर पंचायत अध्यक्ष ने प्रशासन से अपनी दोनों मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई की उम्मीद जताई उन्होंने कहा कि डलमऊ का विकास और जनता की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता है।



## मासिक बैठक में सपा विधानसभा अध्यक्ष ने उठाए किसानों के मुद्दे

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** सोमवार को समाजवादी पार्टी विधानसभा तिलोई की मासिक बैठक विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में फुरसत गंज में सम्पन्न हुई। जिसमें उपस्थित नेता पदाधिकारी सभी ने अपने अपने विचार रखें। रामप्रसाद यादव ने कहा कि जनता को समय से खाद न देना नहरों में पानी न आना किसानो की समस्या आये दिन बढ़ बढ़ती जा रही है किसान महंगा डीजल खरीद कर अपने खेतों की सिंचाई कर रहे हैं ठंड में अलाव न जलवाना गरीब बेसहारा लोगों का रैन बसेरा न बनवाना यह सरकार की नाकामी क्षेत्र की जनता उजागर करती है। तहसीलों में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है बलात्कार हत्या आए दिन नजर आ रहे हैं किसानो की आय दुगनी बताने वाली सरकार का किसानों के धान की कीमत न दे पाना, किसान अपनी फसल को औने पौने दाम पर बेच रहे हैं।

## एसडीएम ने की ग्राम न्यायालय शुरू करने की पहल

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** उपजिलाधिकारी मुसाफ़िर खाना अभिनव कनौजिया ने तहसील न्यायालय में लंबित मुकदमों पर खेद व्यक्त करते हुए ग्राम न्यायालय चलाने की पहल पर मंशा व्यक्त की है। एक भेंटवार्ता में उपजिलाधिकारी ने बताया कि न्याय चला गांव की ओर योजना बंद पड़ी है जिसके अंतर्गत जनता को त्वरित न्याय मिल जाता था। उन्होंने बताया कि ग्राम न्यायालय चलाने से क्षेत्र की जनता को अधिक दौड़ भाग भी नहीं करना पड़ेगा और उसे त्वरित व सुलभ न्याय गांव में ही उपलब्ध मिलेगा। इसी तरह से उपजिलाधिकारी द्वारा जनसुनवाई पर भी विचार किया जा रहा है। उपजिलाधिकारी ने बताया है कि इसी सप्ताह से इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। इसके लिए विकास खण्ड, न्याय पंचायत, थाना या अन्य किसी स्तर पर स्थान चिन्हित करते हुए वहां की क्षेत्रीय जनता को पहले से प्रचार प्रसार के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

# लाखों की कीमत से बना हाट पैठ, नहीं हो रहा उपयोग

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में लालगंज के सेमपरपहा गांव में लाखों रुपये की लागत से निर्मित हाट पैठ बदहाली का शिकार है। लोकार्पण के लगभग ढाई साल बाद भी यहां बाजार नहीं लग सकी है, जिसके चलते यह परिसर अब खरपतवार और टूटे चबूतरों से भरा पड़ा है। यह हाट पैठ लालगंज-फतेहपुर मुख्य मार्ग के किनारे स्थित है। पूर्व में सड़क किनारे बाजार लगने से कई हादसे हो चुके थे। इन दुर्घटनाओं को रोकने और किसानों की सुविधा के लिए राज्य कृषि मंडी परिषद निर्माण खंड लखनऊ द्वारा गणेशन मंदिर के पास इस हाट पैठ का निर्माण कराया गया था। राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने 30 मई 2023 को इसका लोकार्पण किया था।



किसानों की सहूलियत के लिए इसमें टिन शेड युक्त दो चबूतरे, पेयजल, प्रकाश और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं। हालांकि, लोकार्पण के ढाई साल बीत जाने के बाद भी यह स्थान अनुपयोगी बना हुआ है। परिसर में बड़ी-बड़ी घास उग आई है और एक चबूतरे की फर्श भी टूट गई है। भवन का उचित अनुरक्षण भी नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में मंडी समिति लालगंज के सचिव अतुल मिश्रा ने बताया कि हाट पैठ का निर्माण कर ग्राम सभा को हैंडओवर कर दिया जाता है। इसमें बाजार लगवाने की जिम्मेदारी ग्राम सभा की होती है।

## अजगर निकलने से मचा हड़कंप, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**अमेठी।** थाना क्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक के अंतर्गत पूरे ललई भगत मजरे माहेमऊ गांव में सोमवार दोपहर आबादी के पास विशाल अजगर निकलने से हड़कंप मच गया। अजगर को देखते ही ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना ग्रामीणों ने तत्काल वन क्षेत्राधिकारी ज्योतिर्मय शुक्ला को दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित रूप से पकड़ लिया। वन विभाग के कर्मियों ने अजगर को कादूनाला स्थित जंगल क्षेत्र में ले जाकर सुरक्षित छोड़ दिया उसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। वन विभाग के अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि इस प्रकार की स्थिति में घबराएं नहीं और तुरंत संबंधित विभाग को सूचना दें।

# महिला-बाल सभा में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा



**सूची सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

विकास का खाका खींचने के लिए महिला एवं बाल सभा का आयोजन किया गया।

जिसमें महिलाओं और बच्चों के अधिकार से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।सलोन विकासखंड के ग्राम सभा सूची के पंचायत भवन में राज्य स्तरीय प्रशिक्षण दाता डॉ मानवेंद्र सिंह और दीपेश राय के द्वारा जीपीडीपी के अंतर्गत महिला एवं बाल सभा की एक बैठक आयोजित की गई।इस दौरान महिला और बच्चों की सुरक्षा स्वास्थ्य शिक्षा पोषण को मजबूत करने जैसे मुद्दों पर विशेष चर्चा की गई। जिसमें मुख्य रूप से महिलाओं के लिए डिजिटल लाइब्रेरी,पूरे महाबल में आंगनबाड़ी का निर्माण,बच्चों के लिए पार्क, सरकारी जमीन पर दुकान निर्माण,सामुदायिक शौचालय में यूजर चार्ज लगाने जैसे मुद्दों पर बात की गई।इसका मकसद महिलाओं और बच्चों के विकास की योजनाओं स्थानीय जरूरतों से जोड़कर गांवों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया जा सके।

इस मौके पर ग्राम प्रधान अनीता सिंह,ग्राम विकास अधिकारी मनीष श्रीवास्तव,कमलेश सिंह,राजमणि सिंह,खुशबू मनोज समेत बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे मौजूद रहे।

# जांच के घेरे में सकरन बीडीओ, 9 जनवरी को खुलेगी सादे बाउचर घोटाले की परतें

**▸ कार्य मानकों की खुलेआम उड़ाई गयीं धज्जियां**

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के विकास खण्ड सकरन में तैनात खण्ड विकास अधिकारी शिरीष गुप्ता एक बार फिर गंभीर आरोपों के घेरे में आ गये हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, उत्तर प्रदेश के प्रदेश महासचिव प्रवीन कुमार सिंह द्वारा 20 नवम्बर 2025 को दिये गये शिकायती पत्र पर अब जिला विकास अधिकारी ने सीधे तौर पर जांच बैठा दी है। जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्त के आदेशानुसार 9 जनवरी 2026 को पूर्वान्ह 11 बजे सकरन ब्लॉक कार्यालय में मौके पर ही वित्तीय वर्ष 2025-26 में क्षेत्र पंचायत के कराये गये कार्यों की विस्तृत जांच होगी।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि 1 अप्रैल 2025 से 15 नवम्बर 2025 के बीच कराये गये कार्यों से जुड़े समस्त अभिलेख, बिल, वाउचर एवं संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ बीडीओ सकरन को जांच में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। शिकायत में आरोप है कि लाखों के इंटरलॉकिंग समेत कई विकास कार्यों में बिना फर्म, बिना मटेरियल विवरण के केवल सादे कागजों पर भुगतान किया गया और कार्य मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गयीं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि शिरीष गुप्ता पूर्व में महमूदाबाद में मनरेगा मटेरियल भुगतान घोटाले में भी दोषी पाये जा चुके हैं, इसके बावजूद उन्हें पुनः सकरन में तैनाती दे दी गयी। अब 9 जनवरी की जांच से तय होगा कि यह महज कागजी खानापूरी है या फिर सादे बाउचर के पीछे छिपा करोड़ों का खेल सच में उजागर होने वाला है। पूरे जिले की निगाहें इस जांच पर टिकी हैं।

# मजिस्ट्रीरियल जांच के लिए जन सामान्य उपलब्ध करा सकता है जानकारी व साक्ष्य

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

उप जिला मजिस्ट्रेट सदर ने बताया कि अपर जिला मजिस्ट्रेट सीतापुर के कार्यालय आदेश संख्या दिनांक 31 दिसम्बर 2025 के अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट के आदेश दिनांक 30.12.2025 द्वारा राधारानी पत्नी स्व. सुशील कुमार निवासी मो. रामलीला मैदान तरीनपुर, शिवालापुरवा, थाना कोतवाली नगर, जनपद सीतापुर की पुत्री अंजनी रावत को अर्पित पुत्र राम प्रताप निवासी मो. हबीबपुर हाता कप्तान थाना रामकोट जनपद सीतापुर द्वारा अन्य विपक्षीगणों की मदद से दिनांक 27.04.2025 को बहला फुसला कर भगा ले जाने तथा तत्पश्चात उसकी हत्या कर दिये जाने सम्बन्धी प्रकरण की जांच हेतु मुझे जांच अधिकारी नामित किया गया है। उपरोक्त के तहत इस प्रकरण की मजिस्ट्रीरियल जांच मेरे द्वारा की जा रही है। उन्होंने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि उक्त प्रकरण से संबंधित जिस किसी भी व्यक्ति को कोई भी जानकारी हो तो वह उप जिला मजिस्ट्रेट सदर के कार्यालय/न्यायालय में दिनांक 06.01.2026 से दिनांक 20.01.2026 तक प्रातः 10-00 से सायं 5-00 बजे तक किसी भी कार्यदिवस में उपस्थित होकर लिखित अथवा मौखिक रूप से साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है।

# 35 लीटर शराब बरामद तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

आबकारी आयुक्त उप्र के निर्देशानुसार संचालित विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा अवैध शराब निष्कर्षण, बिक्री एवम् परिवहन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिये गये। उक्त निर्देशों के अनुपालन के क्रम में थाना महोली क्षेत्र में एसडीम महोली, क्षेत्राधिकारी महोली, प्रभारी निरीक्षक महोली तथा आबकारी निरीक्षक महोली की पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा विशेष अभियान के तहत के ग्राम गाजीपुर व ग्राम अढ़ौरी पर पुलिस व आबकारी टीम ने विभिन्न संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी की गई इस दौरान जंगलों, अलग-थलग गढ्ढों और मकानों में छिपाकर रखी गई अवैध लहन की बड़ी खेप जब्त की गई, चेकिंग के दौरान कुल 230 लीटर अवैध शराब बनाने की लहन बरामद की गयी जिसे कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए पूर्ण रूप से नष्ट कराया गया तथा अभियान के दौरान 35 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गयी जिसमें 03 अभियुक्तों के विरूद्ध 03 अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। अभियान के तहत अवैध लहन बरामद कर उसके विनाश की यह प्रक्रिया एक कानूनी कार्रवाई भर नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति का पहला कदम है। यह कार्य तभी सफल होगा जब समाज के हर व्यक्ति का सहयोग प्रशासन को मिले। नशा मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के लिए हम सभी को जागरूक होने की आवश्यकता है और अपने आस-पास होने वाली अवैध गतिविधियों की सूचना तत्काल प्रशासन को दें ।



# हमारी सांस्कृतिक विरासत हैं धार्मिक आयोजन: प्रिया शाक्य

- कथावाचक आचार्य संगम शास्त्री को माल्यार्पण करके किया सम्मानित
- गोविंद मेरे गोपाल मेरे और गिरिराज धरण के जयकारे से गुंजायमान हुआ पंडाल



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के महुआ नगला गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने भगवान बांकेबिहारी का पूजन कर क्षेत्रवासियों की सुख-सम्पन्नता के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और कथावाचक आचार्य संगम शास्त्री को माल्यार्पण करके सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजन हमारी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत का अभिन्न हिस्सा हैं। इन आयोजनों को संरक्षित करना और आगे बढ़ाना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा जैसे आयोजन हिंदू समाज में धार्मिक और नैतिक जागरूकता लाते हैं, जो लोगों को सकारात्मकता और एकता की ओर प्रेरित करते हैं। प्रिया शाक्य ने अपने संबोधन में आगे कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में भाईचारा और समरसता बढ़ती है। ये आयोजन हमें अपने मूल्यों और संस्कृति से जोड़े रखते हैं। भक्तों ने गोवर्धन लीला का आध्यात्मिक रसपान किया। प्रसिद्ध कथावाचक संगम शास्त्री जी के श्रीमुख से गोवर्धन कथा का वर्णन सुनकर कथा पंडाल भक्ति रस में डूब गया। गोवर्धन पूजा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शास्त्री जी ने कहा कि यह कथा भक्ति, समर्पण और प्रकृति पूजा का प्रतीक है। भक्तों ने गोविंद मेरे गोपाल मेरे और गिरिराज धरण के जयकारे लगाते हुए हुए पूरे पंडाल को गुंजायमान कर दिया। कथा में परीक्षित का दायित्व सुमन और अभिमन्यु राजपूत ने निभाया। इस दौरान राहुल कुमार, निर्मला, बलवान सिंह, जसवंत सिंह, हर्ष, देवांश व ओमनारायन सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## खेतों में लगी बैरीकेटिंग को स्वार्थी तत्वों ने तोड़ी

**कालपी,जालौन।** तहसील क्षेत्र के मौजा लंगरपुर के खेतों में लगी बैरीकेटिंग को स्वार्थी तत्वों के द्वारा तोड़ देने से आवारा जानवरों के द्वारा अरहर तथा गेहूं की फसल क्षतिग्रस्त होने का किसान ने आरोप लगाते हुए शिकायत पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त मामले को लेकर कृषक भानु प्रताप सिंह निवासी मोहल्ला हरीगंज कालपी ने अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देते हुए अवगत कराया है की मौजा लंगरपुर स्थित खेत में अरहर की फसल बोई हुई थी। स्वार्थी तत्वों के द्वारा खेत में लगी बैरीकेटिंग को तोड़ दिया गया। फलस्वरुप आवारा पशुओं का झुंड खेतों में घुस गया तथा फसल को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। पीड़ित किसान ने मांग की है कि लेखपाल तथा राजस्व कर्मचारियों से जांच कर कर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

# सब्जी बाजार स्थान को लेकर दुकानदारों ने किया प्रदर्शन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



ग्राम पंचायत कसाबा के रामलीला मैदान में वर्षों से लगने वाले साप्ताहिक सब्जी बाजार को लेकर बड़ा विवाद उत्पन्न हो गया।

आरोप है कि कसाबा के कुछ दबंग लोगों ने दुकानदारों पर दबाव डालकर मंगलवार का बाजार कसाबा के बजरिया में लगाने की मांग की। इस दौरान एक दबंग व्यक्ति ने मौके पर पहुंचकर ग्राम प्रधान मुकेश चंद्र और दुकानदारों के साथ गाली-गलौज किया। दुकानदारों का कहना है कि रामलीला मैदान में रविवार, मंगलवार और गुरुवार को नियमित रूप से सब्जी बाजार लगता आ रहा है। दुकानदार रामपाल शाक्य ने बताया कि कुछ लोगों ने अभद्रता की और मना करने पर धमकी दी। रूवल सिंह ने कहा कि बजरिया में शौचालय, पानी और वाहन पार्किंग की कोई सुविधा नहीं है, जिससे वहां बाजार लगाना असंभव है। रामलीला मैदान में पर्याप्त जगह होने के कारण दुकानदार ठेकेदार को नियमित शुल्क देते हैं, फिर भी उन्हें परेशान किया जा रहा है। नाराज दुकानदारों ने प्रदर्शन किया और ऐलान किया कि बाजार रामलीला मैदान में ही लगेगा, अन्यथा वे जिलाधिकारी कार्यालय में शिकायत करेंगे। समाजसेवी नीत कुमार ने आरोप लगाया कि दबंगों ने बाजार की जमीन पर कब्जा कर रखा है। ठेकेदार रवींद्र सिंह प्रजापति ने बयान देने से इनकार कर दिया वहीं ग्राम प्रधान मुकेश चंद्र ने भी दबंग द्वारा गाली-गलौज करने की पुष्टि की है। प्रदर्शन में धर्मेंद्र, जयराम, सुघर सिंह, अनिल, राजू, बाबू, मोनू, सुभाष सिंह, जबर सिंह, श्रीपाल, रामपाल, सत्यप्रकाश, कश्मीर, संजीव, रामलखन, मनोज, राजबीर, लल्ला बाबू, विध्याराम, विपिन, प्रभाकर, मलखान व शिवराम सहित कई दुकानदार शामिल थे।

## श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव में भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के विशुनगढ़ रोड स्थित गणपति लॉन गेस्ट हाउस में श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का धूमधाम से आयोजन किया गया। जिलेभर से सैकड़ों श्रद्धालु और श्याम प्रेमी इस भक्ति अनुष्ठान में सम्मिलित हुए, जहां बाबा श्याम के भजनों ने वातावरण को भाव-विभोर कर दिया। सुबह 5 बजे तक चले इस कार्यक्रम का समापन भक्तों द्वारा की गई बाबा श्याम की भावपूर्ण आरती से हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण देश के विभिन्न प्रांतों से आए प्रसिद्ध भजन गायकों की मधुर प्रस्तुतियां रहीं। वृंदावन धाम से अमन मिश्री ने ब्रज भाषा की अपनी अनूठी शैली में भक्तों को भक्ति रंग में रंग दिया। राजस्थान से मयंक मृदुल, उत्तराखंड से अन्नू (पागल), कानपुर से दीपांशी तिवारी और कश्यप ब्रदर्स म्यूजिशियन तथा बरेली से करिश्मा ने अपनी भावपूर्ण भजनों से समा बांध दिया। प्रत्येक कलाकार ने अपनी-अपनी शैली से श्रोताओं के हृदय में श्याम भक्ति का संचार किया। आयोजन समिति के अमन यादव, आकाश कश्यप, अमित कुमार राजपूत, आरपी ठाकुर, रावेंद्र शर्मा, सत्यम गुप्ता सहित नगर के अनेक श्रद्धालुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## छात्र-छात्राओं को मतदाता बनने के लिए किया जागरूक

**कालपी (जालौन)।** मंगलवार को कालपी कॉलेज कालपी में उपजिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर उन्होंने 18 वर्ष से ऊपर के छात्र-छात्राओं को मतदाता बनने के लिए जागरूक किया। महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने कहा कि नए मतदाता बनने के लिए प्रारूप फॉर्म नंबर 6 को भरकर जमा करें तथा जिन लड़कियों के विवाह हो गए हैं, निर्वाचन नामावली में अपने-अपने पते को बदलना हो तो फॉर्म नंबर 8 भरें। तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी ने गोष्ठी में अवगत कराया कि एसआईआर की प्रक्रिया में कालपी क्षेत्र के जिन लोगों के नाम छूट गए हैं वह अपने फार्म को भरकर तहसील में जमा कर दें। इस मौके पर नायाब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला, चंद्रभान, डॉ. सोम चौहान, कीर्ति पुरवार, डॉ. विनीत कुमार आदि ने विचार व्यक्त किये।

# ठठिया में लगेगी क्रांतिकारी आजाद की प्रतिमा



- मां भारती को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए चंद्रशेखर आजाद ने अपना सर्वस्व किया न्योछावर: जिलाध्यक्ष

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

मानीमऊ तिराहे ठठिया में लगने बाली क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थापना का रास्ता साफ हो गया है। मंगलवार को उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया ने भाजपा आईटी सेल के जिलाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय के साथ प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान राजस्व टीम ने भूमि का चिन्हांकन कर तिराहे पर निशान भी लगाए। उपजिलाधिकारी ने बताया कि सभी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं और बहुत जल्द मानीमऊ तिराहे पर महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्थल चयन और भूमि संबंधी प्रक्रिया नियमानुसार संपन्न कराई गई है। वहीं भाजपा आईटी सेल जिलाध्यक्ष अभिषेक पाण्डेय ने कहा कि मां भारती को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने अंग्रेजों को घुटने टेकने पर मजबूर किया और स्वयं बलिदान देकर अमर हो गए।

यह ठठिया क्षेत्र की जनता के लिए गर्व का विषय है कि उनके तिराहे पर ऐसे महानायक की प्रतिमा अनंतकाल के लिए स्थापित होने जा रही है। निरीक्षण के दौरान हरिओम ओमर, सौरभ कुशवाह, लेखपाल अभिषेक यादव सहित स्थानीय नागरिक भी रहे।



## करमुल्लापुर में चकबंदी समिति का गठन अजय पाल सिंह बने अध्यक्ष

**छिबरामऊ, कन्नौज।** तहसील क्षेत्र के ग्राम करमुल्लापुर में चकबंदी समिति के गठन के लिए जूनियर हाईस्कूल परिसर में आयोजित किसानों की महत्वपूर्ण बैठक में ग्राम प्रधान तथा ग्राम प्रबंध समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। चकबंदी अधिकारियों ने की अध्यक्षता में हुई बैठक में किसानों को चकबंदी समिति गठन की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। स्पष्ट किया गया कि समिति का चयन भूमि प्रबंध समिति के सदस्यों में से ही होगा। साथ ही, 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्ति अयोग्य होंगे तथा शिक्षित खातेदार कृषकों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके बाद निर्वाचन प्रक्रिया शुरू हुई। सर्वसम्मति से अजय पाल सिंह को चकबंदी समिति का अध्यक्ष चुना गया। सदस्य पदों पर श्रीपाल, उषा देवी तथा रामनरेश नागर निर्वाचित हुए। पूरी चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में चकबंदीकर्ता अजय सिंह, रामकृष्ण, चकबंदी लेखपाल अंकित यादव, राजेश यादव एवं अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### गोपाल दुबे बनें देवसेना के प्रदेश मीडिया प्रभारी



**छिबरामऊ, कन्नौज।** देवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजभूषण सैनी एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश सिसोदिया ने नगर के गोपाल दुबे टाडा को प्रदेश मीडिया प्रभारी मनोनीत किया है। देवसेना का प्रदेश मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर गोपाल दुबे टाडा ने कहा में अपने पद की गरिमा बनाये रखते हुए देव सेना के नियमों का पालन व संगठन के संविधान में पूर्ण निष्ठा रखेने के साथ उसके नियमों का दृढ़ता से पालन करूंगा। अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह करने, धर्म एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने तथा अपने समाज को एकजुट करने एवं सुरक्षा प्रदान करने में सहयोग करेने के साथ संगठन के विस्तार और प्रचार-प्रसार में अपना महत्वपूर्ण योगदान दूंगा। देव सेना के जितेंद्र सिंह चौहान प्रदेश उपाध्यक्ष, अतुल सिंह प्रदेश महासचिव, विकास दुबे प्रदेश प्रवक्ता, अमित दुबे एडवोकेट जिलाध्यक्ष विधिप्रकोष्ठ, विकास सिंह जिलाध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ, अरविंद गुप्ता वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, सोवियत भदोरिया जिला उपाध्यक्ष, राजीव गुप्ता नगर अध्यक्ष, प्रमोद शर्मा तहसील अध्यक्ष, श्याम सुंदर ब्लॉक,व शिवम गुप्ता जिला महासचिव सहित कई पदाधिकारियों ने गोपाल दुबे टाडा को शुभकामनाएं दी हैं।

### नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को आजीवन कारावास

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में विशेष पोक्सो न्यायालय ने अभियुक्त को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही न्यायालय ने अभियुक्त पर 13 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। थाना गुरसहायगंज में वर्ष 2022 में दर्ज मुकदमे के तहत अभियुक्त भूरा उर्फ रमेश दास उर्फ रमेश कुमार पुत्र जगदीश चंद्र यादव निवासी जलालाबाद के विरुद्ध वादी की नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म, मारपीट, अवैध रूप से बंधक बनाने व धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने विवेचना पूर्ण कर आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर प्रकरण में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने के लिए थाना स्तर से लेकर अभियोजन पक्ष, मॉनिटरिंग सेल एवं कोर्ट पैरोकार द्वारा सघन प्रयास किए गए। प्रभावी साक्ष्य और मजबूत पैरवी के चलते मामले में अभियुक्त का दोष सिद्ध हुआ। विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट ने अभियुक्त को पोक्सो एक्ट के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास तथा 13 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

### रामपुरा ग्रामीण क्षेत्र को मिली रोडवेज बसों की सौगात

**रामपुरा (जालौन)।** उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम ने रामपुरा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के यात्रियों को बड़ी राहत देते हुए 20 प्रतिशत कम किराए वाली मुख्यमंत्री ग्रामीण जनता सेवा की दो नई रोडवेज बसों का संचालन शुरू कर दिया है। इससे क्षेत्रीय लोगों को आवागमन में हो रही लंबे समय से चली आ रही असुविधाओं से निजात मिलेगी। उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम, उरई के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक के.क़े. आर्य ने ग्रामीण क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इन बसों के संचालन के निर्देश दिए हैं। श्री आर्य ने बताया कि नदियापार मध्यप्रदेश सीमा से सटे गांवों सहित रामपुरा क्षेत्र को उरई, जालौन, बंगरा व माधौगढ़ से बेहतर कनेक्टिविटी देने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। पहली बस का संचालन (हनुमंतपुरा-उरई मार्ग) पहली बस का संचालन मध्यप्रदेश सीमा स्थित हनुमंतपुरा गांव से प्रातः 8.40 बजे होगा, जो रामपुरा 9.05 बजे पहुंचकर 9.10 बजे आगे प्रस्थान करेगी। यह बस माधौगढ़ (9.30 बजे), बंगरा (9.50 बजे), जालौन (10.25 बजे) होते हुए उरई 10.55 बजे पहुंचेगी। वापसी में बस उरई से 11.15 बजे चलकर जालौन (11.50 बजे), बंगरा (12.25 बजे), माधौगढ़ (12.45 बजे), रामपुरा (1.05 बजे) होते हुए हनुमंतपुरा 1.30 बजे पहुंचेगी। इसके बाद यही बस दिन में पुनः 2 बजे उरई के लिए रवाना होगी तथा शाम को उरई से 7 बजे चलकर रात्रि 9.15 बजे हनुमंतपुरा पहुंचकर वहीं विश्राम करेगी।

# अवैध शस्त्र के साथ पुलिस ने युवक को दबोचा

- कब्जे से 12 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस ने अवैध शस्त्र रखने वाले एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 12 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ पूर्व में भी गंभीर धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत तिर्वा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार शुक्ल, उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल जयप्रकाश सहित पुलिस टीम ने धोबीघाट पुल से आगे पचोर जाने वाले मार्ग पर नीम के पेड़ के पास खड़े एक युवक को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। तलाशी के दौरान युवक के पास से एक अवैध तमंचा 12 बोर और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में उसकी पहचान कमल (25) पुत्र सोबरनलाल, निवासी ग्राम उहिदापुर, थाना तिर्वा के रूप में हुई। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर थाना तिर्वा में मामला दर्ज कर अभियुक्त को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके विरुद्ध हत्या, अपहरण, गैंगस्टर एक्ट, पाक्सो एक्ट सहित कई गंभीर मामलों में पूर्व से मुकदमे दर्ज हैं।

# व्यापारियों के सहयोग से चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान: डीएम

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



उरई शहर को जाम की समस्या से स्थायी राहत दिलाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कोतवाली उरई में शहर के प्रमुख व्यापारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने तथा अतिक्रमण हटाने को लेकर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा हुई।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सड़क मार्गों पर ठेले, खुमचे एवं अस्थायी अतिक्रमण के कारण जाम की गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। इसे देखते हुए वेंडिंग जोन निर्धारित किए गए हैं, ताकि छोटे व्यापारियों को व्यवस्थित रूप से रोजगार मिल सके और यातायात बाधित न हो। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे स्वयं आगे आकर अपना-अपना अतिक्रमण हटाएं। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से कहा कि कुछ दुकानदारों द्वारा फुटपाथों पर भी अतिक्रमण किया गया है, जिससे पैदल चलने वाले नागरिकों को कठिनाई होती है। ऐसे दुकानदार स्वेच्छा से फुटपाथों से अपना अतिक्रमण हटाना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि 8 दिन के भीतर यदि अतिक्रमण स्वयं नहीं हटाया गया, तो इसके पश्चात पुलिस, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं नगर पालिका की संयुक्त टीम नगर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में सघन अतिक्रमण हटाओ अभियान प्रारंभ करेगी। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि वर्तमान में अस्थायी रूप से बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। व्यापारियों द्वारा दिए गए सुझावों पर नगर मजिस्ट्रेट को समीक्षा कर यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने प्रशासन के इस अभियान का पूरा समर्थन करते हुए कहा कि शहर को जाम से मुक्त करना समय की मांग है। इसके लिए अतिक्रमण हटाना अत्यंत आवश्यक है। व्यापारियों ने भरोसा दिलाया कि वे स्वयं दुकानदारों एवं अन्य व्यापारियों को जागरूक करेंगे, ताकि सभी लोग स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर उरई को स्वच्छ, सुंदर एवं अतिक्रमण मुक्त शहर बनाने में सहयोग करें। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, सीओ सिटी अर्चना सिंह, व्यापारी दिलीप सेठ, संतोष गुप्ता, अरुण त्रिपाठी सहित अन्य व्यापारी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने रैन बसेरों व अलाव का लिया जायजा

- गौशाला व गल्ला मंडी की भी देखी व्यवस्था

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**



मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुपालन में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कड़ाके की ठंड के बीच कल देर रात कोंच तहसील का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक संवेदनशीलता का परिचय दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर के प्रमुख चौराहों पर अलाव की व्यवस्था, रैन बसेरों, गौशालाओं एवं मंडी परिसरों में की गई शीतकालीन व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी का स्पष्ट निर्देश है कि कोई भी व्यक्ति ठंड के कारण खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर न हो। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा रैन बसेरों की समुचित व्यवस्था की गई है, अतः खुले में सो रहे निराश्रित, श्रमिक एवं असहाय व्यक्तियों को चिन्हित कर तत्काल रैन बसेरों तक पहुँचाया जाए। जिलाधिकारी ने अलाव जलाने की निरंतरता, पर्याप्त ईंधन की उपलब्धता तथा रैन बसेरों में कंबल, प्रकाश, पेयजल एवं स्वच्छता की व्यवस्थाओं को स्वयं परखा। उन्होंने गौशालाओं में पशुओं के लिए ठंड से बचाव हेतु की गई व्यवस्थाओं को भी परखा। जिलाधिकारी ने कहा कि शीतलहर के दौरान प्रशासन पूरी तरह संवेदनशील और सक्रिय है तथा जनपद में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को रात्रिकालीन भ्रमण नियमित रूप से करने और व्यवस्थाओं की सतत निगरानी के निर्देश दिए।

इसी मौके पर एसडीएम ज्योति सिंह, अधिशाषी अधिकारी मोनिका उमराव आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# गोष्ठी में छात्राओं को यातायात के प्रति किया जागरूक

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**



यातायात व्यवस्था को सुधारने तथा दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कालपी कॉलेज कालपी में आयोजित सड़क सुरक्षा माह की गोष्ठी में उपस्थित शिक्षकों, छात्र-छात्राओं तथा अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा के प्रति शपथ लेकर जागरूकता अभियान चलाया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप जिला अधिकारी मनोज कुमार सिंह तथा तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉक्टर मधु प्रभात तिवारी ने कहा कि शासन के निर्देशों के तहत सड़क सुरक्षा के तहत गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के प्रभारी शिक्षक डॉ विनीत चतुर्वेदी ने कई प्रकार की जानकारी देकर छात्राओं को यातायात के प्रति जागरूक किया कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की मौजूदगी में सड़क सुरक्षा के प्रति शपथ दिलाकर जागरूकता अभियान चलाया।

# कोहरे के दृष्टिगत लगाये वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**




''राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह'' के अन्तर्गत आटा टोल प्लाजा पर राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, सुरेश कुमार वरि0-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन, प्रवर्तन) द्वारा आटा टोल के मैनेजर के सहयोग से साथ ही कोहरे के दृष्टिगत समस्त प्रकार के वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाया गया व राहवीर योजना, सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों के बारे में पम्पलेट बाँटकर विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी व जागरुक किया गया।

राजेश कुमार सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, सुरेश कुमार वरि.-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासनध्प्रवर्तन) जनपद-जालौन द्वारा कोहरे के दृष्टिगत समस्त प्रकार के वाहनों मानक अनुरुप रिफ्लेक्टर टेप लगाकर वाहन का संचालन करने की सलाह दी गयी, राहवीर योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी, यातायात नियमों के बारे में बताया गया तथा सभी से अपील की गयी कि वह समस्त वैध प्रपत्रों के साथ वाहन का संचालन करें, नींद, थकान आदि की दशा में वाहन का संचालन न करें, नशे की हालत में वाहन न चलायें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, ओवर स्पीड में वाहन न चलायें, गलत दिशा में वाहन न चलायें, बिना नम्बर प्लेट के वाहन का संचालन न करें, कोहरे में वाहन की गति धीमी रखें, कोहरे में दृश्यता कम होने की दशा में वाहन का संचालन न करें तथा वाहन को किसी सुरक्षित जगह पेट्रोल पम्प आदि पर खड़ी कर लें।

## महिला ने लगायाचेक दुरुपयोग कर धोखाधड़ी करने का आरोप

**कालपी,जालौन।** कोतवाली कालपी क्षेत्र की निवासी एक महिला ने चेक के दुरुपयोग कर धोखाधड़ी किए जाने का आरोप लगाते हुए न्यायालय की शरण ली है। पीड़िता का आरोप है कि विपक्षी द्वारा दिए गए चेक के माध्यम से उसके साथ आर्थिक धोखाधड़ी की गई, जिससे उसे भारी मानसिक व आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। नगर के मुहल्ला रामचबूतरा निवासी शब्बीर ने बताया कि विपक्षी ने उसे बैंक चेक दिया था, जिसे उसने भुगतान हेतु अपने खाते में प्रस्तुत किया। बाद में जानकारी हुई कि वही चेक पूर्व में किसी अन्य व्यक्ति के पक्ष में विक्रय पत्र में प्रयुक्त किया जा चुका है। इस मामले को लेकर न्यायालय में वाद भी विचाराधीन है। पीड़िता ने बताया कि उसने उक्त प्रकरण की शिकायत को लेकर पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजा, लेकिन अब तक न तो प्राथमिकी दर्ज की गई।

# डीएम की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की हुई बैठक

- विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति एवं पारदर्शिता पर हुई विस्तृत चर्चा

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन आयोग के निर्देशों के क्रम में विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति एवं पारदर्शिता पर विस्तृत चर्चा की गई। अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर आज 6 जनवरी 2026 को विधानसभा क्षेत्र 219 माधौगढ़, 220 कालपी एवं 221 उरई (अजा) के अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों, मतदेय स्थलों, कार्यालयों तथा जिला निर्वाचन कार्यालय पर फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का आलेख्य प्रकाशन विधिवत रूप से किया गया।

इस अवसर पर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को मतदाता सूची हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी दोनों स्वरूपों में उपलब्ध कराई गई, जिससे वे सूची का अवलोकन कर किसी भी प्रकार की आपत्ति, संशोधन या दावा निर्धारित समयसीमा में प्रस्तुत कर सकें। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि मतदाता सूची का शुद्धिकरण एवं अद्यतन प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए आम नागरिकों से भी अपील की कि वे मतदाता सूची में अपना नाम, विवरण एवं फोटो अवश्य जांच लें, ताकि आगामी चुनावों में कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

**कार्यालय ग्रा0पं0 दाउदपुर न0 बाग वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0**

पत्रांकः ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 दिनांक 06/01/2026

**निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वा वित्त/मनरेगा योजना के अंतर्गतग्राम पंचायत दाउदपुर न0 बाग द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादातायों से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 07/01/2026 से 13/01/2026 तक अपरान्ह 03 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 13/01/2026 को अपरान्ह 04 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाताओं की मौजूदगी में खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0 पं0 कार्यालय से रू 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | मेन रोड से रामकिशोर के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 01.50 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | हरीश चन्द्र के घर से मेन गली तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 01.73 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | मेन रोड से सतेन्द्र के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 02.04 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | जयचन्द्र के घर से जवाहर सिंह के घर तक सीसी निर्माण कार्य | 01.55 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्तें- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (कमल कुमार) ग्रा0पं0 दाउदपुर न0 बाग, वि0ख0, मोहम्मदाबाद सचिव (अजय कुमार द्विवेदी)






# अंडर पास के निकट मिला युवक का शव

- पुलिस बोली शव कहीं दूसरी जगह से लाकर यहां डाला गया
- मृतक की गर्दन पर रस्सी या तार से गला घोंटने के निशान मिले
- फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य किये एकत्र



जांच पड़ताल करते सीओ व मौजूद ग्रामीण

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम नगला चम्पत मार्ग पर बहादुर नगला अंडर पास से 50 कदम दूरी पर एक अज्ञात शव मिलने से सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना पाकर एएसपी अरुण कुमार, डीएसपी अजय वर्मा, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह 6 बजे शौच के लिए जा रहे दलवीर सिंह पुत्र सुमित कुमार को एक अज्ञात शव सड़क पर पड़ा मिला। जिसे देखकर वह भयभीत हो गये। सुमित ने तुरंत डायल 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची डायल 112 ने कोतवाली प्रभारी को शव पड़े होने की जानकारी दी। मृतक के दाहिने हाथ की कलाई पर विक्रम नाम का टैटू गुदा हुआ है तथा बाएं हाथ पर ओम का टैटू गुदा हुआ है। मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष बताई जा रही है। मृतक काले कलर का स्वेटर व तथा काली व सफेद लाइन में गर्म टी शर्ट तथा बदामी कलर पेंट पहने है। मृतक की गर्दन पर किसी रस्सी या तार से गला घोंटने का काला निशान है। मुंह से खून निकलने के निशान मिले। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। मौके पर फॉरेंसिक टीम को शव गाड़ी से घसीटने के निशान मिले। सूचना मिलने पर एएसपी अरुण कुमार ने बताया कि सर्वप्रथम ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यह शव कहीं दूसरी जगह से लाकर डाला गया है। शव की पहचान के लिए सभी थानों तथा प्रधान के ग्रुप में फोटो को डाल दिया गया है। चौकी प्रभारी यतेंद्र सिंह ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। डीएसपी अजय वर्मा ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला को कोहरा कम होने पर दोबारा जांच करके साक्ष्य को एकत्र करने के निर्देश दिए।

फिलहाल ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। पुलिस का कहना है कि वह जल्द घटना का खुलासा करेगी। घटना को लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चायें हो रही हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि मृतक आसपास का निवासी नहीं है। कहीं दूरदराज का है। वहीं से उसकी हत्या कर घटना पर पर्दा डालने के लिए यहां लाकर डाला गया है।

# पूरे दिन छाया रहा कोहरा, गलन ने बढ़ाई परेशानियां



सुबह वातावरण में छायी कोहरे की चादर



सर्दी से बचने के लिए अलाव तापते लोग

- तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, लोग घरों से कम निकले

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सर्दी दिन पर दिन सुर्ख होती जा रही है। मंगलवार को तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जिससे लोग सर्दी से बचने के लिए घरों से कम निकले। वहीं अधिकांश प्रतिष्ठानों के बाहर लोग अलाप तापते नजर आये।

मंगलवार को कोहरा पूरे दिन छाया रहा। पूरे दिन सूर्य भगवान के दर्शन नहीं हुए। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में कोहरा और घना होने की संभावना है। हालांकि यह घना कोहरा गेहूं की फसल के लिए फायदेमंद बताया जा रहा है। गलन ने लोगों को काफी परेशान किया। जिससे बाजार हाट के लिए लोग घरों से कम निकले। सरकारी दफ्तरों व कचहरी आदि में सन्नाटा पसरा रहा। लोग पूरे दिन अलाव के आगे तापते नजर आये। सबसे ज्यादा बुजुर्गों व बच्चों को परेशानी हो रही है। चिकित्सक बच्चों व बुजुर्गों को घरों से न निकलने की नसीहत दे रहे हैं। ऐसे में जरा सी सावधानी भारी पड़ सकती है। आवागमन करने में भी लोगों को परेशानी हो रही है। यात्राएं करने से लोग बच रहे हैं। रोडवेज बसें दो चार सवारी लेकर अपने गंतव्य को रवाना हो रही हैं। सर्दी के चलते बच्चों के स्कूल 14 जनवरी तक बंद कर दिये गये हैं। सबसे ज्यादा परेशानी रोज कमाकर खाने वालों को हो रही हैं। सर्दी के चलते रेहड़ी व खोंचे वालों के चूल्हे ठंडे पड़े हुए हैं। उनको रोटी जुटाने के लाले पड़ रहे हैं।

# प्रधानों, सचिवों को दिया गया प्रशिक्षण

- पंचायत सहायकों ने भी लिया भाग
- आय का स्रोत बढ़ाने पर की गयी चर्चा



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद प्रधान, सचिव व पंचायत सहायक आदि

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड कार्यालय पर राष्ट्रीय ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ग्राम प्रधानों, ग्राम सचिव, पंचायत सहायकों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकास खंड कार्यालय स्थित सभागार परिसर में उच्च अधिकारियों के निर्देशन में विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान के मार्गदर्शन में ग्रामीण ग्राम स्वराज योजना के अंतर्गत ओएसआर के तहत ग्राम पंचायत के प्रधानों, पंचायत सहायकों तथा ग्राम पंचायत के सचिवों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें सरकार के बताएं अनुसार कर लगाकर धन का आय का स्रोत तैयार करने के लिए कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए पारुल तथा धनंजय सिंह ट्रेनर के द्वारा सभी को ट्रेनिंग दी गई। प्रशिक्षण के दौरान आए प्रशिक्षणार्थियों ने विकास खंड पर पंचायत सहायकों के अलावा ग्राम प्रधानों तथा सचिवों को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि वह ग्राम पंचायत में आय का स्रोत महिलाओं के द्वारा, जिसमें समूह की महिलाएं की सबसे अधिक भागीदारी रहेगी, ऐसे कई बिंदुओं पर चर्चा की गई इस मौके पर बीडीओ अमरेश चौहान, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ आईएसबी सुखदेव सिंह, सचिव प्रमोद शुक्ला, कुलदीप राजपूत, वेद प्रकाश, मोतीलाल यादव, बृजेश कुमार, प्रवीण कुमार, कामता प्रसाद पटेल, अरविंद कुमार, आकांक्षा सक्सेना सहित समस्त ग्राम प्रधान समस्त पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# बाबा साहब की होर्डिंग जलाने में तीन गिरफ्तार

- अन्य आरोपियों की पुलिस सरगर्मी से कर रही तलाश
- पुलिस बोली शीघ्र अन्य आरोपी भी होंगे शिकंजे में

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बीते दिन बाबा साहब अम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में लगायी गयी होर्डिंग को अराजकतत्व ने जला दिया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। आज पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज चौराहे पर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के मौके पर लगाए गए होर्डिंग को बीते दिन अराजकतत्वों ने आग के हवाले कर दिया था। जिसकी सूचना भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं को लगी। जिस पर ग्राम बांसमई निवासी सुरेश चंद्र, एक नाम अज्ञात तथा कुछ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। जिसके चलते आज कस्बा इंचार्ज गीतम सिंह ने सूचना के अनुसार भारी पुलिस बल के साथ चौराहे से तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जिसमें धर्मेंद्र, मनजीत सहित तीन लोगों के नाम शामिल हैं तथा पांच लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उनका चालान कर दिया। थाना पुलिस ने बताया की अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही है। जल्द ही उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# मेला रामनगरिया: वाहन स्टैण्ड पर हो रही अवैध वसूली




वाहन चालक से अवैध वसूली करते वाहन स्टैण्ड संचालक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेला रामनगरिया में वाहन स्टैण्ड संचालक अपनी मनमानी पर उतारु हैं। वह श्रद्धालुओं से जमकर अवैध वसूली कर रहे हैं। इस संबंध में कई वाहन चालकों ने मेला व्यवस्थापक संजय मिश्रा से इसकी शिकायत भी की, लेकिन वाहन स्टैण्ड संचालक अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। इससे ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मेला व्यवस्थापक भी उक्त अव्यवस्था में संलिप्त है। जानकारी के अनुसार बीती 03 जनवरी को जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने मेला श्री रामनगरिया का उद्घाटन किया था। उन्होंने अधिकारियों को मेले को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के निर्देश दिये थे, लेकिन जिलाधिकारी के आदेश को नजरंदज कर मातहत अपनी मनमानी पर उतारु हैं। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं से वाहन स्टैण्ड संचालक जमकर धन उगाही कर रहे हैं। जब कोई विरोध करता है, तो उक्त वाहन स्टैण्ड संचालक अपनी दबंगई दिखाते हुए उसके साथ मारपीट करने पर आमादा फसाद हो जाते हैं,स जबकि वाहन स्टैण्ड पर रेट लिस्ट भी नहीं लगायी गयी है। जिससे श्रद्धालु खासे परेशान हैं। दोपहिया, चार पहिया सहित अन्य वाहनों से अलग-अलग दरों पर शुल्क लिया जा रहा है, जबकि कहीं भी अधिकृत शुल्क सूची प्रदर्शित नहीं की गई है। इससे श्रद्धालुओं में भारी रोष व्याप्त है। श्रद्धालुओं का कहना है कि जब रेट लिस्ट पूछी जाती है तो कर्मचारी टालमटोल करते हैं या अभद्रता पर उतर आते हैं। यह न केवल प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है, बल्कि मेले की छवि को भी धूमिल कर रहा है। अवैध वसूली की यह प्रक्रिया पूरी तरह नियमों के खिलाफ है। प्रशासनिक नियमों के अनुसार मेला क्षेत्र में ठेकेदार को स्पष्ट और पढ़ने योग्य रेट लिस्ट लगाना अनिवार्य होता है।

# डीएम के आदेश को ताख पर रखकर खोले जा रहे प्राइवेट स्कूल

- अभिभावकों ने प्रबंधक के खिलाफ कार्यवाही करने की उठाई मांग
- सर्दी के मौसम में ठिठुरते हुए बच्चे जा रहे स्कूल



सर्दी में स्कूल जाते बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शीतलहर के चलते जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने जिले के कक्षा 8 तक के प्राइवेट सरकारी व प्राइवेट विद्यालय बंद कर दिये हैं, लेकिन कई प्रबंधक डीएम के आदेश को न माकर विधिवत विद्यालयों को खोल रहे हैं। भीषण सर्दी में ठिठुरते हुए बच्चे स्कूल जा रहे हैं। अभिभावकों ने जिलाधिकारी से ऐसे विद्यालय के प्रबंधकों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

बताते चलें कि इस समय हाड़कंपाऊ सर्दी पड़ रही है। हर कोई घर से निकलने की जेहमत नहीं उठा पा रहा है। सर्दी के मौसम को देखते हुए जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को मुख्यमंत्री के आदेश का पालन करते हुए जनपद के कक्षा 8 तक के सरकारी व अर्द्ध सरकारी स्कूल 14 जनवरी तक बंद करने के आदेश जारी किये हैं। जिलाधिकारी के आदेश का अनुपालन अधिकांश विद्यालय कर रहे हैं, कुछ ऐसे विद्यालय हैं, जो जिलाधिकारी के आदेश को धता बताते हुए स्कूल खोल रहे है। जिसमें सेनापति स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य धर्मवीर द्वारा विद्यालय विधिवत रुप से खोला जा रहा है। जानकारी के अनुसार प्रधानाचार्य धर्मवीर के दो विद्यालय संचालित हैं और दोनों ही विद्यालय जिलाधिकारी के स्पष्ट आदेशों के बावजूद खुल रहे हैं। जिससे न केवल प्रशासन की साख पर सवाल खड़े हो रहे हैं, बल्कि बच्चों की सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ किया जा रहा है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जहां एक ओर जिले के अधिकांश विद्यालय जिलाधिकारी के आदेशों का पालन कर बंद हैं, वहीं दूसरी ओर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बच्चों को बुलाकर नियमित रूप से कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इससे यह सवाल उठता है कि क्या कुछ विद्यालयों के लिए प्रशासनिक आदेश अलग हैं। जब इस पूरे मामले को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह से बातचीत की गई तो उन्होंने साफशब्दों में कहा कि मामला उनकी जानकारी में नहीं है। बीएसए ने आश्वासन दिया कि यदि विद्यालय खुला पाया जाता है तो खंड शिक्षा अधिकारी को मौके पर भेजकर जांच कराई जाएगी और दोषी पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन अपने आदेशों की गरिमा बनाए रखने के लिए क्या सख्त कदम उठाता है या फिर ऐसे ही नियमों की अनदेखी कर विद्यालय मनमानी करते रहेंगे। अभिभावकों और आमजन में इस मामले को लेकर रोष व्याप्त है और लोग प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# चौकी इंचार्ज ने पार्सल सामान को किया चेक



सर्दी में स्कूल जाते बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। बीते** दिनों पूर्व रोडवेज बस में पार्सल में पुलिस ने अवैध हथियार बरामद किये थे। जिसके मद्देनजर मंगलवार को बस स्टैण्ड चौकी इंचार्ज कपिल कुशवाहा ने पार्सल सामान को चेक किया।

जानकारी के अनुसार बीते करीब एक सप्ताह पूर्व रोडवेज बस में पुलिस ने अवैध हथियार बरामद किये थे। जिसको लेकर पुलिस चौकन्नी है। इसके मद्देनजर पुलिस ने मंगलवार को भी पार्सल सामान की गहनता से चेकिंग की। चौकी इंचार्ज ने बताया कि एतियात के तौर पर चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान यशवीर, जयकिशोर के अलावा ट्रैफिक पुलिस भी मौजूद रही।

## खबरें एक नजर में

### मनुष्य ही नहीं, जीव जंतु भी सर्दी से बेहाल



**कायमगंज (सं.)।** सर्दी से मनुष्य ही नहीं, बल्कि जीव जंतु भी बेहाल हैं। ग्राम पंचायत कुआंखेड़ा खास में मंगलवार को सचिवालय के अंदर एक नाग देवता निकले, जो सर्दी से परेशान थे। भीषण सर्दी के चलते नाग अपनी जगह से हिल डुल भी नहीं पा रहा था। उन्हें देखकर काफी लोग मौके पर एकत्रित हो गये। कुछ ग्रामीणों ने मानवता दिखाते हुए आग जलाकर उन्हें तपाया। वहीं कुछ लोगों ने पराली डाल दी। जिससे गर्माहट मिल सके। इस मौके पर ग्रामीण ताहिर, जमील, छविराम, राजू आदि मौजूद रहे।

### भैंस के हमले में वृद्धा घायल

**कायमगंज (सं.)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालबाग हमीरपुर खास निवासी शायदा बेगम उम्र 85 वर्षीय पत्नी जाहिद खाँन शीत लहर के चलते घर के आगन में आग जलाकर ताप रही थी। उसी दौरान गाँव के शीनू की मरखनी भैंस खुलकर भागती हुई आई और वृद्धा शायदा बेगम के ऊपर हमला कर दिया। जिससे वृद्धा घायल हो गई। परिजनों ने दौड़कर भैंस को भगाया। वृद्धा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया।

### बाइक की टक्कर से बालक घायल

**कायमगंज (सं.)।** जनपद एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के गाँव बझेरा निवासी अनुभव शर्मा उम्र 3 वर्षीय पुत्र अमित शर्मा परचून की दुकान से खाने के लिए कुरकुरे लेने जा रहा था। रोड क्रास करते समय अज्ञात बाइक चालक उसके टक्कर मारकर भाग गया। आसपास के लोगों की मदद से परिजन उसे उपचार के लिए कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए।

### मार्ग दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**कायमगंज (सं.)।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव टिलियाँ निवासी बादशाह उम्र 24 वर्षीय पुत्र सूबेदारबाइक द्वारा किसी काम से गाँव रुटौल जा रहा था। जैसे ही वह गाँव के निकट पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार बाइक चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार नीचे गिर गया और गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल युवक को कायमगंज सीएचसी में लाकर भर्ती कराया।

### चाइनीज मांझा बेचते एक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद (सं.)।** चाइनीज मांझा की बिक्री पर रोक के बावजूद अवैध कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। कोतवाली पुलिस ने चाइनीज मांझा बेच रहे एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 15 प्रतिबंधित मंझे की चर्खियों को बरामद की हैं। मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपित को थाने से ही जमानत दे दी गई। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र में पुलिस ने मोहल्ला गढ़ी अब्दुल मजीद खां स्थित अनार वाली मस्जिद के सामने की गली में एक व्यक्ति ट्राइसाइकिल पर बैठकर चाइनीज मांझा बेचते पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपित युवक के पास से 15 अदद चाइनीज मांझा की चरखी/कोन बरामद की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोहम्मद रिजवान पुत्र मोहम्मद रफीक उम्र करीब 35 वर्ष निवासी मोहल्ला गढ़ी अब्दुल मजीद खां थाना कोतवाली फर्रुखाबाद बताया।आरोपी ने स्वीकार किया कि चाइनीज मांझा की बाजार में काफी मांग है और इसे बेचने से अच्छा मुनाफा होता है। उसने यह भी बताया कि वह विकलांग है और इसी से परिवार का भरण.पोषण करता है। पुलिस ने उसे चाइनीज मांझा से होने वाले हादसों और उसके अपराध के बारे में अवगत कराते हुए हिरासत में ले लिया। शाम होते होते आरोपित युवक को थाने सही जमानत दे दी गई। कोतवाली प्रभारी दर्शन सिंह नें बताया की आरोपी को थाने से जमानत दे दी गयी हैं। मुकदमा दर्ज किया गया हैं।

# मिनी कुंभ में मिला 280 को नि:शुल्क उपचार

- 140 मरीजों को देखकर दी गयीं दवायें
- शिविर में सर्दी, जुकाम, बुखार से पीड़ित मरीज लेने पहुंचे दवायें



स्वास्थ्य शिविर में दवा लेते कल्पवासी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांचाल घाट पर आयोजित ऐतिहासिक रामनगरिया मेले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए निःशुल्क चिकित्सा शिविर ने श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को बड़ी राहत प्रदान की है। मेले में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए एलोपैथिक व होम्योपैथिक दोनों चिकित्सा पद्धतियों से इलाज की समुचित व्यवस्था की गई।

शिविर में बुखार, खांसी, जुकाम, बदन दर्द, जोड़ों के दर्द, पेट संबंधी रोग एवं अन्य सामान्य बीमारियों का परीक्षण कर निःशुल्क दवाएं वितरित की गई। आवश्यकता पड़ने पर मरीजों को आवश्यक जांच की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य शिविर का संचालन एसीएमओ सर्वेश यादव के निर्देशन में किया गया। स्वास्थ्य कैंप में कल्पवासियों को चिकित्सक डॉ0 अपूर्वा शुक्ला, फार्मासिस्ट आलोक कटियार, जया द्विवेदी, निधि मिश्रा, राघवेंद्र सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी ने देखा और उन्हें आवश्यक दवायें दीं। वहीं होम्योपैथिक स्वास्थ्य विभाग के अनुसार शिविर में एलोपैथिक पद्धति से 140 मरीजों तथा होम्योपैथिक से 85 मरीजों को निःशुल्क दवाएं दी गई। इलाज से लाभान्वित होने वालों में कृष्ण मुरारी, जगतपाल, राधा रानी, सुनीता, श्याम बिहारी, मोर देवी, बड़ी बिटिया, राधेश्याम, जानकी देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। मरीजों ने मेले में इस तरह की स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने पर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की सराहना की। अधिकारियों ने बताया कि मेले की अवधि तक निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं लगातार जारी रहेंगी। बताते चलें कि सर्दी के चलते ज्यादातर मरीज जुकाम, बुखार, खांसी आदि के पहुंचे। जिन्होंने दिखाकर दवायें प्राप्त कीं।

# अनियंत्रित टेंपो खंती में पलटा, तीन घायल



टेंपो पलटने से घायल लोग

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील क्षेत्र के गांव मानिकपुर नहर के पास मंगलवार की सुबह एक तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर खंती में पलट गया। हादसा होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और ऑटो में फंसी सवारियों को बाहर निकाला। हादसे में घायल यात्री राजाराम निवासी राजा का रामपुर जनपद एटा, आरती निवासी पट्टी मदारी थाना अमृतपुर, कृष्णादेवी निवासी धर्मपुर थाना कम्पिल ने बताया कि वह हरपालपुर से रुदायन रेलवे स्टेशन की ओर जा रहे थे। जैसे ही टेम्पो मानिकपुर गांव स्थित नहर के पास पहुंचते, तभी टेम्पो चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया। जिससे टेम्पो पलट गया। जिससे तीन यात्री छुट पुट घायल हो गये।

घायल यात्रियों का आरोप है की टेम्पो चालक शराब के नशे में वाहन चला रहा था। वहीं महिला यात्री कृष्णा देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि वह हरिपालपुर से अपनी ससुराल जा रही थी, तभी तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ऑटो सवार तीन लोगों को मामूली चोटें आई। सभी सवारियां अपने-अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गई। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर जुटे रहे। उन्होंने टेंपो में दबे घायलों को निकाला।

### खेत में पानी लगाते समय कांटे लगने से युवक घायल

**कायमगंज (सं.)।** खेत की भराई करते समय कांटे की चपेट में आने से युवक घायल हो गया। उसने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर अपना उपचार कराया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव आखूनपुर निवासी अनार सिंह यादव उम्र 42 वर्षीय पुत्र रघुवर दयाल अपने खेत की भराई कर रहा था। उसी दौरान साइडों से लगे कांटे की चपेट में आकर घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए।

# डीएम ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को वितरित कीं निर्वाचक नामावलियां



निर्वाचक नामावलियों का वितरण करते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्जीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावलियों के वितरण के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागा में बैठक सम्पन्न हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव, मन्त्री, प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के प्रगाढ़ पुनरीक्षण से संबंधित आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावलियों के का वितरण किया गया, डीएम ने बताया कि 6 जनवरी को प्रकाशित होने वाले वाली आलेख्य मतदाता सूची का अवलोकन उक्त स्थलों पर कर सकते हैं। दावे और आपत्तियां 6 जनवरी मंगलवार से 6 फरवरी शुक्रवार प्राप्त की जायेंगी तथा उनका निस्तारण 27 फरवरी शुक्रवार को किया जायेगा। यदि कोई मतदाता 01 जनवरी की अर्हता तिथि के अतिरिक्त 01 अप्रैल, 01 जुलाई व 01 अक्टूबर को अर्ह हो रहे हैं, तो ऐसे मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु फार्म-6 भरकर जमा करें। फार्म-8 एवं घोषणा पत्र भरकर सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण को दे सकता है। प्रविष्टि में संशोधन इत्यादि के लिए ऑनलाइन माध्यम से आयोग के ऐप के माध्यम से भी घोषणा-पत्र सहित सबमिट किया जा सकता है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे या कर चुके वह फार्म प्रारुप 6 भरकर जमा करे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार सिंह, भाजपा से मुकेश गुप्ता, सपा से सुभाष चन्द्र शाक्य, बसपा से रामरतन गौतम रहे।

# हिन्दू महासभा 26 जनवरी को निकालेगा वंदेमारतम यात्रा



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हिन्दू महासभा की बैठक में हर वर्ष की भांति जनपद में निकलने वाली वन्देमातरम यात्रा की तैयारी पर चर्चा हुई। 23 जनवरी को बसंत पंचमी के कारण इस बार 26 जनवरी को यात्रा निकालने की सहमती जताई गई। कार्यक्रम कैसे भव्य हो उसके लिये सभी ने अपने-अपने विचार रखे। बैठक में युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ मिश्रा, जिलाध्यक्ष क्रान्ति पाठक, जिलाध्यक्ष प्रभारी अजय दुबे अज्जू, राघवेंद्र अग्निहोत्री, सचिन शर्मा, भानू श्रीवास्तव, आशीष मिश्रा, बिट्टू दुबे, सचिन शर्मा, अरविन्द अवस्थी, पंकज अवस्थी, मोनू तिवारी, संन्योश त्रिवेदी, अंकित शाक्य मौजूद रहे।

# युवा महोत्सवः गुलदस्ता सजाओ प्रतियोगिता में सुहानी रही प्रथम




गुलदस्ता सजाओ प्रतियोगिता में भाग लेती युवतियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति के सभागार में गुलदस्ता सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने प्राकृतिक और कृत्रिम फूलों से गुलदस्तादान को सजाया। आकर्षक फूलों से गुलदस्ता को इस तरह से सजाया गया कि मानो विविधता में एकता दिखाई दे रही हो। युवाओं ने बताया कि गुलदस्ता सजावट का अहम हिस्सा है। हर घर में किसी न किसी तरह के गुलदस्ते देखे जा सकते हैं। लगभग हर कार्यालय में मेज पर या स्टैण्ड पर गुलदस्ता रखा हुआ देखा जा सकता है। गुलदस्ते से आकर्षण तो आता ही है, साथ ही मन को शान्ति भी मिलती है। सुहानी ने बताया कि प्राकृतिक पुष्पों के गुलदस्ते अच्छे होते हैं। उनसे अच्छी ऊर्जा का संचरण होता है। वास्तुशास्त्र के अनुसार कृत्रिम पुष्पों को नहीं रखना चाहिए। प्रथम स्थान पर सुहानी, द्वितीय स्थान पर प्रियांशी दुबे, तृतीय स्थान पर ऐश्वर्या, सुहानी मेहरोत्रा, प्रगति मिश्रा, दिव्यांशी रही। प्रतिभागी-सुहानी, प्रियांशी दुबे, ऐश्वर्या, सुहानी मेहरोत्रा, प्रगति मिश्राए दिव्यांशी रही। इस अवसर पर अध्यक्ष डा0 संदीप शर्मा, डा0 कृष्णकान्त त्रिपाठी अक्षर, सच्चिदानन्द मिश्रा, हर्ष दुबे मौजूद रहे।

# एक घंटे में घायल को अस्पताल पहुंचाने से जीवित रहने पर मिलेगा 25 हजार का इनामः एआरटीओ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत एवं यातायात प्रभारी सत्येन्द्र कुमार ने एआरटीओ कार्यालय में ड्राईविंग लाइसेन्स के टेस्ट देने हेतु आये हुये आवेदकों तथा विभागीय कार्य से आये हुये अन्य आवेदकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। जागरुकता कार्यक्रम में 62 लोगों ने प्रतिभाग किया गया।

- ड्राइविंग लाइसेंस के आवेदकों को सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरुक



जानकारी देते एआरटीओ

एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत ने आवेदकों से अनुरोध किया कि वह किसी भी स्थिति में यात्री वाहनों में ओवरलोडिंग ना करें, वाहन के प्रपत्र पूर्ण रखें, नशे की स्थिति में वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, अपनी गति को नियंत्रण में रखें तथा यातायात नियमों का पालन करें। सभी सुरक्षित रहें यातायात नियमों का पालन करें।

एआरटीओ ने राह-वीर योजना की जानकारी देते हुये बताया कि इस योजना के अन्तर्गत घातक दुर्घटना में घायल व्यक्ति को दुर्घटना के उपरान्त एक घण्टे (गोल्डन ऑवर) के अन्दर अस्पताल पहुंचाने से घायल के जीवित रहने पर 25 हजार के पुरस्कार का प्राविधान है।

घातक दुर्घटना में बड़ी सर्जरी, न्यूनतम तीन दिन अस्पताल में रहना, मस्तिष्क की चोट, रीढ़ की हड्डी की चोट एवं इलाज के दौरान घायल की मौत सम्मिलित है।

एआरटीओ ने जानकारी दी कि हिट एण्ड रन मोटर दुर्घटना के पीड़ितों के लिये मुआवजा योजना-2022 के अन्तर्गत अज्ञात वाहन से घटित सड़क दुर्घटना में मृत्यु की दशा में रू0 2.00 लाख तथा गम्भीर रूप से घायल होने की दशा में रू0 50 हजार के मुआवजा का प्राविधान है। यातायात प्रभारी सत्येन्द्र कुमार ने भी सभी को सुरक्षित यातायात के नियम बताये।

# जनपद में हॉकी एस्ट्रोटर्फ का मैदान व सिंथेटिक ट्रेक बनवाने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला ओलंपिक संघ के अवैतनिक सचिव अवनीन्द्र कुमार ने खेल निर्देशक लखनऊ को जनपद में हॉकी एस्ट्रोटर्फ का मैदान तथा सिंथेटिक ट्रेक का मैदान बनवाने के संबंध में पत्र भेजकर मांग की है। जनपद के खिलाड़ियो की आवश्यकता को दृष्टिगत करते हुए पूर्व में शासन को ज्ञापन दिया गया था। निर्वतमान जिलाधिकारी द्वारा खेल के मैदानों के लिए जगह के चिन्हीकरण के लिए संबधित अधिकारीगणों को भी निर्देश दिया गया था, परन्तु जिला क्रीड़ा अधिकारी को मुख्यालय लखनऊ से संबद्ध कर देने के कारण अधिग्रहण व अन्य आगे की कार्यवाही नहीं हो सकी। जिला पिछड़ा होने के कारण जिसका सीध असर जनपद के हॉकी तथा एथलेटिक्स के खिलाड़ियों पर पड़ रहा है। राज्य, राष्ट्रीय तथा अतंराष्ट्रीय स्तर पर हॉकी खेल एस्ट्रोटर्फ के मैदान पर तथा एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं सिंथेटिक ट्रेक के मैदान पर खेली जा रही है और इसके विपरीत जनपद में दोनो ही खेलों के लिए मानकानुसार खेल के मैदान भी नहीं है। केन्द्र सरकार की खेलों को प्रोत्साहित करने की महत्वपूर्ण योजना खेलो इण्डिया के तहत जनपद के हॉकी खेल के लिए 30 खिलाड़ियों का हॉकी केम्प तो पिछले 4 वर्ष पूर्व से प्रारम्भ कर दिया, परन्तु मैदान न होने के कारण स्व0 ब्रहमदत्त द्विवेदी स्पोटर्स स्टेडियम फतेहगढ़ के एक कोने में घास में अभ्यास कराया जा रहा है। जिसका परिणाम यह है कि जनपद के हॉकी के खिलाड़ी अपने मण्डल के अन्य जनपदों के हॉकी खिलाड़ियों की तुलना में बहुत पिछड़े हुए है। ब्रहमदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में एक 6 लेन का मिट्टी का ट्रेक तो है, जगह की कमी के कारण मानकानुसार जनपद स्तरीय प्रतियोगितायें ठीक से नहीं हो पा रही है। जिस कारण बाहर की प्रतियोगिताओं में सर्वोच्च प्रदर्शन भी नहीं हो पा रहा है। अन्तराष्ट्रीय मानकों अनुसार सिंथेटिक ट्रेक पर आयोजित की जा रही है। मांग है कि जनपद में एथलेटिक्स खिलाडियों के लिए एक सिंथेटिक ट्रेक से सुसजित एक मैदान की आवश्यकता है। जिसे शीघ्र पूरा कराया जाये।

# चाइनीज मांझा बेंचने व प्रयोग करने वालों पर कार्यवाही की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फर्रुखाबाद विकास मंच जिला अध्यक्ष भईयन मिश्रा के नेतृत्व में चाइनीज मांझा के विरोध में नगर मजिस्ट्रेट संजय बंसल को ज्ञापन दिया गया। सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय भी उपस्थित रही। भईयन मिश्रा ने दिये गये ज्ञापन में कहा कि आए दिन लोग चाइनीज मांझा से कटकर घायल हो रहे हैं। पूर्व में भी कई बार इसको लेकर आवाज उठाई गई एवं आंदोलन किए गए पर स्थित जस की तस है, इसलिए आवश्यक है की ऐसी कार्रवाई की जाए की चाइनीज मांझा की बिक्री करने वालों के अंदर इतना भय पैदा हो कि वह इसको बेंचने की हिम्मत ना कर पाए।

सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय ने आश्वस्त किया की पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी जो भी चाइनीज मांझा की बिक्री करने वाला नेटवर्क है उसको खत्म किया जाएगा और लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष कोमल पांडे ने कहा कि एक हफ्ते के अंदर चाइनीज मांझा बंद न होने पर चौक पर धरना दिया जाएगा और जब तक चाइनीज मांझा बंद नहीं होगा तब तक हम लोग चैन से नहीं बैठेंगे। साथ ही चाइनीज मांझा विक्रेताओं एवं उड़ाने वालों पर कठोर कार्यवाही की मांग की है। इस दौरान निशित दुबे, आलोक मिश्रा, ओम निवास पाठक, सनी बाथम, रईस नवाब, लकी शुक्ला, राजा मिश्रा, पंकज राठौर, सागर गुप्ता, शिवेंद्र बाजपेई, प्रशांत मिश्रा, शिवदेव सिंह, कार्तिकेय शुक्ला, आयुष सक्सेना, नीरज दुबे, अफरोज आलम खान, विनय दीक्षित आदि मौजूद रहे।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन समिति के लोग

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने अपने छोटे पुत्र अक्षय यादव उर्फ मोहित के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है, उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे बड़े बेटे अजय यादव व बहू तथा परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **उमा देवी पत्नी स्व0 महिमा चन्द्र यादव निवासी ग्राम मिल्कसुल्तान शुकरुल्लापुर व हाल पता डिग्गीताल, जनपद-फर्रुखाबाद।**

# मेला श्रीराम नगरिया में भक्तों ने सुनी भगवान शिव, माता पार्वती की कथा



कथा का श्रवण कराते आचार्य अतुल अग्निहोत्री व आरती करते भक्तगण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अमर ज्योति सेवा संस्थान द्वारा आयोजित भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास अतुल अग्निहोत्री ने भगवान शिव और पार्वती की कथा सुनाई। पांचाल घाट मेला श्रीराम नगरिया में आयोजित कथा में तीसरे दिन कथाव्यास ने भगवान भोलेनाथ जब अगस्त ऋषी के यहां से माता पार्वती के साथ भगवान की कथा सुनकर वापस आ रहे थे, तो भगवान राम को देखकर जब शंकर जी ने प्रणाम किया, तो माता पार्वती को शंका हुई। जिसके परिणामस्वरुप माता सती को शरीर त्याग करना पड़ा एवं भगवान शंकर के विरह में महान कष्ट उठाने पड़े। इसलिए भगवान पर एवं उनके चरित्र पर कभी शंका नहीं करनी चाहिए। नहीं तो मनुष्य को अत्यंत कष्टों व दुखों का सामना करना पड़ेगा। भगवान पर अखण्ड विश्वास व श्रद्धा से मनुष्य उनकी भक्ति करके उन्हें सहज में ही प्राप्त कर सकता है। इस मौके पर प्रमोद कुमार तिवारी, स्वदेश त्रिवेदी, अनिलेश मिश्रा, विधुशेखर मिश्रा आदि भक्तगण मौजूद रहे और आरती उतारी गयी।

# आशा बहुओं के चल रहे धरना प्रदर्शन को भाकियू ने दिया समर्थन

- कई दिनों से मांगों को लेकर धरने पर बैठी आशा बहुएं



आशा बहुओं को समर्थन करते भाकियू नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर आशा वर्कर्स यूनियन के बैनर के तले आशा बहुओं के चल रहे धरना प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष अजय कटियार ने पहुंच कर संगठन की ओर से समर्थन दिया। और कहा कि हम इस मामले में राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ0 राकेश टिकैत और प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा को अवगत कराएंगे। उसके बाद इनकी प्रदेश स्तरीय मांगो का प्रदेश स्तर पर समर्थन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस भयंकर सर्दी में ज्यादातर लोग अपने अपने घरों में दुवक कर बैठे होंगे और यहां पर कड़ाके की सर्दी में हमारी बहने धरना दे रही है, इनकी जो मांगे जिला स्तरीय है उनको जिले के अधिकारियों को मानना चाहिए और प्रदेश स्तरीय मांगो को प्रदेश में भेजना चाहिए। जिससे इन बहने का भी घर चल सके और उन्होंने कहा कि इन बहनों को इनकी सैलरी देते समय जो धन उगाही होती है, वह बंद होनी चाहिए और हमारी मांग है कि कमालगंज में वीपीसीएम ह्रदेश कुमारी और फतेहगढ़ कार्यालय में राजीव पाठक बीसीपीएम कई वर्षो से जमे बैठे है, उनका ट्रांसफर अन्य जनपद किया जाए। जिससे इनके माध्यम से जो भ्रष्टाचार होता है उसमें रोक लगेगी। आगे का निर्णय हम राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ0 राकेश टिकैत से वार्ता के बाद लेंगे। इस अवसर पर मिथिलेश सिंह, सपना कटियार, जिला महासचिव अभय यादव, जिला सचिव पुजारी कटियार, अनीस सिंह, सोनू सोमवंशी, शिवराम शाक्य, अजीत सोमवंशी आदि मौजूद रहे।

# ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्राली पर कार्यवाही की मांग

**फर्रुखाबाद।** अमृतपुर मार्ग से गन्ने के ओवरलोड ट्रक राजेपुर मार्ग से रूपापुर चीनी मिल के लिए निकलते हैं। राजेपुर तिराहा मार्ग टूटा हुआ है जिससे ट्रक पलटने की आशंका बनी रहती है। प्रधानाचार्य अनिल सिंह ने जिलाधिकारी से मांग है कि ट्रकों का ओवरलोड कम किया जाए जिससे कोई बड़ी दुर्घटना ना हो। ओवरलोड करने वालों पर कार्यवाही की जाये।



## कार्यालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0/रा0)/वन बन्दोबस्त अधिकारी, फर्रुखाबाद

पत्रांकः 1993/ 14-1/ (व0वि0), फर्रुखाबाद | दिनांक-05/01/2026

**भारतीय वन अधिनियम-1927 की धारा 6 के अन्तर्गत की गयी घोषणा-**

भारतीय वन अधिनियम-1927 की धारा-4 के अधीन उत्तर प्रदेश सरकार ने विज्ञप्ति संख्या 7751/XIV दिनांक 07.01.1956 द्वारा घोषित किया गया कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लिखित भूमि को आरक्षित वन के रूप में गठित करने का विनिश्चित किया गया है।

अतः भारतीय वन अधिनियम-1927 की धारा-6 की आवश्यकता को पूरा करने के लिये यह घोषित किया जाता है कि नीचे लिखी भूमि के आरक्षित वन बन जाने से यह परिणाम होगा कि वन विभाग की आज्ञा या अनुमति बिना नीचे लिखे को इस क्षेत्र में नहीं किये जा सकते-:

1-किसी भूमि पर अधिकार करना।
2-आग लगाना, ले जाना या जलाना।
3-पशुओं को उन पर छोड़ना या चराना।
4-वृक्ष पातन (काटना) वृक्षों के पत्ते काटना, वृक्षों का चिरान करना, जलाना आदि या उनकी छाल उतारना।
5-पत्थर खोदना, चूना या कोयला जलाना आदि।
6-भूमि तोड़ना या सफाई करके खेती योग्य बनाना।
7-अवैध शिकार करना, मछली मारना, पानी में जहर डालना।
8-हाथी मारना या पकड़ना आदि।

इन कार्यो के करने वाले व्यक्ति को भारतीय वन अधिनियम-1927 की धारा-26 (1)(ए)(जे) के अधीन दण्डित किया जा सकता है।

सर्व साधारण को यह भी सूचना दी जाती है कि जो व्यक्ति भारतीय वन अधिनियम-1927 की धारा-8 और 5 में वर्णित किसी अधिकार पर अपना दावा समझता है तो वन बन्दोबस्त अधिकारी फर्रुखाबाद जिला, फर्रुखाबाद के सामने इस विज्ञप्ति की तारीख से 03 माह के अन्दर उपस्थित हो और अपना दावा प्रस्तुत करें या अपना दावा लिखित रूप में भेजें।

**अनुसूची**

| क्र0 सं0 | जिला | तहसील | परगना | ग्राम | गाटा संख्या | क्षेत्रफल (हे0 में) | सीमा विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | फर्रुखाबाद | सदर | फर्रुखाबाद | रमन्नागुलजार बाग | 127 | 0.3880 | उत्तर-सीमा आमिलपुर सीमा। दक्षिण-ग्राम रमन्नागुलजार बाग की कृषि भूमि। पूरब-ग्राम आमिलपुर सीमा एवं रमन्नागुलजार बाग की कृषि भूमि। पश्चिम-ग्राम रमन्नागुलजार बाग की कृषि भूमि। |
| 2 | | | | | 128 | 0.0970 | |
| 3 | | | | | 129 | 0.0700 | |
| 4 | | | | | 130 | 0.1600 | |
| 5 | | | | | 131क | 0.7560 | |
| 6 | | | | | 170 | 0.0970 | |
| 7 | | | | | 171 | 0.0650 | |
| 8 | | | | | 175 | 0.0320 | |
| 9 | | | | | 176 | 0.2230 | |
| 10 | | | | | 177 | 0.1660 | |
| 11 | | | | | 178क | 0.4820 | |
| 12 | | | | | 179 | 0.0500 | |
| 13 | | | | | 181 | 0.0610 | |
| 14 | | | | | 188 | 0.8030 | |
| 15 | | | | | 190 | 0.0850 | |
| 16 | | | | | 191 | 0.0400 | |
| 17 | | | | | 197 | 0.1250 | |
| 18 | | | | | 202 | 0.7440 | |
| 19 | | | | | 510क | 0.2820 | |
| 20 | | | | | 512क | 0.2540 | |
| 21 | | | | | 527 | 67.1300 | |
| 22 | | | | | 530ख | 59.8410 | |
| 23 | | | | | 536ड | 25.4550 | |
| 24 | | | | | 122/733 | 0.0160 | |
| | | | | | योग | 157.4220 | |

**वन बन्दोबस्त अधिकारी/ अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0रा0) फर्रुखाबाद**

# खानकाहे व दरगाहें मानवता का प्रतीकः सज्जादा नशीन

**...............तुर्जुमान है इंसानियत की...............**



दरगाह पर दुआ करते अकीदतमंद

- खानकाह मखदूम फतेहगढ़ में हजरत मौला अली व सय्यद शहाबुद्दीन का मनाया गया जन्मदिन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर की एतिहासिक व गंगा जमुनी तहज़ीब की मिसाल की लोको स्थिति दरगाह हज़रत मखदूम शाह सय्यद शहाबुद्दीन औलिया अलैहि रहमा में रजब उल मुरज्जब महीने की 16वीं शरीफ के मौके पर हज़रत मौला अली व सय्यद शहाबुद्दीन औलिया का जन्मदिन भी बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। दूर दराज से आए अकीदतमंदों ने अपने-अपने तरीके से फूल वा चादर पेश की और हज़रत मौला अली व सय्यद शहाबुद्दीन औलिया के जन्मदिन के मौके पर जायरीनों ने केक बतौर तबर्रुख पेश किया। वहीं विलादत हज़रत मौला अली और विलादत हज़रत सय्यद शहाबुद्दीन औलिया 13 रजब यानी शनिवार को खानकाह शरीफ में मुनक्किद हुई, नज़रों नियाज़ कर लंगर तकसीम किया, सोलहवीं शरीफके दिन जिसमें सभी मजहब के जायरीनों ने हाजिरी दी और अपनी अकीदत पेश की तथा लंगर भी तकसीम किया गया। दरगाह शरीफके सज्जादा नशीन व जानशीन ए हुजूर मोहब्बत शाह हज़रत पीरजादा शाह मोहम्मद वसीम उर्फमुहम्मद मियां ने कहा ये दरगाहें मानवता का प्रतीक और तर्जुमान है इंसानियत का। सूफी संतों ने सदैव अमन संदेश देने के साथ सभी धर्मो का सम्मान करने की शिक्षा दी है। आज सूफी संतो की शिक्षा से दूरी हमारे भाई चारगी को समाप्त कर रही है। हर दौर में औलिया-ए कराम ने अमन भाई चारगी का सन्देश इनके आस्ताने पे आने वालों को रूहानी फैज के साथ साथ इंसानियत का भी पैगाम मिलता है, सूफी संतों ने समाज से बुराइयों को मिटा कर एक साथ और सच्चे समाज की बुन्याद रख्खी है और चारों ओर मोहब्बत के हमेशा चिराग रोशन करते रहे। अलीगढ़ के मशहूर शायर यूसुफहातिफने हाले गेम दिल अपना रो रोके वही कहना हातिफ तेरे रहते है मखार मदीने में। शायर बिलाल शफीकी ने मेरे अली का जश्ने विलादत हरम में है, सारी फज़ीलतों की फजीलत हरम में है। इस मौके पर कव्वाली पढ़कर समा बांधा और कमालुद्दीन ने कलाम पेश किये। मौलाना शोयब आतिर, हाफिज फरहान, हाफिज अयान व आरिश साबरी, बिलाल साबरी ने कुरान पाक की तिलावत की। इस मौके पर मुहम्मद हनीफ उर्फ बबलू, हाजी अकरम, तनवीर खान, फहीम उर्फराजू, फजल अहमद, रफत हुसैन, मोवीन सबरी, राहुल, अंसार साबरी, आकाश, शिवम आदि मौजूद रहे।

# 12 जनवरी को विवेकानंद की जयंती पर कार्यक्रम का होगा आयोजन



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अमर ज्योति एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक कैंप कार्यालय में सम्पन्न हुई। आगामी 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती पर संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम की रुपरेखा बनायी गयी। बैठक में विभिन्न वक्ताओं ने जयंती पर होने वाले कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने के लिए प्रकाश डाला। संस्था महासचिव प्रमोद तिवारी ने कहा कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वामी की जयंती पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। सरकार भी स्वामी जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रुप में मनाती है। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती पर होने वाले समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता दुर्वासा आश्रम के मंहत ईश्वरदास ब्रह्मचारी करेंगे तथा मुख्य अतिथि के रुप में सेवानिवृत्त विशेष सचिव सुखदराम पाण्डेय, सलाहकार उ0प्र0/उत्तराखंड श्री रामकृष्ण विवेकानंद भाव प्रचार परिषद तथा विशिष्ट अतिथि समरनाथ निगम युवा प्रतिनिधि रामकृष्ण मठ लखनऊ, सुशील शाक्य विधायक अमृतपुर, जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गयी है। बैठक में अखिलेश दीक्षित, ओमवीर सिंह, स्वदेश त्रिवेदी, अनिलेश, मनीष सिंह, अनिल तिवारी, राकेश तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

# गोला मंडी परिसर में एसडीएम ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल






कंबल वितरण के बाद उपजिलाधिकारी ने चुनाव से जुड़े स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अभियान की प्रगति की समीक्षा भी की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य को गंभीरता से लिया जाए। घर-घर जाकर सत्यापन, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने और अपात्र नामों को हटाने की प्रक्रिया पारदर्शी ढंग से पूरी की जाए, जिससे आगामी चुनावों में किसी भी पात्र मतदाता को परेशानी न हो। इस दौरान अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि अभियान से संबंधित जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाए, ताकि लोग समय रहते अपने नाम मतदाता सूची में जुड़वाने या संशोधन कराने की प्रक्रिया पूरी कर सकें।कंबल वितरण पाने वालों में फातिमा पत्नी बादशाह, फूलमती पत्नी बाबूसिंह, बाबूसिंह पुत्र जंगबहादुर सिंह और बिस्मिल्लाह पत्नी जलालुद्दीन शामिल रहे। सभी लाभार्थियों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की और कहा कि ठंड के इस मौसम में कंबल मिलना उनके लिए बड़ी राहत है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की ओर से समय-समय पर किए जा रहे ऐसे राहत कार्यों से गरीब और जरूरतमंद वर्ग को काफी सहारा मिल रहा है। प्रशासन ने आगे भी ठंड के पूरे मौसम में राहत कार्य जारी रखने की बात कही है।

**गोला गोकर्णनाथ,लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।**

जनपद में लगातार बढ़ रही ठंड और शीतलहर के बीच प्रशासन ने राहत कार्यों की रफ्तार तेज कर दी है। इसी क्रम में मंगलवार को गोला मंडी परिसर में उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी द्वारा जरूरतमंद, असहाय और गरीब लोगों को कंबल वितरित किए गए। ठंड से जूझ रहे लोगों के लिए यह पहल बड़ी राहत बनकर सामने आई। कंबल मिलने के बाद जरूरतमंदों ने प्रशासन के प्रति आभार जताया। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान उपजिलाधिकारी ने

**▸ खुले स्थानों पर रह रहे लोगों की निगरानी के निर्देश, एसआई आर की प्रगति की ली जानकारी**

कहा कि शीतलहर के चलते सबसे अधिक परेशानी खुले में रहने वाले, बुजुर्गों, महिलाओं और कमजोर वर्ग के लोगों को होती है। प्रशासन का प्रयास है कि कोई भी जरूरतमंद ठंड के कारण प्रभावित न हो। इसके लिए नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार निगरानी की जा रही है और आवश्यकता के अनुसार कंबल, अलाव तथा अन्य राहत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

उन्होंने संबंधित विभागों और स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिए कि मंडी परिसर, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सड़क किनारे, सार्वजनिक भवनों और अन्य खुले स्थानों पर रह रहे जरूरतमंदों की पहचान कर तत्काल सहायता सुनिश्चित की जाए। साथ ही यह भी कहा कि रैन बसेरों और अस्थायी आश्रय स्थलों की व्यवस्थाओं को और बेहतर किया जाए, ताकि जरूरतमंद लोग सुरक्षित रूप से रात बिता सकें।

## बेसहारा बुजुर्ग मां के दर्द को सुनकर मदद के लिए आगे आए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि



**निघासन खीरी।** कपकपाती ठंड के बीच मानवता को झकझोर देने वाला दृश्य मंगलवार को निघासन ब्लॉक परिसर में देखने को मिला, जब क्षेत्र के गांव सुथना बरसोला निवासी एक बुजुर्ग बेसहारा महिला अपने विकलांग बेटे के लिए ट्राई साइकिल की गुहार लेकर ब्लॉक प्रमुख कार्यालय पहुंची।
बुजुर्ग महिला ने ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह को अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि वह कई बार समाज कल्याण विभाग दफ्तर के चक्कर लगा चुकी है, लेकिन हर बार उसे निराशा ही हाथ लगी। घर में केवल वह और उसका विकलांग बेटा हैं, जो पूरी तरह अपनी मां पर निर्भर है। उम्र के इस पड़ाव पर मां स्वयं सहारे की मोहताज हो चुकी है। महिला ने बताया कि गरीबी की हालत इतनी खराब है कि ठंड से बचने के लिए उसे दूसरों से मांगे गए कपड़े पहनने पड़ रहे हैं। उसकी एकमात्र मांग थी कि उसके बेटे को चलने-फिरने के लिए एक ट्राई साइकिल मिल जाए। बुजुर्ग महिला की दर्दभरी कहानी सुनकर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह भावुक हो उठे। उन्होंने तत्काल बाजार से गर्म सूट, शॉल और जूते मंगवाकर महिला को दिलवाए, साथ ही कपड़े सिलवाने के लिए आर्थिक सहायता भी प्रदान की। इसके बाद उन्होंने समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों को बुलाकर विकलांग युवक के लिए ट्राई साइकिल की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कराने के निर्देश दिए। इस मानवीय सहयोग से अभिभूत बुजुर्ग महिला की आंखों से आंसू छलक पड़े। उसने कहा, आज भी इंसानियत जिंदा है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि को आशीर्वाद देते हुए वह बस से अपने घर के लिए रवाना हो गई।

# चेयरमैन ने 50वें जन्मदिन पर जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**सिंगाही खीरी,समृद्धि न्यूज।**



नगर पंचायत सिंगाही, खीरी के चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम ने अपना 50वां जन्मदिन पूरी तरह समाजसेवा को समर्पित करते हुए मनाया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न वार्डों से आए असहाय, गरीब, बुजुर्ग, महिलाएं एवं जरूरतमंद परिवारों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच कंबल पाकर लोगों के चेहरों पर राहत और खुशी साफ झलकती नजर आई।

कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जरूरतमंद नागरिक मौजूद रहे। चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम ने स्वयं आगे बढ़कर प्रत्येक जरूरतमंद को कंबल भेंट किया और उनका हालचाल जाना। उन्होंने कहा कि ठंड के इस कठिन समय में जरूरतमंदों की सहायता करना नगर पंचायत की प्राथमिक जिम्मेदारी है। व्यक्तिगत खुशी के अवसर को जनसेवा में बदलना उनके लिए गर्व की बात है।

शीतलहर के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए नगर पंचायत द्वारा पूरे नगर क्षेत्र में अलाव जलाने की व्यवस्था भी लगातार कराई जा रही है। प्रमुख चौराहों, बाजारों एवं आवागमन वाले स्थानों पर जल रहे अलाव से रात के समय मजदूरों, रिक्शा चालकों, राहगीरों और बेसहारा लोगों को काफी राहत मिल रही है। कंबल वितरण के साथ-साथ अलाव की यह व्यवस्था ठंड से जूझ रहे गरीबों के लिए सहारा बनी हुई है।

चेयरमैन की इस पहल की स्थानीय नागरिकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मुक्तकंठ से सराहना की। लोगों का कहना है कि जब जनप्रतिनिधि स्वयं जमीन पर उतरकर जरूरतमंदों के बीच पहुंचता है, तो शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत होता है। कंबल और अलाव की सुविधा पाकर गरीबों व बेसहारा लोगों ने चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम को दिल से दुआएं दीं।

## मनरेगा बचाओ संग्राम की जिला को-आर्डिनेटर बनीं शिप्रा अवस्थी

**लखीमपुर-खीरी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान को उत्तर प्रदेश में प्रभावी बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने संगठनात्मक स्तर पर अहम कदम उठाया है। इसी क्रम में लखीमपुर-खीरी जनपद की वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री शिप्रा अवस्थी को इस अभियान का जिला को-आर्डिनेटर नियुक्त किया गया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, प्रदेश के सभी जनपदों में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटियों के सहयोग हेतु वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस पहल का उद्देश्य केंद्र व प्रदेश सरकार की नीतियों के चलते कमजोर पड़ रही मनरेगा योजना को बचाने के लिए व्यापक जन-आंदोलन खड़ा करना है।

# खनन पट्टा आवंटन के विरोध में किसानों का धरना जारी

**सिंगाही खीरी,समृद्धि न्यूज।**



सिंगाही थाना क्षेत्र अंतर्गत मांझा गांव के पास बह रहे जोरहा नाले पर खनन विभाग द्वारा खनन पट्टा आवंटित किए जाने के विरोध में किसानों का धरना लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा। कड़ाके की ठंड के बावजूद किसान और सिख संगठनों से जुड़े लोग नाले के किनारे टेंट लगाकर धरने पर डटे हुए हैं।

धरनारत किसानों का कहना है कि जोरहा नाला क्षेत्र कृषि भूमि, पर्यावरण और जल स्रोतों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां खनन होने से किसानों की फसलें, खेतों की उर्वरता तथा आसपास के गांवों को भारी नुकसान पहुंच सकता है। इसी आशंका को लेकर किसान खनन पट्टा निरस्त किए जाने की मांग कर रहे हैं। धरने में शामिल किसान नेता परमजीत सिंह पम्मी ने बताया कि भीषण ठंड और प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद किसान शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासन या खनन विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर पहुंचकर किसानों की बात सुनने नहीं आया है। उन्होंने प्रशासन पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया। परमजीत सिंह पम्मी ने चेतावनी दी कि यदि जोरहा नाले पर आवंटित खनन पट्टा तत्काल निरस्त नहीं किया गया और किसानों की जायज मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया, तो किसान संगठन और सिख समाज मिलकर बड़ा चक्का जाम एवं उग्र आंदोलन शुरू करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में पुरुषों के साथ महिलाएं और बच्चे भी मौजूद हैं, जिससे आंदोलन को व्यापक समर्थन मिल रहा है। वहीं प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस आश्वासन न मिलने से किसानों में रोष व्याप्त है। इस दौरान निघासन ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अमनदीप सिंह भी धरना स्थल पर पहुंचे और किसानों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि प्रशासन का कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर आकर समस्या का समाधान करे और खनन पट्टा निरस्त किया जाए। उन्होंने बताया कि पहले ही कुछ लोगों के घर बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं, ऐसे में खनन होने से भविष्य में और भी गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

## उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य 7 जनवरी को करेंगी महिला जनसुनवाई

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी द्वारा जनपद लखीमपुर खीरी में 07 जनवरी 2026 को महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। यह जनसुनवाई कलेक्ट्रेट सभागार में पूर्वान्ह 11:00 बजे से प्रारंभ होगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश कुमार भार्गव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस जनसुनवाई का उद्देश्य महिला उत्पीड़न की रोकथाम करना तथा पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाना है।
महिला आयोग की सदस्य द्वारा प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुना जाएगा और उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा।
महिला जनसुनवाई के दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं महिला थानाध्यक्ष उपस्थित रहेंगे, जिससे शिकायतों पर तुरंत आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# इंडो-नेपाल टोंग-इल-मू-डो ओपन चैंपियनशिप में उन्नति श्रीवास्तव ने किया शानदार प्रदर्शन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



भारत और नेपाल के बीच खेल मैत्री और सांस्कृतिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से आयोजित इंडो-नेपाल टोंग-इल-मू-डो ओपन मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप-2026 का आयोजन नेपाल के धनगढ़ी (जनपद कैलाली) में 3 से 5 जनवरी तक किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में लखीमपुर खीरी की ला मैटिना स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा उन्नति श्रीवास्तव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया। उन्नति श्रीवास्तव, पुत्री विवेक श्रीवास्तव, निवासी मोहल्ला काशी नगर, ने कड़े मुकाबलों में दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। उसकी इस उपलब्धि से न केवल उसके परिवार बल्कि पूरे जनपद में खुशी और गर्व का माहौल है।

उन्नति ने यह सफलता टीम कोच सौरभ राज, टीम मैनेजर विवेक जायसवाल एवं इंडिया चीफ जितेंद्र कुमार के कुशल निर्देशन में हासिल की। प्रशिक्षकों के अनुसार उन्नति में शुरू से ही अनुशासन, निरंतर अभ्यास और जीत की ललक रही है, जो उसकी इस उपलब्धि का प्रमुख कारण बनी। नेपाल से सिल्वर मेडल जीतकर वापस लौटने पर उन्नति श्रीवास्तव का रेलवे स्टेशन पर ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर जयघोष के साथ उसका अभिनंदन किया। इसके बाद काशी नगर में बैंड-बाजे, पटाखों और उत्साहपूर्ण नारों के बीच जीत का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों, समाजसेवियों, शिक्षकों एवं खेल प्रेमियों ने उन्नति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह भविष्य में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत और लखीमपुर खीरी का नाम और ऊंचा करेगी। उन्नति की यह सफलता क्षेत्र के अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनी है।

# दुधवा टाइगर रिजर्व में रसेल वाइपर का सफल रेस्क्यू

**पलिया खीरी, समृद्धि न्यूज**



दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी अंतर्गत दुधवा बाघ संरक्षण फाउंडेशन के तहत कार्यरत मोटीवेटर नाजरुन निशा द्वारा मानव-वन्य जीव संघर्ष से बचाव एवं वन तथा वन्य जीवों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से निरंतर कार्य किया जा रहा है। उनके दायित्वों में क्षेत्र में विभिन्न जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन तथा ईको विकास समितियों से जुड़े कार्यों का संपादन शामिल है।

इसी क्रम में पलिया क्षेत्र के अजीतनगर गांव से सर्प दिखाई देने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही मोटीवेटर नाजरुन निशा मौके पर पहुंचीं और टीम के सहयोग से सफल सर्प रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। रेस्क्यू किए गए सर्प की पहचान रसेल वाइपर के रूप में हुई, जो कि अत्यंत विषैला और खतरनाक सर्प माना जाता है। समय रहते किए गए इस रेस्क्यू से ग्रामीणों में दहशत की स्थिति टल गई और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। रेस्क्यू के उपरांत सर्प को सुरक्षित रूप से उसके प्राकृतिक वास स्थल में छोड़ दिया गया। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों से अपील की गई कि वन्य जीव या सर्प दिखाई देने की स्थिति में स्वयं कोई जोखिम न उठाएं, बल्कि तत्काल वन विभाग या संबंधित रेस्क्यू टीम को सूचना दें।

# नशे की हालत में वाहन न चलाने की दी हिदायत

**▸ नोडल सड़क सुरक्षा शिक्षकों के प्रशिक्षण का आयोजन**

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के पाँचवें दिवस आदर्श बजरंग इंटर कालेज बांदा में मंडलीय मास्टर ट्रेनर / समन्वयक (सड़क सुरक्षा) डा. पीयूष मिश्रा के नेतृत्व में जनपद के माध्यमिक शिक्षा विभाग के कालेज / विद्यालयों से आए हुए नोडल सड़क सुरक्षा शिक्षकों का प्रशिक्षण दिलाया गया। इस अवसर पर एनसीसी के कैडेट्स को विशेष रूप से जनपद बांदा के यातायात व्यवस्था में सुधार हेतु डा. मिश्रा द्वारा प्रशिक्षित किया गया। विशिष्ट अतिथि संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन सौरभ कुमार द्वारा उपस्थित नोडल शिक्षकों एवं एनसीसी कैडेट्स को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने हेतु प्रहरी बनकर नेतृत्व देने की बात कही साथ ही अपेक्षा की कि शिक्षक समाज का आईना होते हैं इस महत्वपूर्ण विषय में अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए इस अभियान को सफल बनाने में मदद करेंगे। मंडलीय मास्टर ट्रेनर समन्वयक डॉ पीयूष मिश्रा ने अतरराष्ट्रीय एव राष्ट्रीय आंकड़ों के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन करते हुए शिक्षकों को समाज में छात्रों का सहयोग लेते हुए दुर्घटनाओ में कमी लाने हेतु एक कडी बनाने का लक्ष्य दिया साथ ही एक नेक मददगार बन समाज में अग्रणी भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया तथा अपेक्षा की कि इस अभियान को आज से अपने घर से शुरू करेंगे। परिवहन विभाग से एआरटीओ श्री गुलाब चन्द्र ने स्कूली वाहनों के फिटनेस एवं निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाने एवं समय-समय पर ड्राइवर के नेत्रों के परीक्षण की अनिवार्यता पर बल दिया।

# भीषण ठंड से राहत के लिए पालिकाध्यक्ष ने बांटे कंबल



**अतर्रा/बांदा समृद्धि न्यूज।**

भीषण ठंड से राहत पहुंचाने के लिए पालिका अध्यक्ष संगीता निराला ने गरीबों को कम्बल वितरण कर एक सैकड़ा लोगों को राहत पहुंचाई। कम्बल पाकर लोगों के चेहरों में मुस्कान दिखी। भीषण ठंड व गलन से गरीबों को राहत पहुंचाने के लिए पालिका प्रशासन पूरी तरह से कमर कस्ता दिख रहा है पालिका अध्यक्ष संगीता निराला अपनी टीम के साथ वार्ड वार्ड भ्रमण कर गरीबों को कम्बल वितरण कर लोगों को राहत पहुंचाने में लगी हुई है मंगलवार को पालिका अध्यक्ष निराला ने सभासद वह विधायक प्रतिनिधि राज किशोर बाजपेई हरि ओम त्रिपाठी सभासद सरिता द्विवेदी के साथ लखन कॉलोनी ब्रह्म नगर सहित वार्डन का भ्रमण कर गरीबों को कम्बल वितरण कर राहत पहुंचाई।

# तीन अन्तर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा जनपद बांदा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन ईगल के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा शिवराज के निकट पर्यवेक्षण व सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक के नेतृत्व में थाना मटौंध पुलिस टीम द्वारा अन्तर्राज्यीय अवैध गांजा तस्करों को महोखर बाइपास के पास से किया गया गिरफ्तार । गौरतलब हो कि 5 जनवरी 26 को देर रात्रि थाना मटौंध पुलिस गश्त व संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग के दौरान महोखर बाइपास के पास से 03 को गिरफ्तार कर लिया गया । अभियुक्तों के कब्जे से 15 किलो 176 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद हुआ है। अभियुक्त उड़ीसा से बिहार व मध्य प्रदेश के रास्ते से अवैध सूखे गांजे लाकर बांदा और आसपास के जनपदों में इसकी सप्लाई करते थे। उपरोक्त तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है तथा पुलिस द्वारा पूंछताछ करते हुए जानकारी की जा रही है कि अभियुक्तों के द्वारा किसके माध्यम से गांजे की खरीद/बिक्री की जाती थी, जानकारी होने पर इन सभी के खिलाफ भी विधिक कार्यवाही की जाएगी। गिरफ्तार अभियुक्तों में बुसभ केतकी पुत्र खुशी राम केतकी निवासी कंध वहाल थाना कांताबांझी जनपद बोलंगीर (उडीसा), किस्मत केतकी पुत्र खिरो केतकी निवासी कंध वहाल थाना कांताबांझी जनपद बोलंगीर (उडीसा), रितेश भोई पुत्र टीके चन भोई निवासी वार्ड 18 राजीव नगर थाना टाउन बोलंगीर जनपद बोलंगीर (उडीसा) है।

# दहेज की मांग को लेकर विवाहिता से की मारपीट, एफआईआर दर्ज

**जसपुरा बांदा, समृद्धि न्यूज।**

जसपुरा थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने पति समेत ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग को लेकर मारपीट और प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जसपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम झंझरीपुरवा निवासी रश्मी पुत्री बीरपाल का विवाह 26 अप्रैल 2024 को पैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम शिवपाल डेरा मजरा खप्टिहा कला निवासी आनंद निषाद के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। पीड़िता के अनुसार, विवाह में उसके पिता ने लगभग चार लाख रुपये का दान-दहेज दिया था, जिसमें नकद रुपये, गृहस्थी का सामान, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और जेवरात शामिल थे।

आरोप है कि विवाह के कुछ समय बाद ही पति आनंद, सास नीता, ससुर जगदीश और ननद पूनम दहेज से संतुष्ट नहीं हुए और दो लाख रुपये नकद व अपाचे मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर पीड़िता को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। पीड़िता ने बताया कि विवाह के बाद उसका पति उसे सूरत ले गया, जहां भी दहेज की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की जाती रही।

# बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को मिली मृत्युदण्ड की सजा

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**



महिला सुरक्षा एवं अपराध नियंत्रण के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के क्रम में तथा शासन द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान एवं ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत जनपद बांदा पुलिस को एक बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।

थाना कालिंजर क्षेत्र अंतर्गत 06 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ जघन्य दुष्कर्म की घटना में संलिप्त अभियुक्त को न केवल त्वरित पुलिस कार्रवाई में गिरफ्तार किया गया, बल्कि प्रभावी विवेचना, वैज्ञानिक साक्ष्यों के संकलन एवं सशक्त अभियोजन के फलस्वरूप 55 दिन में माननीय न्यायालय द्वारा मृत्युदण्ड एवं 25,000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया घटना 25 जुलाई 25 की है, जब थाना कालिंजर क्षेत्र निवासी पूर्व परिचित अभियुक्त अमित पुत्र बाबू निवासी महोरछा थाना कालिंजर जनपद बांदा द्वारा 06 वर्षीय बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया तथा बच्ची को गंभीर अवस्था में छोड़कर अभियुक्त फरार हो गया। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस द्वारा तत्काल बच्ची को चिकित्सकीय उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया गया। पीड़ित बच्ची के पिता की तहरीर पर थाना कालिंजर में सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया था । पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल द्वारा अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना कालिंजर व एसओजी सहित कई टीमों का गठन किया गया था।

# घने कोहरे ने ली जान, नाले में गिरने से अधेड़ की मौत

**पैलानी बांदा, समृद्धि न्यूज।**

चिल्ला थाना क्षेत्र में घने कोहरे और कड़ाके की ठंड के बीच हुए दर्दनाक हादसे में एक अधेड़ की नाले में गिरने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।थाना चिल्ला क्षेत्र के ग्राम महेंदू निवासी घनश्याम कुशवाहा (45) पुत्र कामता प्रसाद मंगलवार शाम करीब 7:30 बजे साइकिल से सरसों का तेल पिराने के लिए छेरहुटा गांव गए थे, जो उनके गांव से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर है। काम निपटाकर वापस लौटते समय रास्ते में घना कोहरा छाया हुआ था। अत्यधिक ठंड और कम दृश्यता के कारण उनका संतुलन बिगड़ गया और वह पानी से भरे नाले में गिर पड़े। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। इसी दौरान राहगीरों से सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे, जहां नाले में उनका शव मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए बांदा भेज दिया। थाना प्रभारी अनूप दुबे ने बताया कि प्रारंभिक जांच में मामला पूरी तरह दुर्घटनावश प्रतीत हो रहा है। मौके पर कानून व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है।

## ठंड-भूख से गौवंश ने तोड़ा दम, एसडीए को सौंपा ज्ञापन

अतर्रा/बांदा। गौशाला में ठंड भूख व इलाज के अभाव में दम तोड़ रही गायों के विरोध में ग्रामीणों ने तहसील में नारेबाजी व प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी ज्ञापन सौंपा है। जिस पर उप जिलाधिकारी द्वारा जांच कर कार्रवाई के आश्वासन पर आक्रोश हुआ शांत। भीषण ठंड हुआ गलत गांव वंश के लिए इन दोनों काल साबित हो रहा है भाई दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र में सचिव वह प्रधान की उदासीनता भी सामने आ रही है मंगलवार को बदौसा क्षेत्र अंतर्गत बंगाली पुरवा के घूड़ा पुरवा मैं चल रही गौशाला में उदासीनता के चलते उपचार व ठंड से दम तोड़ रही गायों की घटना से आक्रोशित होकर सैकड़ो की संख्या में स्थानीय ग्रामीण तहसील पहुंचे और उप जिलाधिकारी कार्यालय में घंटा गौ हत्या बंद हो गाय हमारी माता है के नारों के साथ लोगों ने हंगामा काटा लगभग एक घंटे चल प्रदर्शन के बाद उप जिलाधिकारी राहुल द्विवेदी पहुंचे और लोगों को तत्काल जांच कर कार्रवाई का शासन देते हुए शांत कराया।